3 राजधानी
दिल्ली दंगों में नौ को मिली सजा

6 अभिमत
नैनो उर्वरक से घटेगी सब्सिडी

10 विदेश
लेखिका के यौन उत्पीड़न में ट्रंप दोषी

12 स्पोर्ट्स
चेन्नई सुपर किंग्स ने दिल्ली कैपिटल्स को हराया

RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 11 अंक 184
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 11 मई, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



37 देशों में रिलीज होगी द केरल स्टोरी
राष्ट्रीय-11

# एग्जिट पोल में कांग्रेस को बढ़त का अनुमान

## कर्नाटक चुनावः 72 प्रतिशत मतदान, त्रिशंकु विधानसभा में किंगमेकर की भूमिका निभा सकता है जद-एस

● 224 विधानसभा क्षेत्रों में मतदान शांतिपूर्ण रहा, 13 मई को आएगा चुनाव परिणाम

**पीएनएस/एजेंसी।** नई दिल्ली/बेंगलुरु

**कर्नाटक** विधानसभा में बुधवार को करीब 72 फीसदी मतदान हुआ। यहां पर सत्तारूढ़ भाजपा, पूरे दमखम से चुनाव लड़ रही कांग्रेस तथा जद-एस के बीच त्रिकोणीय मुकाबला है। त्रिशंकु विधानसभा की स्थिति में जद-एस को किंगमेकर की भूमिका निभाने की उम्मीद है। कई चुनाव विशेषज्ञों ने भविष्यवाणी की है कि कर्नाटक की त्रिशंकु विधानसभा में कांग्रेस को बढ़त मिल सकती है, वहीं कुछ का कहना है कि कांग्रेस अपने दम पर बहुमत हासिल कर सकती है।

224 सदस्यीय विधानसभा में वोटों की गिनती 13 मई को होगी। चुनाव आयोग ने 224 विधानसभा क्षेत्रों में मतदान शांतिपूर्ण रहा तथा 58,545 मतदान केंद्रों में से किसी पर भी पुनर्मतदान के संकेत नहीं है। कुछ क्षेत्रों में हिंसा की खबरें आई हैं, जिसमें एक चुनाव अधिकारी से ग्रामीणों द्वारा धक्कामुक्की की घटना शामिल है। देर रात उपलब्ध नतीनतम आंकड़ों के मुताबिक 72 फीसदी मतदान होने की खबर है। चुनाव आयोग ने कहा कि अंतिम आंकड़े बृहस्पतिवार तक आएंगे। कर्नाटक में 2018 के विधानसभा चुनाव में 72.36 फीसदी मतदान हुआ था, जिसमें त्रिशंकु विधानसभा बनी थी और 104 सीटों के साथ भाजपा अकेली सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी थी, जो बहुमत से थोड़ा ही कम था। मोदी के विजयरथ पर सवार भाजपा 38 साल पुरानी इस परंपरा को तोड़ना चाह रही है, जिसमें सत्तारूढ़ पार्टी को लगातार दूसरा कार्यकाल नहीं मिला है।

कांग्रेस नैतिक बल बढ़ाने वाली जीत की उम्मीद कर रही है, जिससे कि 2024 लोकसभा चुनाव में मुख्य विपक्षी दल की भूमिका निभाने की उसकी मुहिम को गति मिल सके। वहीं कर्नाटक विधानसभा चुनाव के लिए बुधवार को मतदान के बाद आए ज्यादातर चुनाव बाद सर्वेक्षणों (एग्जिट पोल) में कांग्रेस के सबसे बड़े दल के तौर पर उभरने का अनुमान लगाया गया है। जी न्यूज और मैट्रिज एग्जिट पोल में कांग्रेस को 41 प्रतिशत मतों के साथ 103 से 118 सीटें मिलने का अनुमान लगाया गया है। इसके मुताबिक, भारतीय जनता पार्टी को 36 प्रतिशत मतों के साथ 79 से 94 सीटें मिलने का अनुमान है तथा जनता दल (सेक्युलर) को 17 प्रतिशत मतों के साथ 25 (शेष पेज 9)



बेंगलुरु में बुधवार को एक मतदान केंद्र पर अपनी बारी की प्रतीक्षा करते मतदाता

### स्वार व छानबे विस सीटों पर कम रहा मतदान प्रतिशत

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश, पंजाब, ओडिशा और मेघालय में बुधवार को उपचुनाव हुए। इनमें पूर्वोत्तर राज्य मेघालय में 90 फीसदी से ज्यादा मतदान दर्ज किया गया है। उत्तर प्रदेश की दो और मेघालय तथा ओडिशा की एक-एक विधानसभा सीट पर उपचुनाव हुआ है जबकि पंजाब में जालंधर लोकसभा सीट पर उपचुनाव के लिए मतदान हुआ। निर्वाचन आयोग द्वारा रात नौ बजे जारी आंकड़ों के मुताबिक, जालंधर लोकसभा सीट पर 54 प्रतिशत वोट पड़े जबकि उत्तर प्रदेश की स्वार और छानबे विधानसभा सीटों पर क्रमश: 44.95 और 39.51% वोट पड़े। वहीं ओडिशा की झारसुगुडा विधानसभा सीट पर 68.12 और मेघालय की सोहियोंग विधानसभा सीट पर 91.87% (शेष पेज 9)

# आतंकियों के खिलाफ राजस्थान सरकार का रुख नरम : मोदी

● कहा- पांच वर्षों से राजस्थान में राजनीतिक लड़ाई का भद्दा रूप देखा गया

**पीएनएस/एजेंसी।** आबूरोड (राजस्थान)

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने बुधवार को राजस्थान की कांग्रेस सरकार पर तुष्टिकरण की नीति और आतंकवादियों के खिलाफ नरम रूख अपनाने का आरोप लगाया और कहा कि पार्टी ने दशकों तक जिस प्रकार की राजनीति की है उसमें दलित, पिछड़े एवं आदिवासी समाज का सबसे अधिक अहित हुआ है। इसके साथ ही मोदी ने राजस्थान में कांग्रेस की अंदरूनी कलह पर कटाक्ष करते हुए कहा कि यहां मुख्यमंत्री को अपने विधायकों पर और विधायकों को अपने मुख्यमंत्री पर भी भरोसा नहीं है। उन्होंने कहा कि पिछले पांच वर्षों से राजस्थान में राजनीतिक लड़ाई का भद्दा रूप देखा गया है। प्रधानमंत्री मोदी यहां भारतीय जनता पार्टी की एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे। जयपुर शहर में 2008 में हुए सीरियल बम धमाकों का जिक्र करते हुए मोदी ने आरोप लगाया कि राज्य सरकार ने मामले में मजबूती से पैरवी नहीं की जिससे आरोपी बरी हो गए। इन धमाकों में 71 लोगों की जान चली गई थी और 185 अन्य घायल हो गए थे।

प्रधानमंत्री ने कहा, दो दिन बाद 13 मई को जयपुर बम धमाकों की बरसी है। जयपुर धमाका कर आतंकियों ने हमसे अनेक परिजन छीन लिए, आज भी उनके परिवार इस उम्मीद के साथ जी रहे हैं कि एक न एक दिन उन्हें न्याय मिलेगा लेकिन कांग्रेस सरकार ने वही किया, जिसके लिए वह कुख्यात रही है, उसका इतिहास-कारनामे कुख्यात रहे हैं। उन्होंने कहा, कांग्रेस ने तुष्टिकरण के लिए हमेशा आतंकियों पर नरम रुख अपनाया है, कांग्रेस आतंकी विचारधारा के (शेष पेज 9)



राजस्थान के आबूरोड में एक रैली को संबोधित करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

### जून में अमेरिका यात्रा पर जाएंगे प्रधानमंत्री

**वाशिंगटन/नई दिल्ली।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जून में होने वाली अमेरिका की आधिकारिक यात्रा के दौरान उनकी मेजबानी करेंगे। व्हाइट हाउस की तरफ से बताया गया कि प्रधानमंत्री मोदी के सम्मान में 22 जून को राजकीय रात्रि भोज भी आयोजित किया जाएगा। इससे पहले पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा ने तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को नवंबर 2009 में आधिकारिक यात्रा पर आमंत्रित किया था।

# एकनाथ शिंदे मुख्यमंत्री पद पर बने रहेंगेः देवेंद्र फडणवीस

**भाषा।** मुंबई

**महाराष्ट्र के** उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बुधवार को कहा कि एकनाथ शिंदे राज्य के मुख्यमंत्री बने रहेंगे और अगला चुनाव उनके नेतृत्व में लड़ा जाएगा। फडणवीस की यह टिप्पणी उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना के खिलाफ शिंदे के विद्रोह के कारण 2022 शिवसेना-केंद्रित राजनीतिक संकट से संबंधित याचिकाओं पर उच्चतम न्यायालय के फैसले से एक दिन पहले राज्य में राजनीतिक अटकलों के बीच आई है।

यह पूछे जाने पर कि क्या उनके खेमे के 16 विधायकों की अयोग्यता के संबंध में प्रतिकूल फैसले की स्थिति में शिंदे अपने पद से हट जाएंगे, फडणवीस ने कहा कि इस चर्चा का कोई मतलब नहीं है। फडणवीस ने कहा, ...मैं आपको बता रहा हूं कि एकनाथ शिंदे मुख्यमंत्री बने रहेंगे और हम उनके नेतृत्व में अगला चुनाव लड़ेंगे। शिंदे क्यों सौंपेंगे इस्तीफा? किसी तरह के कयास लगाने की जरूरत नहीं है...। दूसरी ओर विपक्षी गठबंधन महाविकास आघाड़ी (एमवीए) ने कहा कि इससे स्पष्ट हो जाएगा कि देश में लोकतंत्र है या नहीं और क्या न्यायपालिका स्वतंत्र रूप से निर्णय ले रही है। वहीं, दूसरी ओर शिवसेना प्रवक्ता और पार्टी विधायक संजय शिरसाट ने कहा, हमने नतीजे देखे हैं...निर्वाचन आयोग ने हमें पार्टी का नाम और चिह्न दिया तथा हमने इसी के साथ पहला चरण पार कर लिया।

पिछले साल जून में शिंदे और 39 विधायकों ने अविभाजित शिवसेना के नेतृत्व के खिलाफ बगावत कर दी थी, जिससे पार्टी विभाजित हो गई और राज्य में एमवीए सरकार गिर गई। बाद मे, शिंदे ने भाजपा के साथ गठजोड़ कर राज्य में सरकार बना ली। शिवसेना नीत एमवीए सरकार में कांग्रेस और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) भी शामिल थी। राकांपा प्रवक्ता महेश तापसे ने कहा कि यह फैसला न्यायपालिका और संविधान के लिए महत्वपूर्ण होगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि फैसला संविधान को मजबूत करेगा।

### महाराष्ट्र के राजनीतिक संकट पर सुप्रीम कोर्ट का अहम फैसला आज

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**महाराष्ट्र** में पिछले साल उपजे राजनीतिक संकट को लेकर शिवसेना के उद्धव ठाकरे और एकनाथ शिंदे धड़े की दोतरफा याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट बृहस्पतिवार को फैसला सुनाएगा। शिवसेना को लेकर हुई खींचतान के कारण उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली तत्कालीन महा विकास आघाड़ी (एमवीए) गठबंधन सरकार गिर गई थी। शीर्ष अदालत की वेबसाइट पर प्रकाशित वाद सूची के अनुसार, न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ इस मामले में फैसला सुनाएंगे। संविधान पीठ में न्यायमूर्ति एम. आर. शाह, न्यायमूर्ति कृष्ण मुरारी, न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति पी.एस. नरसिम्हा भी शामिल हैं। संविधान पीठ ने 16 मार्च, 2023 को संबंधित याचिकाओं पर सुनवाई पूरी करने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। इस मामले में अंतिम सुनवाई 21 फरवरी को शुरू हुई थी और नौ दिनों तक दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद फैसला सुरक्षित (शेष पेज 9)

# केरल में मरीज ने महिला डॉक्टर की हत्या की

● मारपीट में जख्मी आरोपी ने इलाज के दौरान सर्जिकल ब्लेड से किया हमला, पुलिसकर्मी भी घायल, हाईकोर्ट ने जताई चिंता

**एजेंसी।** कोल्लम/तिरुवनंतपुरम

**केरल** के कोल्लम जिले में कोट्टारक्कारा के एक तालुक अस्पताल में इलाज के लिए लाए गए एक निलंबित स्कूल शिक्षक ने बुधवार को उसके घाव की मरहम-पट्टी कर रही 23 वर्षीय एक महिला डॉक्टर पर कथित रूप से सर्जरी में इस्तेमाल होने वाले ब्लेड से हमला कर उसकी हत्या कर दी। आरोपी व्यक्ति को परिवार के सदस्यों के साथ मारपीट में घायल होने के बाद पुलिस अस्पताल ले कर आई थी। युवा डॉक्टर की हत्या से निराश केरल उच्च न्यायालय ने कहा कि यह घटना पुलिस और सरकार की विफलता का परिणाम है। सरकार और पुलिस के प्रति नाराजगी जाहिर करते हुए उच्च न्यायालय की पीठ ने कहा कि यह डॉक्टरों की सुरक्षा को लेकर उनकी 'नाकामी' को दर्शाता है।

कोट्टारक्कारा पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि आरोपी की पहचान संदीप के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि अस्पताल में जब डॉक्टर वंदना दास, आरोपी के पैर के घाव की (शेष पेज 9)



मृतक डॉक्टर का फाइल चित्र

### एनसीएलटी ने गो फर्स्ट की अर्जी को स्वीकार किया

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**राष्ट्रीय** कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) ने बुधवार को ऋण शोधन कार्यवाही शुरू करने को लेकर स्वेच्छा से दायर गो फर्स्ट की याचिका स्वीकार कर ली। इसके साथ ही एनसीएलटी के अध्यक्ष न्यायमूर्ति रामलिंगम सुधाकर तथा एलएन गुप्ता की पीठ ने कर्ज में फंसी कंपनी को चलाने के लिए अभिलाष लाल को अंतरिम समाधान पेशेवर (आईआरपी) नियुक्त किया है। पीठ ने कंपनी को किसी प्रकार की कानूनी कार्रवाई से संरक्षण भी दिया और ऋण शोधन कार्यवाही के दौरान उसे चलाने के लिए निलंबित निदेशक मंडल से समाधान पेशेवर की मदद करने को कहा। न्यायाधिकरण ने ऋण शोधन प्रक्रिया के लिए तात्कालिक खर्च को लेकर कंपनी को समाधान पेशेवर को पांच करोड़ रुपए भी देने को कहा। इसके अलावा, एनसीएलटी ने कंपनी को परिचालन में बनाए रखने और वित्तीय बाध्यताओं को पूरा करने के साथ किसी भी कर्मचारी की छंटनी नहीं करने को कहा है।

# कोर्ट ने इमरान को आठ दिन के रिमांड पर भेजा



● पूर्व प्रधानमंत्री तोशाखाना मामले में आरोपी बनाए गए, हिंसक प्रदर्शनों से निपटने को सेना तैनात

**एजेंसी।** इस्लामाबाद

**पाकिस्तान** की भ्रष्टाचार रोधी अदालत ने बुधवार को पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को आठ दिन के लिए राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो (एनएबी) की आठ दिन की रिमांड में भेज दिया है। दूसरी ओर तोशखाना भ्रष्टाचार मामले में सत्र अदालत ने इमरान को आरोपित किया है। ज्ञात रहे कि एनएबी के आदेश पर मंगलवार को अर्द्धसैनिक बल ने इस्लामाबाद उच्च न्यायालय के एक कक्ष में घुस कर पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के अध्यक्ष खान को गिरफ्तार किया था। अदालत में सुनवाई के दौरान इमरान खान ने कहा कि उनकी जान को खतरा है। जवाबदेही ब्यूरो में इमरान खान को बुधवार को कड़ी पुलिस सुरक्षा के बीच न्यायाधीश के सामने पेश किया गया।

सुनवाई के दौरान ब्यूरो के वकीलों ने अल-कादिर ट्रस्ट से जुड़े मामले में उनके खिलाफ आरोपों की जांच के लिए 14 दिन की रिमांड में देने का अदालत से अनुरोध किया था। जवाबदेही अदालत ने इमरान खान को आठ दिन के लिए ब्यूरो की रिमांड में भेज दिया। इस बीच, बुधवार को खान की पार्टी ने उनकी गिरफ्तारी को बरकरार रखने संबंधी इस्लामाबाद (शेष पेज 9)

## क्विक न्यूज

### 'कर्नाटक की संप्रभुता' मामले में कांग्रेस ने दी सफाई

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने बुधवार को कहा कि पार्टी की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने कर्नाटक के हुबली में छह मई को दिए गए अपने चुनावी भाषण में कहीं भी संप्रभुता शब्द का इस्तेमाल नही किया था, लेकिन उसके ट्विटर हैंडल पर गलती से इस शब्द से जुड़ा एक ट्वीट कर दिया गया था जिसे अब डिलीट कर दिया गया है। कांग्रेस का स्पष्टीकरण सोमवार को चुनाव आयोग द्वारा एआईसीसी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से कर्नाटक की संप्रभुता संबंधी टिप्पणी पर पार्टी की सोशल मीडिया पोस्ट को स्पष्ट करने और सुधारने के लिए कहे जाने के बाद आया है। पार्टी ने ट्वीट किया, सोनिया जी द्वारा छह मई को हुबली में दिए गए भाषण में कहीं भी संप्रभुता शब्द का इस्तेमाल नहीं किया गया। रिपोर्ट में इसका उल्लेख गलती से कर दिया गया था। इसलिए इसे डिलीट किया जा रहा है। उल्लेखनीय इस विषय को लेकर भाजपा ने निर्वाचन आयोग का रुख कर सोनिया गांधी के खिलाफ कार्रवाई करने और चुनाव प्रचार के दौरान कर्नाटक के लिए संप्रभुता शब्द का इस्तेमाल करने को लेकर उनकी पार्टी की मान्यता रद्द करने की मांग की।

# नोएडा, गाजियाबाद समेत 38 जिलों में आज होगा मतदान

● उप्र निकाय चुनाव के अंतिम चरण में कड़ी सुरक्षा में सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक पड़ेंगे वोट

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**नगर** निकाय चुनाव के दूसरे व अंतिम चरण में नोएडा, गाजियाबाद समेत 38 जिलों में बृहस्पतिवार को वोट डाले जाएंगे। इस चरण में सात नगर निगमों के महापौर पद पर 83 और 581 पार्षद पदों के लिए 3,840 उम्मीदवार मैदान में हैं।

मतदान सुबह 7 बजे से प्रारम्भ होकर शाम 6 बजे तक चलेगा। दिव्यांग मतदाताओं और वरिष्ठ नागरिकों के लिए प्राथमिकता के निर्देश दिए गए हैं। गाजियाबाद और गौतमबुद्ध नगर में निकाय चुनाव को लेकर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। गाजियाबाद में 25.83 लाख मतदाता वोट डालेंगे। यहां नगर निगम के अलावा 4 नगर पालिका परिषद और 4 नगर पंचायतों में 303 सीट के लिए 1836 उम्मीदवार मैदान में हैं। महापौर सीट पर 12 प्रत्याशियों के बीच मुकाबला होना है। इसके अतिरिक्त नगर पालिका लोनी और खोड़ा-मकनपुर में चेयरमैन सीट पर भी कांटे की टक्कर है।

जिलेभर में 606 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। जिन जिलों में दूसरे और अंतिम चरण में मतदान होगा, उनमें अयोध्या, सुल्तानपुर, अंबेडकरनगर, बाराबंकी, अमेठी, मेरठ, हापुड़, गौतमबुद्ध नगर, गाजियाबाद, बागपत, बुलंदशहर, बरेली, बदायूं, शाहजहांपुर, पीलीभीत, अलीगढ़, हाथरस, कासगंज, एटा, कानपुर नगर, फर्रुखाबाद, इटावा, कन्नौज, औरैया, कानपुर देहात, चित्रकूट, हमीरपुर, महोबा, बांदा, (शेष पेज 9)

# दिल्ली में फिर चलेगी बाइक टैक्सी, लेकिन इलेक्ट्रिक

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

● आप सरकार ने कैब एग्रीगेटर योजना को दी मंजूरी, बाइक-टैक्सी और किराए पर बाइक सेवाओं को मिलेगी कानूनी मान्यता

**केजरीवाल** सरकार ने एग्रीगेटर्स व डिलीवरी सर्विस प्रोवाइडर्स को नियमित करने के लिए योजना के मसौदे को मंजूरी दे दी है। इससे राजधानी दिल्ली में दोबारा बाइक टैक्सी चलने का रास्ता साफ हो गया है। हालांकि मसौदे में सेवा प्रदाताओं के लिए नई शर्त जोड़ दी गई है कि बाइक-टैक्सी या किराए पर चलने वाली बाइक केवल इलेक्ट्रिक होगी। मसौदा योजना की फाइल एलजी वीके सक्सेना के पास भेज दी गई है।

इसके बाद दिल्ली परिवहन विभाग आम लोगों से प्रतिक्रिया लेकर इसे अंतिम रूप देगा। देश में यह अपनी तरह की पहली अनूठी योजना होगी। मोटर व्हीकल्स एग्रीगेटर स्कीम 2023 उस व्यक्ति और संस्था पर लागू होगी, जो किसी भी तरह के डिजिटल इलेक्ट्रॉनिक या अन्य माध्यम से संचालित होती हैं और यात्रियों को लाने-ले जाने का काम करती है। इसी के साथ वह ई-कॉमर्स इकाई या अन्य संस्थाएं भी इस योजना के दायरे में आएंगी, जो कोई भी उत्पाद, कूरियर, पैकेज या पार्सल को भेजने के लिए डिलीवरी सेवा का इस्तेमाल करती हैं। दिल्ली मोटर व्हीकल्स एग्रीगेटर स्कीम 2023 को मंजूरी देते हुए मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि यह योजना दिल्ली में एग्रीगेटर्स और डिलीवरी सर्विस प्रदाताओं को एक नियम के दायरे में लाकर विनियमित करेगी। इससे यात्रियों को सीधा फायदा होगा। यह योजना यात्रियों की सुरक्षा को प्राथमिकता देती है। इस सेवा के नियम के दायरे में आने से यात्रियों की शिकायतों का निपटारा भी समय पर हो सकेगा। इसके अंतर्गत आपदा की स्थिति के मद्देनजर एग्रीगेटर्स को वाहन में पैनिक बटन लगाना होगा और इसे 112 (दिल्ली पुलिस) के साथ जोड़ना होगा।

इलेक्ट्रिक वाहनों की शर्त जोड़ने से ईवी के प्रचलन को तो बढ़ावा मिलेगा ही, शहर को भी प्रदूषण कम करने में मदद मिलेगी। इस नीति के लागू होने से शहर में रोजगार और आर्थिक विकास के नए अवसर भी पैदा होंगे। मुख्यमंत्री केजरीवाल ने कहा कि इस योजना का उद्देश्य यात्रा के दौरान यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के साथ-साथ कैब संचालकों की सेवा की गुणवत्ता बढ़ाना भी है। योजना के तहत वाहन की फिटनेस, प्रदूषण नियंत्रण और परमिट की वैधता सुनिश्चित करने के लिए एक सिस्टम बनाया जाएगा। जिन मामलों में चालक का प्रदर्शन खराब होगा, वहां उसके सुधार के लिए प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। यह भारत में पहली ऐसी ऐतिहासिक पहल होगी, जहां राज्य सरकार कमर्शियल वाहनों को इलेक्ट्रिक वाहनों में परिवर्तित करने की शुरुआत करेगी। इस योजना को लागू करते समय किसी की भी आजीविका पर संकट न आए, इसलिए इसे चार साल की अवधि में किया जाएगा, जो शामिल होने वाले नए वाहनों के प्रतिशत पर लागू होगा।

मसलन, योजना के पहले 6 महीनों में बेड़े में शामिल कुल कारों में से 5 फीसद इलेक्ट्रिक कारें होनी अनिवार्य है। वहीं, पॉलिसी की अधिसूचना जारी होने के चार साल बाद सभी नए कमर्शियल दोपहिया और तीन पहिया वाहन केवल इलेक्ट्रिक रखने होंगे। इसी तरह, स्कीम की अधिसूचना के 5 साल बाद सभी नए कमर्शियल चार पहिया वाहन भी इलेक्ट्रिक के होने जरूरी हैं। एग्रीगेटर और डिलीवरी सर्विस प्रोवाइडर को भी 1 अप्रैल 2030 तक सभी वाहन इलेक्ट्रिक जोड़ने होंगे।



# निकाय चुनावः संवेदनशील बूथों पर पुलिस का कड़ा पहरा

## सुबह 7 बजे से शाम छह बजे तक पड़ेंगे वोट, अधिकारियों संग सड़क पर उतरीं नोएडा पुलिस आयुक्त

**पायनियर समाचा सेवा।** नोएडा/ गाजियाबाद

गाजियाबाद में इस बार चुनाव में 12500 पुलिसकर्मी सुरक्षा व्यवस्था संभालेंगे। इसके लिए कमिश्नरेट को चुनाव के लिए 5919 होमगार्ड, निरीक्षक, उपनिरीक्षक, हेड कांस्टेबल व कांस्टेबल और चार कंपनी पीएसी व एक कंपनी सीआरपीएफ मिली हैं। इनके अलावा जिले के 3939 पुलिसकर्मी और 355 एसएसएफ की ड्यूटी लगाई गई है।

वहीं गौतमबुद्ध नगर में भी पुलिस व्यवस्था दुरूस्त कर दी गई है। नोएडा में पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह, गाजियाबाद में पुलिस आयुक्त अजय कुमार मिश्रा ने बताया कि पुलिस बल आने के बाद शांतिपूर्ण मतदान के लिए जिले में फ्लैगमार्च कराया जाएगा।

अतिसंवेदनशील प्लस, अतिसंवेदनशील और संवेदनशील मतदान केंद्रों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा। जहां तीन स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था रहेगी। मतदान केंद्रों पर माहौल बिगाड़ने और चुनाव को प्रभावित करने वालों पर कड़ी नजर रखी जाएगी। इनके अलावा एडिशनल डीसीपी और एसीपी भी मतदान केंद्रों पर भ्रमण कर निगरानी रखेंगे और डीसीपी को रिपोर्ट करेंगे। शांतिपूर्ण मतदान के लिए जोन वार अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

जिले की नौ नगर निगम, नगर पालिका और नगर पंचायत को 32 जोन और 126 सेक्टर में बांटा गया है। जहां सेक्टर मजिस्ट्रेट मोबाइल और सेक्टर पुलिस अधिकारी मोबाइल का गठन किया है, जो सेक्टर वार तैनात रहेंगे। जोन वार 32 मजिस्ट्रेट व जोनल पुलिस अधिकारी मोबाइल में एक निरीक्षण और चार पुलिस कर्मी एक-एक वाहन के साथ ड्यूटी पर रहेंगे। वहीं नोएडा के अतिसंवदेनशील इलाकों में पुलिस का अतिरिक्त पहरा लगाया गया है।


दादरी क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेती पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह।

### शांतिपूर्ण चुनाव के लिए कंट्रोल रूम स्थापित

गौतमबुद्धनगर में नगर निकाय चुनाव को शांतिपूर्ण तथा पारदर्शिता के साथ संपन्न कराने के लिए कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। यह जानकारी जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष वर्मा ने दी। जिला निर्वाचन अधिकारी व डीएम मनीष वर्मा ने बताया कि निष्पक्ष, स्वतंत्र, पारदर्शिता एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से जनपद में कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है, जिसका दूरभाष नंबर 0120-2971981 है। उन्होंने बताया कि जनपद का कोई भी नागरिक नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन को लेकर अपनी समस्याएं एवं शिकायतें दर्ज कराने के साथ ही आवश्यक जानकारी भी प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि कंट्रोल रूम पर दर्ज कराई गई शिकायत एवं समस्याओं का बहुत ही गहनता के साथ निवारण किया।


### गाजियाबाद में 1836 उम्मीदवार 25.83 लाख लोग डालेंगे वोट

गाजियाबाद जिले में विभिन्न पदों के लिए 1836 उम्मीदवारों की किस्मत का फैसला 25.83 लाख मतदाता करेंगे। सभी केंद्रों पर मतदान कर्मचारियों ने देर शाम उपस्थिति दर्ज करा दी। मतदान केंद्रों के भीतर व बाहर सुरक्षा बल तैनात रहेंगे। नगर निगम, नगर पालिका परिषद लोनी, खोड़ा-मकनपुर, मुरादनगर एवं मोदीनगर तथा नगर पंचायत डासना, पतला, निवाड़ी व फरीनगर में वीरवार की सुबह 7 बजे से मतदान प्रक्रिया शुरू होगी। शाम 6 बजे तक वोट डाले जाएंगे। मेयर के अलावा चेयरमैन की 8 सीट तथा पार्षद एवं सदस्यों की 294 सीट पर मतदान होना है। सभी 303 पदों के लिए 1836 उम्मीदवार मैदान में हैं। महापौर सीट पर 12 और नगर निगम पार्षद की 100 सीट के लिए 667 उम्मीदवार हैं। नगर पालिका लोनी में 55 वार्ड हैं। वहां चेयरमैन के अलावा सभासद पद पर 338 प्रत्याशी हैं।

## संक्षिप्त समाचार


जनसुनवाई के दौरान लोगों की समस्याओं का निस्तारण करतीं एसीपी।

### शादी का झांसा देकर बलात्कार करने का आरोप



**नोएडा।** जनपद गौतमबुद्ध नगर में एक एफएम चैनल की प्रबंधक ने एक व्यक्ति पर शादी का झांसा देकर बलात्कार करने का आरोप लगाया है। घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है। पीड़िता का आरोप है कि उनके साथ नोएडा के सेक्टर-30 स्थित एक होटल में बलात्कार किया गया। थाना सेक्टर-20 के प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार सिंह ने बताया कि ग्रेटर नोएडा के गौर सिटी में रहने वाली एक युवती ने थाने मे बीती रात को रिपोर्ट दर्ज कराई है। युवती के अनुसार, वह एक एफएम चैनल में प्रबंधक के पद पर कार्यरत है और उनकी अपने पड़ोस में रहने वाले समर्थ राज वत्स से दोस्ती हुई। आरोप है कि वत्स उन्हें नोएडा के सेक्टर-30 स्थित एक होटल में ले गया, जहां आरोपी ने नशीला पदार्थ पिलाकर बेहोश कर दिया तथा बलात्कार किया। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### फैक्ट्री में लगी आग, लाखों का माल जलकर राख

**नोएडा।** सेक्टर-8 में स्थित बी-30 एसएम फैब्रिक में आग लग गई। कंपनी में कपड़ा बनाने का काम होता है। आग छत पर बने टीन शेड में लगी थी। आग की वजह शॉट सर्किट बताई जा रही है। गार्ड ने पुलिस और दमकल को आग की जानकारी दी। मौके पर पहुंची दमकल की दो गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। इस दौरान छत के पास मौजूद एक व्यक्ति आग से झुलस गया। करीब 20 मिनट में आग पर काबू पा लिया गया। गनीमत रही कि इस दौरान वहां कोई मौजूद नहीं था। वहीं काम करने वाले सभी कर्मचारी ग्राउंड फ्लोर पर थे। जिनको सकुशल पहले ही बाहर निकाल लिया गया था। सावधानी के तौर पर आसपास कंपनी से जुड़ी अन्य कंपनियों पर भी पानी की बौछार चलाई गई। ताकि आग वहां न फैले। उन कंपनियों के स्टॉफको भी बाहर निकाला गया। आग को बुझाया गया। चीफफायर ऑफिसर प्रदीप कुमार चौबे ने बताया कि 12 बजकर 22 मिनट पर आग की सूचना मिली।

### गैंगस्टर का डेढ करोड़ रुपए का कॉर्टेज कुर्क

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद पुलिस ने गैंगस्टर राकेश हलपुरा का एक कॉर्टेज कुर्क किया है। ये मथुरा में है और इसकी कीमत करीब डेढ़ करोड़ रुपए है। ये कॉर्टेज मथुरा के श्री राधा.कृष्ण ब्रज वसुंधरा योजना की शिप्रा सोसाइटी में था। गैंगस्टर राकेश शर्मा उर्फराकेश हलपुरा मूल रूप से जिला बुलंदशहर में शिकारपुर थाना क्षेत्र के गांव हलपुरा का रहने वाला है। इसके विरुद्ध बुलंदशहर, गाजियाबाद, नोएडा, अलीगढ़ और दिल्ली में करीब 18 मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस के अनुसार, राकेश हलपुरा गैंग बनाकर आपराधिक घटनाओं को अंजाम देता रहा है। राकेश समेत इसके पांच साथियों पर 24 अगस्त 2022 को गाजियाबाद के थाना ट्रोनिका सिटी में गैंगस्टर एक्ट का मुकदमा दर्ज हुआ था।

### अलग-अलग स्थानों पर पांच ने की आत्महत्या

**नोएडा।** जनपद के विभिन्न जगहों पर रहने वाले 4 महिलाओ सहित 5 लोगों ने मानसिक तनाव के चलते आत्महत्या कर ली। मीडिया प्रभारी धर्मेंद्र कुमार शुक्ला ने बताया कि थाना दनकौर क्षेत्र कैमूर चुहड़पुर गांव में रहने वाली पूनम पत्नी सोमपाल ने बीती रात को मानसिक तनाव के चलते जहरीला पदार्थ खा लिया। थाना फेस-2 क्षेत्र में रहने वाली लवली खातून उम्र 15 वर्ष में मानसिक तनाव के चलते अपने घर पर पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मजदूर महिला लक्ष्मी उम्र 52 वर्ष में मानसिक तनाव के चलते पंखे से फंदा लगाकर बीती रात को आत्महत्या कर ली। थाना बादलपुर क्षेत्र में रहने वाली हेमा पुत्री ओम प्रकाश उम्र 20 वर्ष में मानसिक तनाव के चलते अपने घर पर आज सुबह को पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली।

## प्रत्येक मतदान केंद्र पर मिलेगी पानी व सफाई की सुविधा

**गाजियाबाद।** गर्मी का मौसम चल रहा है और ऐसे में मतदान होने जा रहा है। मतदानकर्मियों को पोलिंग बूथ पर पानी और साफ-सफाई की सुविधा मिलेगी।

नगर निगम प्रशासन की ओर से जलकल और हेल्थ विभाग के अधिकारियों की टीम बनाई गई है। यह टीम प्रत्येक पोलिंग बूथ पर पेयजल की समस्या नहीं हो इसका ध्यान रखा जाएगा। पोलिंग बूथों पर पानी और वहां साफ- सफाई आदि की सुविधा करने के लिए निर्वाचन विभाग की ओर से की ड्यूटी ही लगाई गई है। निगम के चुनाव के लिए बने मतदान केन्द्रों पर साफ-सफाई की सुविधा नगर निगम का हेल्थ और जलकल विभाग करने जा रहा है।

## शादी में झगड़ा करने से रोका तो दुल्हन के भाई की हत्या

**पायनियर समचार सेवा।** नोएडा

- शादी समारोह में बवाल काट रहा था दबंग, किशोर ने रोका तो मार दी गोली

नोएडा एक्सटेंशन इलाके में खौफनाक वारदात को अंजाम दिया गया है। एक तरफ बहन की डोली उठी और दूसरी तरफ भाई की हत्या कर दी गई। महज 16 साल के लड़के की खता सिर्फइतनी थी कि शादी में घुस आए कुछ लोगों को उसने झगड़ा करने से रोका। ये हमलावर उसके मामा के साथ मारपीट कर रहे थे। लड़के ने बीच-बचाव किया।

इससे एक हमलावर गुस्सा गया और उसने लड़के को सीने में गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया। हत्या करने के बाद आरोपी फरार हो गया है। जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची है। हत्यारोपी को तलाश कर रही है।

गौतमबुद्ध नगर पुलिस कमिश्नरेट ने बताया कि नोएडा में सेक्टर-62 के फोर्टिस अस्पताल में तविस यादव नाम के लड़के को लाया गया। तविस की उम्र केवल 16 वर्ष थी और वह ग्रेटर नोएडा वेस्ट के हैबतपुर गांव के निवासी चरण सिंह यादव का पुत्र था। तविस को सीने में गोली लगी थी। उसकी इलाज के दौरान मृत्यु हो जाने की सूचना मिली। मौके पर जाकर जांच पड़ताल की गई

पता चला कि तविस यादव की बहन शीतल की रात्रि में शादी पुराना हैबतपुर के डीएफपैलेस मैरेज होम में थी। उसी दौरान तविस के मामा छोटे लाल से धर्मेंद्र पुत्र कृपाल से झगड़ा हो गया। धर्मेंद्र परथला का निवासी है। तविस ने बीच बचाव किया। इससे धर्मेंद्र खफा होकर शादी से चला गया। कुछ देर बाद घर जाने पर धर्मेन्द्र ने तविस को गोली मार दी और मौके से फरार हो गया।

**NOTICE**

A Fortuner Toyota car registration no. DL1CQ0460 was sold and physically delivered to Olx AUTOS on 19th July 2022. But the ownership of this car is still not transferred despite issuance of NOC from Delhi Transport Authority on 30th November 2022. The insurance of this car is going to be expired in July 23. It is for the attention of government authorities that if the Olx AUTOS misusing post delivery of this car or occurrence of any mis-happening with this car, Olx AUTOS shall be solely responsible for this. Hisamuddin, A-118, Priyadarshini Vihar, Delhi-110092. Phone 9717787797

**PUBLIC NOTICE**

General Public is hereby informed that my clients SH. PREM CHANDRA TRIPATHI S/o Late Sh. Ram Sahai Tripathi & SMT. PUSHPA TRIPATHI W/o Sh. Prem Chandra Tripathi, Both R/o C-40, Pocket-7, Kendriya Vihar-2, Sector-82, Noida, Distt. G.B. Nagar (U.P.) has detached and debarred their Son namely RAHUL TRIPATHI & his wife SMT. APARAJITA GAUTAM, Both R/o at O-1208, Silicon City, Amrapali, Sector-76, Noida, Distt. G.B. Nagar (U.P.) from all their relationship henceforth. My above named clients have severed all relations with them for all intents and purposes for all the times to come. Any person dealing with them and shall do so at his own risk and consequences and my clients will not be responsible for any claim against Sh. Rahul Tripathi & his wife Smt. Aparajita Gautam under any circumstances.

**D.K. Sharma (Advocate)**
**Chamber No.219, New Lawyers Chambers, Supreme Court of India, New Delhi (M) 98100-46825**

फार्म नं. **आईएनसी-26**
[कंपनी (निगमन) नियम, 2014 के नियम 30 के अनुसरण में]
केंद्र सरकार कारपोरेट कार्य मंत्रालय
क्षेत्रीय निदेशक (उत्तरी क्षेत्र)
नई दिल्ली के समक्ष
कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 13 की उप-धारा (4) और कंपनी (निगमन) नियम, 2014 के नियम 30 के उप-नियम (5) के खण्ड (क) के मामले में
**और**
**एल.आर. फिनवेस्ट प्राइवेट लिमिटेड,** जिसका पंजीकृत कार्यालय एलजी 1 व 3, आर-23, नेहरु एन्क्लेव, नई दिल्ली-110019 में है, के मामले में
याचिकाकर्ता

सर्वसाधारण को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि कंपनी ''दिल्ली राज्य'' से ''उत्तर प्रदेश राज्य'' में अपने पंजीकृत कार्यालय के परिवर्तन में कंपनी को सक्षम करने हेतु **28.04.2023** को आयोजित असाधारण सामान्य बैठक में पारित विशेष संकल्प के अनुसार कंपनी के संगम ज्ञापन में परिवर्तन की पुष्टि प्राप्त करने पर केंद्र सरकार को कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 13 के अंतर्गत आवेदन करने का प्रस्ताव करती है।

कोई व्यक्ति जिसका हित कंपनी के पंजीकृत कार्यालय में परिवर्तन के प्रस्ताव द्वारा प्रभावित होने की संभावना हो तो वह इस सूचना के प्रकाशन की तारीख से चौदह दिन के भीतर अपनी आपत्तियों को या तो **एमसीए-21 पोर्टल** (**www.mca.gov.in**) पर निवेशक शिकायत प्रपत्र भरकर दे सकता है या पंजीकृत डाक द्वारा **क्षेत्रीय निदेशक को उत्तरी क्षेत्र, बी-2 विंग, दूसरा तल, पर्यावरण भवन, सीजीओ कॉम्प्लैक्स, नई दिल्ली-110003** पर दे या भिजवा सकता है, जिसके समर्थन में उसके हित और विरोध के कारण की प्रकृति बताते हुए एक शपथ-पत्र भी लगा होना चाहिए, जिसकी एक प्रति आवेदक कंपनी को इसके पंजीकृत कार्यालय पर नीचे दिए गए पते पर भेजी जानी चाहिए:

**एलजी 1 व 3, आर-23, नेहरु एन्क्लेव, नई दिल्ली-110019**

आवेदक के लिए और की ओर से
**एल.आर. फिनवेस्ट प्राइवेट लिमिटेड**
- हस्ता. -
**गिरिश बत्रा**
**(निदेशक)**
**डीआईएनः 00763586**
**पताः एलजी 1 व 3, आर-23, नेहरु एन्क्लेव, नई दिल्ली-110019, भारत**

दिनांकः 11/05/2023
स्थानः दिल्ली

**सार्वजनिक सूचना**

ICICI Bank | **शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली-110005**

निम्नलिखित कर्जदार/रों ने उनके द्वारा बैंक से प्राप्त की गई ऋण सुविधाओं के मूलधन और ब्याज के भुगतान में चूक की है और ये ऋण अनार्जक आस्तियों (एनपीए) के रूप में श्रेणीबद्ध किए गए हैं। उनको, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 (2) के अधीन एक सूचना उनके अंतिम ज्ञात पतों पर प्रेषित की गई थी, हालांकि यह सुपुर्द नहीं की जा सकी और इसलिए एतद्द्वारा उनको इस सार्वजनिक सूचना द्वारा अधिसूचित किया जा रहा है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह-कर्जदार/गारंटर का नाम (ऋण खाता संख्या) एवं पता | प्रत्याभूत आस्ति/प्रवर्तित की जाने वाली आस्ति का सम्पत्ति पता | प्रेषित सूचना की तिथि/सूचना की तिथि तक बकाया राशि | एनपीए तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | प्रवीण वर्मा/भारत वर्मा- **LBKOT00005355110**, द्वितीय तल, मकान नंबर 665, सेक्टर-45, गुरूग्राम, हरियाणा-122003 | मकान नंबर एमए 1/513, 5वां तल, प्रताप अपार्टमेंट, सेक्टर-29, प्रताप नगर, जयपुर, राजस्थान-302001 | 08-04-2023 रू. 13,66,723/- | 23-01-2023 |

सूचना प्रदान करने हेतु वैकल्पिक कदम उठाए जा रहे हैं। उपरोक्त कर्जदार/रों तथा/अथवा उनके गारंटरों (जैसा लागू है) को बकाया राशि का भुगतान इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की सलाह दी जाती है, अन्यथा आगे वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002, के प्रावधानों के अनुसार आगे कदम उठाए जाएंगे।

तिथि : 11 मई, 2023
स्थान : दिल्ली (गुरूग्राम)
प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

**सांकेतिक कब्जे की सूचना**

ICICI Bank | **शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड ऑफिस नंबर 201-बी, दूसरी मंज़िल, रोड नंबर 1, प्लॉट नंबर-बी3, वाईफाई आईटी पार्क, वागले इंडस्ट्रियल एस्टेट, ठाणे (पश्चिम)-400604

**जबकि**

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए नीचे वर्णित कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि का प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।

कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. सं. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | समीर किशोर मजीठिया और निधि समीर मजीठिया- LBMUM00001844501 | फ्लैट नंबर 504, 5वीं मंज़िल, बी-विंग, एक्मे एन्क्लेव- II, चिंचावली, मलाड वेस्ट, सीटीएस नंबर 1212 और 1195, सर्वे नंबर 422, हिस्सा नंबर 1, मुंबई- 400104/ मई 06, 2023 | जनवरी 11, 2023 रु. 1,88,147.00/- | नोएडा/ मुंबई |

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।

**दिनांक : मई 11, 2023**
**स्थान : नोएडा**
**प्राधिकृत अधिकारी**
**आईसीआईसीआई बैंक लि.**

ICICI Bank | **शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, शाल टॉवर,तीसरी मंज़िल, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग दिल्ली -110005

**सार्वजनिक सूचना - प्रत्याभूत आस्ति की बिक्री हेतु निविदा-सह-ई-नीलामी**
**[नियम 8(6) का परंतुक देखें]**
**अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु सूचना**

अचल संपत्तियों के विक्रय के लिए ई-नीलामी विक्रय सूचना वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुन: निर्माण तथा प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के अन्तर्गत सहपठित प्रतिभूति ब्याज प्रवर्तन नियमावली, 2002 की धारा 8(6) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए जारी की गई है।

सर्वजन तथा व्यक्तिगत रूप से कर्ज़दार एवं ज़मानतदार को इस सूचना द्वारा सूचित किया जाता है कि नीचे दर्शाई गई अचल संपत्ति के संरक्षित ऋणदाता के पास बंधक/ अधिभारित है। उनका भौतिक अधिग्रहण आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड (संरक्षित ऋणदाता) द्वारा प्राधिकृत अधिकारी के रूप में कर लिया गया है एवं दर्शाए विवरण अनुसार उनके द्वारा "जहाँ है जैसी है", "जैसी है वैसी है" एवं "जिस भी स्थिति में है" के आधार पर अचल संपत्ति के विक्रय के लिए प्रस्ताव आमंत्रित किए जा रहे हैं :-

| क्र. सं. | कर्ज़दार (रों)/ सह-कर्ज़दारों/ गारंटरों का नाम/ ऋण खाता संख्या | प्रत्याभूत आस्ति का विवरण, ऋणभारों सहित, यदि कोई | बकाया राशि (रु. में) | सुरक्षित मूल्य (रु. में) / धरोहर राशि जमा (रु. में) | संपत्तियों निरीक्षण की तिथि एवं समय | ई-नीलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (ए) | (बी) | (सी) | (डी) | (ई) | (एफ) | (जी) |
| 1. | डोलर रेमेडीज़ प्राइवेट लिमिटेड/ झूमा चौधरी खाता संख्या: 084305000298 | फ्लैट नंबर 654, पॉकेट 13, एलआईजी डीडीए फ्लैट्स, मंगला पुरी बस स्टैंड, द्वारका- नई दिल्ली-110075. क्षेत्र 446 वर्ग फुट | रु. 89,26,403/- (मई 02, 2023 तक) | रु. 34,20,000/- / रु. 3,42,000/- | जून 08, 2023 को सु. 10:00 बजे से सु. 11:00 बजे तक | जून 22, 2023 को सु. 11:00 बजे से दोप. 12:00 बजे तक |

ऑनलाइन नीलामी हमारी ई-नीलामी संस्था **मेसर्स नेक्सजेन सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड** की वेबसाइट **(URL Link- https://disposalhub.com)** पर संचालित होगी। बंधकदाताओं/ सूचना प्रेषितकर्ताओं को **जून 21, 2023** को **शाम 05:00** बजे से पूर्व तक कुल बकाया राशि उस पर आगे ब्याज सहित भुगतान करने का अंतिम अवसर दिया जाता है, जिसमें विफल रहने पर इस/ इन संरक्षित संपत्ति/यों की बिक्री निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार की जाएगी।

संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) को बयाना राशि (ईएमडी) डिमाण्ड ड्राफ्ट (डीडी) (सारणी **ई** संदर्भ) जो **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, शाल टॉवर, तीसरी मंजिल, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग दिल्ली -110005** में **जून 21, 2023** तक **शाम 05:00** बजे से पूर्व जमा करना अनिवार्य है एवं इसके पश्चात् वे अपना प्रस्ताव उपरोक्त वर्णित वेबसाइट के माध्यम से ईएमडी के भुगतान साक्ष्य अर्थात बैंक डीडी पावती की स्कैन इमेज, **जून 21, 2023** तक **शाम 05:00** बजे से पूर्व जमा करें। कृपया नोट करें कि संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) वेबसाइट के माध्यम से उनके प्रस्ताव को जमा कराने में विफल रहने पर वे **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, शाल टॉवर, तीसरी मंजिल, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग दिल्ली -110005** में निविदा प्रलेखों की हस्ताक्षरित प्रति को **जून 21, 2023** को **शाम 05:00** बजे से पूर्व तक जमा करवा सकते हैं। बयाना राशि का डिमाण्ड ड्राफ्ट/ पे ऑर्डर किसी भी राष्ट्रीयकृत/ शैडूल्ड बैंक द्वारा **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** की **दिल्ली** शाखा के पक्ष में भुगतान हेतु होना चाहिए।

संपत्ति अवलोकन, ई-नीलामी के नियम एवं शर्तों तथा निविदा प्रक्रिया के संदर्भ में स्पष्टीकरण हेतु कृपया **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** को फोन नंबर **9372730494/7304914763** पर संपर्क करें।

कृपया नोट करें कि मार्केटिंग एजेंसियाँ **1. मेसर्स नेक्सजेन सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड, 2. ओजीओ असेट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड व 3. हेक्टा प्रॉपटेक प्राइवेट लिमिटेड** इस संपत्ति की बिक्री में सुगमता हेतु सलंग्न हैं।

प्राधिकृत अधिकारी बिना किसी कारण दर्शाए किसी एक अथवा अधिक निविदा व बोली को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं।

बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तों हेतु कृपया वेबसाइट **www.icicibank.com/n4p4s** पर संपर्क करें।

**तिथि : मई 11, 2023**
**स्थान : दिल्ली/एनसीआर**
**प्राधिकृत अधिकारी**
**आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड**

## बच्ची से दुष्कर्म का आरोपी मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार

**पायनियर समचार सेवा।** नोएडा

- पुलिस की जवाबी कार्रवाई के दौरान आरोपी के पैर में लगी गोली

ग्रेटर नोएडा में 5 साल की बच्ची से रेप के आरोपी को पुलिस ने बुधवार को एनकाउंटर के दौरान पकड़ लिया है। आरोपी के पैर में गोली लगी है।

पुलिस ने बताया कि 9 मई की रात थाना कासना में 5 साल की बच्ची से दुष्कर्म की सूचना मिली थी। पड़ोस में ही किराए पर रहने वाले टीपू सुल्तान के खिलाफमामला दर्ज किया गया था। आरोपी रात से ही फरार था। बुधवार को डाढ़ा गोल चक्कर के पास पुलिस ने टीपू सुल्तान को गिरफ्तार करने की कोशिश की तो उसने पुलिस टीम पर फायर कर दिया। जवाबी करवाई में पुलिस ने भी फायरिंग की, जिसमें आरोपी के पैर में गोली लगी, जिससे वो घायल हो गया। उसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी के कब्जे से 1 अवैध तमंचा, 3 कारतूस बरामद हुए हैं। मंगलवार की देर शाम बच्ची के पड़ोस में रहने वाले टीपू सुल्तान ने टॉफी का लालच देकर पास बुलाया और अपने घर ले जाकर उसके साथ दरिंदगी की। मासूम के चीखने की आवाज सुनकर आरोपी की पत्नी मौके पर पहुंची। पत्नी को देखकर टीपू मौके से फरार हो गया। इसके बाद टीपू की पत्नी बच्ची को लेकर थाने पहुंची और पति के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई।

### नोएडा में कोरोना से बुजुर्ग की मौत

**नोएडा।** बीते 24 घंटे में एक बुजुर्ग व्यक्ति की मौत भी कोरोना से हुई है। इस सीजन में ये कोरोना से ये तीसरी मौत है। बुजुर्ग की उम्र करीब 85 साल है और श्वसन प्रणाली फेल होने से उनकी मौत हुई है। जांच रिपोर्ट में कोविड.19 की पुष्टि हुई थी। उनका इलाज चल रहा था।

नोएडा 24 घंटे में कोरोना के नौ केस पॉजिटिव आए है। 22 मरीज ठीक हुए। सक्रिय मरीजों की संख्या अब 77 बची है। अब मरने वालों की संख्या 494 हो चुकी है। इससे पहले 25 अप्रैल को 50 साल के व्यक्ति की मौत हो गई थी। वह मोटापा और हाई ब्लड प्रेशर का मरीज था।

## जलवायु विहार हादसे में जेई की सेवा समाप्त

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

- दीवार गिरने से हुई थी चार मजदूरों की मौत, आठ महीने बाद हुई कार्रवाई

करीब आठ महीने पहले सेक्टर.21 जलवायु विहार में दीवार गिरने से बड़ा हादसा हुआ था। जिसमें चार मजदूरों की मौत हो गई थी। इस मामले में अब एक्शन शुरू हुआ है। अथॉरिटी ने जेई जूनियर इंजीनियर की सेवाएं समाप्त कर दी हैं। यह जेई अथॉरिटी में संविदा पर काम कर रहा था। उसकी संविदा रद्द कर दी गई है। हालांकि, अभी कांट्रेक्ट वाली कंपनी पर कार्रवाई नहीं हुई है।

नोएडा प्राधिकरण की ओर से नाले का निर्माण कराया जा रहा था। इस दौरान 20 सितंबर 2022 को जलवायु विहार सोसाइटी की दीवार गिर गई थी, जिसमें चार मजूदरों की मौत हुई थी। इस मामले में एसीईओ मानवेंद्र सिंह की अध्यक्षता में एक जांच समिति गठित की गई। जांच समिति ने इस मामले में कंपनी की लापरवाही के अलावा वर्क सर्किल.2 की टीम को भी दोषी माना है। प्राधिकरण ने जांच करके रिपोर्ट शासन को भेज दी थी। अब इस मामले में कार्रवाई होनी शुरू हो गई है। सोमवार को वर्क सर्किल.2 के जेई शेखर की संविदा समाप्त कर दी गई है। वहीं, निर्माण कंपनी एमडी प्रोजेक्ट एंड कंस्ट्रक्शन कंपनी पर अभी एक्शन होना बाकी है। अब इस जांच के दायरे में प्राधिकरण के टेक्निकल ऑडिट सेल टीएसी के इंजीनियर भी आ सकते हैं।

इसकी वजह जांच में सामने आई है। एस्टीमेट बनाते समय दीवार अगर कमजोर थी तो उसे सपोर्ट देने के इंतजाम क्यों नहीं किए गए। किसी भी काम की स्वीकृति प्राधिकरण में टेक्निकल ऑडिट सेल और कमिटी देती है।

## बाइक पर स्टंट, सड़क पर जमकर मचाया हुड़दंग

- यातायात पुलिस ने किया 25 हजार 500 का चालान

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

नोएडा में एक साथ कई बाइक राइडर ने जमकर हुडदंग मचाते हुए स्टंट किया। इसका एक वीडियो बनाया और सोशल मीडिया वायरल किया गया। ये वीडियो थाना सेक्टर-39 के सेक्टर-108 मेन रोड का बताया गया। वीडियो को संज्ञान लेने के बाद ट्रैफिक पुलिस ने एक बाइक का 25 हजार 500 रुपए का चालान किया है।

वीडियो 15 सेकेंड का है। जिसमें करीब तीन से चार बाइक चालक स्टंट कर रहे है। रोड पर स्टंट कर रहे है। दो बाइक वाले एक पहिया पर बाइक चला रहे है। पीछे बैठा युवक इनका वीडियो बना रहा है। इस दौरान सड़क के दूसरी और कुछ पुलिस कर्मी भी है। ये सब उनके सामने ही हो रहा है। वीडियो वायरल होने के साथ लोगों ने नोएडा पुलिस और ट्रैफिक पुलिस को ट्वीट कर इन पर सख्त कार्रवाई करने की बात की।



जिस पर ट्रैफिक पुलिस ने एक बाइक का नंबर के आधार पर 25 हजार 500 रुपए का चालान किया है। बाकी बाइक चालकों की पहचान की जा रही है। इस मामले में जल्द गिरफ्तारी और बाइक सीज करने की कार्यवाही भी की जाएगी। गौतमबुद्ध नगर के ट्रैफिक डीसीपी अनिल कुमार यादव ने कहा कि जिले में स्टंटबाजी के मामलों को रोकने के लिए पुलिस लगातार एक्शन ले रही है।

इसके अलावा सोशल मीडिया के जरिए भी निगरानी रखी जा रही है। जहां पर भी स्टंट बाजी के मामले सामने आते हैं। वहां पर तत्काल एक्शन लिया जाता है। अनिल कुमार यादव ने अपील करते हुए कहा है कि स्टंट बाजी से खुद की ही नहीं बल्कि दूसरों की जान भी जा सकती है। इसलिए लोगों को ऐसा नहीं करना चाहिए।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ऐ, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाषः 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यवाहक कार्यकारी संपादकः विजय प्रकाश सिंह, स्थानीय सम्पादकः प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# दिल्ली दंगा: नौ दोषियों को सात साल की सजा

## दोषियों के कृत्यों ने लोगों में असुरक्षा की भावना और देश के सामाजिक ताने-बाने को गहरी चोट पहुंचाई : अदालत

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली


फाइल फोटो

उत्तर पूर्वी दिल्ली दंगों के मामले में अदालत ने नौ दोषियों को सात वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने कहा कि सांप्रदायिक दंगा नागरिकों में बंधुत्व की भावना के लिए गंभीर खतरा है।

दोषियों के कृत्यों ने लोगों में असुरक्षा की भावना पैदा करने, समाज में सांप्रदायिक सद्भाव को खतरे में डालने और देश के सामाजिक ताने-बाने, अर्थव्यवस्था व स्थिरता को गहरी चोट पहुंचाई है।

अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश पुलस्त्य प्रमचाला ने मंगलवार को मोहम्मद शाहनवाज,मोहम्मद शोएब, शाहरुख, राशिद, आजाद, अशरफ अली परवेज, मोहम्मद फैसल और राशिद को सजा सुनाई। अदालत ने 13 मार्च को नौ आरोपियों को दोषी करार देते हुए कहा था कि अभियोजन पक्ष द्वारा लगाए गए आरोप संदेह से परे साबित हुए हैं। न्यायाधीश ने कहा, सभी दोषियों को भारतीय दंड संहिता की धारा 436 (आगजनी या विस्फोटक पदार्थ से घर आदि को नष्ट करना) के तहत दंडनीय अपराध के लिए सात साल का कठोर कारावास भुगतना होगा और प्रत्एक दोषी को 20-20 हजार रुपए का जुर्माना देना होगा। अदालत ने यह भी कहा कि इन नौ लोगों को एक विशेष समुदाय के लोगों को अधिकतम नुकसान पहुंचाने के उद्देश्य से एक गैरकानूनी सभा करने, उनके मन में भय और असुरक्षा पैदा करने और इस मंसूबे के तहत 24 और 25 फरवरी, 2020 की दरमियानी रात चमन पार्क क्षेत्र में शिकायतकर्ता के घर में आग लगाने, तोड़-फोड़, चोरी और हंगामा करने का दोषी पाया गया है। इनकी हरकत ने राष्ट्र के सामाजिक ताने-बाने. अर्थव्यवस्था और को स्थिरता पर एक गहरा दाग छोड़ा है।

संविधान की प्रस्तावना संदर्भित करते हुए कोर्ट ने आदेश में कहा कि हमारा राष्ट्र धर्मनिरपेक्ष है। देश की एकता और अखंडता को सुनिश्चित करने के लिए भाईचारा सबसे महत्वपूर्ण है। दंगे के मामले में अब तक की सबसे अधिक सजा नौ दोषियों को सुनाई गईं। पहले जनवरी 2022 में भागीरथी विहार में बुजुर्ग महिला का घर जलाने के मामले में दिनेश यादव उर्फ माइकल को पांच साल कैद की सजा सुनाई गई थी।

### ऐसे पहचाने गए नौ दंगाई

मामले में दिल्ली पुलिस ने कई आयामों पर काम किया। जिन लोगों को सजा सुनाई गई है। उनमें से कुछ को स्थानीय लोगों ने पहचाना, तो कई की पहचान सीसीटीवी फुटेज और इंटरनेट मीडिया पर वायरल वीडियो से की गई। इस केस में अभियोजन की तरफ से 11 गवाह पेश किए गए थे, जिसमें से कई पुलिसकर्मी थे जो उस वक्त वहां मौजूद थे। पुलिसकर्मियों की गवाही से नौ लोग पर दोषी सिद्ध हुए।

# सुप्रीम कोर्ट राजधानी की प्रशासनिक सेवाओं पर आज सुनाएगा फैसला

- संविधान पीठ ने दोनों पक्षों की पांच दिन दलीलें सुनने के बाद 18 जनवरी को अपना आदेश सुरक्षित रख लिया था
- पिछले साल शीर्ष न्यायालय ने इस मुद्दे को पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ के पास भेज दिया था

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

उच्चतम न्यायालय राष्ट्रीय राजधानी में प्रशासनिक सेवाओं पर नियंत्रण को लेकर केंद्र और दिल्ली सरकार के बीच विवाद पर बृहस्पतिवार को अपना फैसला सुनाएगा।

प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच न्यायाधीशों की पीठ द्वारा यह फैसला सुनाए जाने की संभावना है। उच्चतम न्यायालय की वेबसाइट पर अद्यतन की गई मामलों की सूची के अनुसार, प्रधान न्यायाधीश द्वारा विषय में सिर्फ एक फैसला सुनाए जाने की संभावना है। पीठ के सदस्यों में न्यायमूर्ति एम.आर. शाह, न्यायमूर्ति कृष्ण मुरारी, न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति पी.एस. नरसिम्हा भी शामिल हैं। पीठ ने केंद्र और दिल्ली सरकार की ओर से



क्रमश: सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता और वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी की पांच दिन दलीलें सुनने के बाद 18 जनवरी को अपना आदेश सुरक्षित रख लिया था। संविधान पीठ का गठन, दिल्ली में प्रशासनिक सेवाओं पर केंद्र और दिल्ली सरकार की विधाई एवं कार्यकारी शक्तियों के दायरे से जुड़े कानूनी मुद्दे की सुनवाई के लिए किया गया था। पिछले साल छह मई को शीर्ष न्यायालय ने इस मुद्दे को पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ के पास भेज दिया था।



# अलग-अलग मामलों में हिंदू कॉलेज के 40 छात्र निलंबित

- पिछले महीने सांस्कृतिक उत्सव मक्का-23 को लेकर विरोध प्रदर्शन का हैं आरोप

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के हिंदू कॉलेज ने पिछले महीने एक सांस्कृतिक उत्सव मक्का-23 को लेकर विरोध प्रदर्शन करने के आरोप में 25 छात्रों को तथा कार्यक्रम के दौरान कथित धोखाधड़ी के आरोप में 15 अन्य छात्रों को निलंबित कर दिया है।

छात्रों ने बुधवार को यह आरोप लगाया। कम से कम दो और छात्रों को विरोध प्रदर्शन में उनकी कथित संलिप्तता और वित्तीय धोखाधड़ी के लिए नोटिस दिया गया है। कई छात्रों ने इसकी पुष्टि की है।

इस बारे में कॉलेज की प्रिंसिपल अंजू श्रीवास्तव से संपर्क करने पर कोई जवाब नहीं मिला है। विरोध प्रदर्शन आयोजित करने के लिए जिस छात्र को नोटिस जारी किया गया है, उसने कहा, कॉलेज के अधिकारी ने हमें बताया कि 42 छात्रों को नोटिस दिया गया है।

लेकिन हम कम से कम 30 छात्रों के संपर्क में हैं। दोनों प्रकार के नोटिस में निलंबन, जुर्माने, और छात्र को कोई भी पद ग्रहण करने से रोकने का उल्लेख है। कॉलेज में 27 और 28 अप्रैल को मक्का नामक वार्षिक उत्सव आयोजित किया गया था। विरोध के दौरान करीब 25 छात्रों को घोर दुराचार और बेहद अनुचित व्यवहार के लिए नोटिस दिया गया है।

इसके अलावा 15 छात्रों को दो दिवसीय आयोजन के दौरान वित्तीय धोखाधड़ी या धोखाधड़ी के संबंध में नोटिस दिया गया है। यह मामला तूल पकड़ सकता है।

# डीयू छात्रावास अध्यक्ष ने राहुल को भेजा नोटिस

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के पीजी मेन्स हॉस्टल के अध्यक्ष ने पिछले हफ्ते के अचानक हॉस्टल के दौरे को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी को नोटिस जारी किया और कहा कि राष्ट्रीय पार्टी के जेड प्लस सुरक्षा प्राप्त नेता का ऐसा आचरण मर्यादा से परे है।

अध्यक्ष केपी सिंह द्वारा गांधी को भेजे गए दो पेज के नोटिस में कहा गया है कि यह घटना अतिचार और गैर-जिम्मेदाराना व्यवहार जैसी है और उनसे भविष्य में ऐसा कोई कदम उठाने से परहेज करने को कहा है। तीन वाहनों के साथ गांधी का परिसर में प्रवेश निर्धारित नियमों का उल्लंघन है। अध्यक्ष ने नोटिस में छात्रावास की नियमों की पुस्तिका के नियम 15.13 का उल्लेख किया है।

# शीर्ष कोर्ट की निगरानी में बृजभूषण के नार्को टेस्ट की मांग

- साक्षी मलिक ने कहा- जो भी दोषी पाया जाए उसे फांसी की सजा मिले

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली


पत्रकारों को संबोधित करते पहलवान बजरंग पुनिया व साथ में साक्षी व विनेश।

यौन उत्पीड़न के आरोपों पर बृजभूषण शरण सिंह द्वारा निर्दोष होने का दावा किए जाने के बाद प्रदर्शनकारी पहलवानों ने उच्चतम न्यायालय की निगरानी में भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष का झूठ पकड़ने वाला नार्को परीक्षण कराने की मांग की।

साक्षी मलिक ने प्रेस कांफ्रेंस में कहा, मैं कहती हूं कि बृजभूषण को उच्चतम न्यायालय की निगरानी में नार्को परीक्षण से गुजरना चाहिए और सात महिला पहलवानों (जिन्होंने यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए) को भी। उन्होंने कहा कि जो भी दोषी पाया जाए उसे फांसी पर लटका दो।

साक्षी ने देश की महिलाओं से अपील की कि वे आगे आएं और पहलवानों का समर्थन करें जैसे उन्होंने 2012 में निर्भया मामले के समय किया था। विनेश ने कहा कि अधिकारियों के कार्रवाई नहीं करने के विरोध में बृहस्पतिवार को काली पट्टी बांधने का फैसला किया गया।

### अदालत ने पुलिस से मांगी स्थिति रिपोर्ट

नई दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोपों में दर्ज प्राथमिकियों पर दिल्ली पुलिस से 12 मई तक स्थिति रिपोर्ट मांगी है। अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट हरजीत सिंह जसपाल ने प्रदर्शनकारी पहलवानों की याचिका पर बुधवार को दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी किया।

# नगर निगम स्कूल खस्ताहाल अफसरों पर भड़कीं शिक्षा मंत्री



- आतिशी ने दिए निर्देश- शिक्षा अधिकारी जांच कर दोषी पर करें कड़ी कार्रवाई

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

सागरपुर स्थित दिल्ली नगर निगम स्कूल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्कूल में गंदगी, दीवारों पर मकड़ी के जाले, टूटे, कक्षा की छत का टूटा प्लास्टर, सीलन समेत अन्य खामियां देखकर निगम अधिकारियों पर भड़क गई। उन्होंने कहा कि मात्र 7 साल पुरानी बिल्डिंग जर्जर होने लगी है। उन्होंने दिए निगम अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे जांच करें कि इतने कम समय में भवन क्यों जर्जर होने लगा। उन्होंने दोषी के खिलाफ जरूरी कर्रावाई करने को कहा।

शिक्षा मंत्री ने स्कूल प्रिंसिपल और शिक्षा अधिकारी को फटकार लगाते हुए कहा कि स्कूल को जिम्मेदारी से चलाएं अन्यथा निलंबन के लिए तैयार रहें। उन्होंने कहा कि स्कूल में सफाई की बदतर स्थिति यहां पढ़ने वाले बच्चों के भविष्य के प्रति स्कूल प्रशासन के असंवेदनशील रवैये को दर्शाती है और शिक्षा को लेकर ऐसी लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जा सकती है। निरीक्षण के दौरान मंत्री ने देखा कि बिल्डिंग का एक हिस्सा कबाड़खाना बना हुआ है जहाँ टूटी डेस्कों की भरमार है और सालों से उनका निपटारण नहीं हुआ है। स्कूल का ये हिस्सा बच्चों के लिए असुरक्षित है। स्कूल की इस दशा की देखकर आतिशी ने कहा कि भाजपा ने 15 सालों के शासन में एमसीडी के स्कूलों को बदहाल कर दिया है। स्कूलों की बदहाल हालत देखकर आज इनकी नाकामियाँ जनता के सामने आ रही है।

# फिल्म स्पेशल 26 की तर्ज पर आभूषण कारोबारी से ठगी

- सरगना समेत 4 गिरफ्तार, स्वयं को सीबीआई अधिकारी बताकर जमाते थे रौब

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

हिंदी फिल्म स्पेशल 26 की तर्ज पर सीबीआई का आईकार्ड पहने और हाथों में वाकी टाकी लेकर छह लोग आभूषण की दुकान में घुसते हैं। अंदर आते ही दस्तावेज और गहनों की जांच शुरू कर देते हैं। यह सब इतना अचानक होता है कि दुकानदार को कुछ समझने का मौका नहीं मिलता है। पूछने पर सभी बताते हैं कि वे सीबीआई अधिकारी हैं और गैर कानूनी सोने के कारोबार की शिकायत मिलने पर जांच करने आए हैं। इसके बाद सौदेबाजी होती है और मामला 40 लाख रुपये और आधा किलो सोना देने पर खत्म होता है। बाद में आभूषण कारोबारी को ठगी का पत चलता है।

शिकायत मिलने पर दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने चार आरोपितों को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपितों की पहचान गिरोह



का सरगना द्वारका का संदीप भटनागर, उत्तम नगर का पवन गुप्ता, योगेश कुमार और हिमांशु उर्फ दिनेश उर्फ बबलू के रूप में हुई हैं। गिरोह के दो बदमाश फरार हैं। इन लोगों के पास से 11 लाख रुपये, 104 ग्राम सोने जैसी दिखने वाली पीली धातु का टुकड़ा, दो डीवीआर, पांच मोबाइल फोन बरामद हुआ है। विशेष पुलिस आयुक्त रवींद्र सिंह यादव ने बताया कि फर्श बाजार में हरप्रीत सिंह की आभूषण की दुकान है। उन्होंने बताया कि 17 अप्रैल को उनकी दुकान पर छह लोग आए थे। उनमें एक महिला भी थी। सभी लोगों ने अपने गले में सीबीआइ का पहवान पत्र पहने थे। सबके हाथ में वाकी टाकी और कुछ फाइलें थी। दुकान में दाखिल होती ही आरोपियों ने कुछ फाइल और गहनों की तलाशी लेना शुरू कर दिया। उन्होंने खुद को सीबीआइ का अधिकारी बताते हुए कहा कि उनके पास कई शिकायतें हैं जिसमें अवैध सोने के कारोबार करने का आरोप है। पीड़ित आरोपियों के झांसे में आ गए और काफी डर गए।

# पाकिस्तानी अभिनेत्री के ट्वीट पर दिल्ली पुलिस का रोचक जवाब

- कहा, अफसोस कि पाकिस्तान अभी हमारे अधिकार क्षेत्र में नहीं

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

पाकिस्तानी अभिनेत्री सहर शिनवारी ने प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराने के लिए ट्विटर पर ऑनलाइन लिंक मांगा तो उन्हें दिल्ली पुलिस से रोचक जवाब मिला।

शिनवारी ने ट्वीट किया था कि किसी को दिल्ली पुलिस के ऑनलाइन लिंक की जानकारी है। मुझे भारतीय प्रधानमंत्री और भारतीय खुफिया एजेंसी रॉ के खिलाफ शिकायत दर्ज करानी है जो मेरे देश पाकिस्तान में अराजकता और आतंकवाद फैला रहे हैं। दिल्ली पुलिस ने अभिनेत्री को मजाकिया और करारा जवाब दिया। पुलिस ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल से ट्वीट किया कि हमें अफसोस है कि अभी पाकिस्तान हमारे अधिकार क्षेत्र नहीं है। लेकिन, हम यह जानना चाहेंगे कि जब आपके देश में इंटरनेट को बंद कर दिया गया है तो आप ट्वीट कैसे कर रही हैं।


दिल्ली पुलिस अकादमी, झरोदा कलां में प्रशिक्षित दानिप्स अधिकारी को ट्राफी और प्रमाण पत्र सौंपते पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा।

# दिल्ली पुलिस में शामिल हुए आठ नए दानिक्स अधिकारी

- इनमें से छह बी.टेक हैं, एक एम.फिल और एक है बी कॉम

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली, अंडमान और निकोबार द्वीप पुलिस सेवा के आठ नए अधिकारी बुधवार को दिल्ली पुलिस में शामिल हुए। इनमें से छह बीटेक है और एक एमफिल और बी कॉम है। इन अधिकारियों के पासिंग आउट परेड की दिल्ली पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा ने सलामी ली।

उनके बुनियादी प्रशिक्षण के दौरान, कानून के विषयों और पुलिस प्रक्रियाओं के अलावा उन्हें विषयों के विस्तार से पढ़ाया जाता है। जिनमें संगठन और प्रशासन, कंप्यूटर विज्ञान, साइबर-अपराध, पुलिस व्यवहार और सामाजिक समूह और पुलिस जांच। बाहरी विषयों में, उन्हें परेड, ड्रिल, अन-आर्म्ड कॉम्बैट, फायरिंग, आग्नेयास्त्र प्रशिक्षण सिम्युलेटर , ड्राइविंग सिमुलेटर और आतंकवाद विरोधी उपायों में प्रशिक्षित किया गया है। उन्हें शारीरिक फिटनेस में सुधार के लिए पीटी, खेल, योग और जिम गतिविधियों के माध्यम से शारीरिक प्रशिक्षण दिया गया है।

## संक्षिप्त समाचार


प्रेस वार्ता के दौरान संस्कृति मंत्री जी. किशन व सांसद मीनाक्षी लेखी।

### अंतरराष्ट्रीय म्यूजियम एक्सपो 18 मई से

**नई दिल्ली।** संस्कृति मंत्रालय ने तीन-दिवसीय अंतरराष्ट्रीय म्यूजियम एक्सपो 2023 का आयोजन करने की अपनी योजनाओं की घोषणा की है। इस एक्सपो का उद्देश्य देश भर के विभिन्न संग्रहालयों में मौजूद विविधता से भरपूर सांस्कृतिक विरासत का प्रदर्शन करना और व्यापक चर्चा का आयोजन करना है। इस तीन-दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन 18 से 20 मई के बीच नई दिल्ली के प्रगति मैदान में किया जाएगा। संस्कृति मंत्री जी किशन रेड्डी ने कहा, प्रगति मैदान में आगामी तीन दिवसीय म्युजियम एक्सपो का शुभारंभ भारत के प्रधानमंत्री द्वारा किया जाएगा। संयुक्त सचिव मुग्धा सिन्हा ने कहा, यह एक शानदार मौका है जिससे हम अंतरराष्ट्रीय म्यूजियम एक्सपो का आयोजन कर सकेंगे।

### बग्गा के मामले में दिल्ली पुलिस को नोटिस

**नई दिल्ली।** दिल्ली अल्पसंख्यक आयोग (डीएमसी) ने कथित तौर पर सिखों की भावनाओं को आहत करने वाले ट्वीट को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता तजिंदर पाल सिंह बग्गा के खिलाफ कार्रवाई को लेकर पुलिस को नोटिस जारी किया है और रिपोर्ट मांगी है ।डीएमसी सदस्य एपीएस बिंद्रा की ओर से जारी नोटिस में दिल्ली पुलिस से 17 मई तक की रिपोर्ट देने के लिए कहा गया है। दिल्ली भाजपा के प्रवक्ता बग्गा ने आरोप लगाया कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के कहने पर डीएमसी ने नोटिस जारी किया है।

### निजामुद्दीन थाने के पास झुग्गी बस्ती में लगी आग

**नई दिल्ली।** दक्षिण-पूर्व दिल्ली में निजामुद्दीन थाने के पास स्थित एक झुग्गी बस्ती में बुधवार को आग लग गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि आग लगने की सूचना शाम करीब पांच बजकर तीन मिनट पर मिली। दिल्ली अग्निशमन सेवा के निदेशक अतुल गर्ग ने बताया, हमें निजामुद्दीन पुलिस थाने के पास डीपीएस मथुरा रोड के पीछे एक झुग्गी में आग लगने की सूचना मिली। दमकल की कुल छह गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। उन्होंने बताया कि आग पर अब काबू पा लिया गया है। अभी तक किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है।

# रैपिडएक्स कॉरिडोर पर तैयार हुई एक और टनल

- दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ रैपिडएक्स कॉरिडोर पर दिल्ली और गाजियाबाद के बीच होंगी कुल चार टनल

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली/गाजियाबाद

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम (एनसीआरटीसी) ने दिल्ली-मेरठ रैपिडएक्स कारिडोर पर आनंद विहार से वैशाली तक सुरंग का निर्माण कार्य पूरा कर लिया है।

यह दिल्ली गाजियाबाद के बीच दूसरी टनल है। इससे पहले अप्रैल में पहली टनल का निर्माण पूरा हो चुका है। जबकि इस सेक्शन में दो टनल निर्माणाधीन हैं। आनंद विहार से वैशाली के बीच बनी दो किलोमीटर लंबी सुरंग के निर्माण के लिए नौ हजार 500 हाई-प्रीसीशन वाले प्री-कास्ट टनल सेगमेंट्स का इस्तेमाल



किया गया है। इस प्रक्रिया में सात प्री-कास्ट सेगमेंट्स को जोड़कर एक टनल रिंग का निर्माण पूरा होता है। प्रत्येक सेगमेंट डेढ़ मीटर लंबा व 275 मिमी मोटा है। मालूम हो कि आनंद विहार से न्यू अशोक नगर तक तीन किलोमीटर लंबी दो समानांतर टनल और आनंद विहार से वैशाली मेट्रो स्टेशन तक दो किलोमीटर लंबी दो समानांतर टनल का निर्माण किया जा रहा है। इनमें बुधवार को दूसरी टनल का निर्माण पूरा होने पर इंजीनियरों ने खुशी जाहिर की। इंजीनियरों ने टनल तैयार होने पर हाथ में तिरंगा लेकर लहराया।

### टनल बनने में लगे 11 माह

टनल बोरिंग मशीन (टीबीएम) सुदर्शन 4.3 के जरिये आनंद विहार से वैशाली मेट्रो स्टेशन तक दो किलोमीटर लंबी इस टनल का निर्माण 11 माह में पूरा हुआ है। इस टनल का व्यास 6.5 मीटर है। अधिकारियों का दावा है कि ट्रेन चलाने के लिए इतने बड़े आकार की सुरंग पहली बार तैयार हो रही है। अब निमार्णाधीन दोनों टनल का काम तेजी से किया जा रहा है।

### नाले नीचे से गुजर रही सुरंग

सुरंग का निर्माण किया जाना इंजीनियरों के लिए बड़ी चुनौती थी। यह सुरंग एक बड़े नाले के नीचे से गुजर रही है। साहिबाबाद में बीईएल कंपनी के पास टनल बनाने के लिए नाले के पानी को डायवर्ट किया गया। फैक्ट्रियों के नीचे से टनल बनाने के लिए फैक्ट्रियों का काम नहीं रोका गया है। हालांकि यह सुरंग फैक्ट्री की बिल्डिंग के नीचे से नहीं है।

# रोजाना तीन हजार मीट्रिक टन कूड़े से बनेगी बिजली

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम के तहखंड स्थित वेस्ट टू एनर्जी प्लांट की क्षमता 50 फीसदी बढ़ायी जाएगी। इसके जरिए रोजाना तीन हजार मीट्रिक टन कूड़े से बिजली बनेगी। शैली ओबरॉय ने बताया कि अभी रोजाना 2 हजार मीट्रिक टन कूड़े से बिजली बनती है।

अब जल्द रोजाना 3 हजार मीट्रिक टन कूड़े से बिजली बनेगी। एक हजार मीट्रिक टन अतिरिक्त कूड़े की प्रोसेसिंग के लिए एक बॉयलर लगाया जाएगा।

मेयर ने कूड़े को लाने, कंट्रोल रूम, ठोस कचरे से बिजली उत्पादन के पूरे केंद्रीकृत संचालन का अवलोकन किया। संयंत्र के ठीक बगल में 32 एकड़ में विकसित किए जा रहे इंजीनियर्ड सेनेटरी लैंडफिल (एसएलएफ) के कार्य की प्रगति का भी जायजा लिया।

# एकात्म मानववाद और अंतोदय के संदेश की वाहक है भाजपा

## जिलाध्यक्ष गार्गी कक्कड़ ने मंडल में चल रहे पन्ना प्रमुख कार्य की समीक्षा की

### फिर बनेगी देश, प्रदेश में भाजपा सरकार : गार्गी कक्कड़

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


गुरुग्राम में बैठक लेती भाजपा जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़।

**बुधवार** को पन्ना प्रमुख सम्मेलन को लेकर सरस्वती मंडल, अर्जुन मंडल, खेड़की दौला मंडल, दयानंद मंडल में जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़ के मंडल प्रवास कार्यक्रम हुए।

बैठकों के दौरान जिलाध्यक्ष गार्गी कक्कड़ ने मंडल में चल रहे पन्ना प्रमुख कार्य की समीक्षा की और पन्ना प्रमुख बनाने के अभियान को तेज गति देने पर चर्चा की। जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़ ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी को विश्व की सबसे बड़ी पार्टी होने का गौरव प्राप्त है। जिस नीति सिद्धांत के बल पर भारतीय जनता पार्टी की स्थापना हुई थी, आज भी वही सिद्धांत एवं विचारधारा कायम है। भाजपा एकात्म मानववाद और अंतोदय के संदेश का वाहक है। गार्गी कक्कड़ ने भाजपा जिला मीडिया प्रमुख अजीत यादव ने बताया कि कार्यकर्ताओं से चुनाव पर चर्चा करते हुए जिला अध्यक्ष कहा कि चुनाव लोकतंत्र का महापर्व है।

बैठक के दौरान स्थानीय निकाय के प्रदेश सह संयोजक अनिल यादव, जिला महामंत्री मनीष गाडोली, महेश यादव कार्टरपुरी, उपाध्यक्ष राजेश अरोड़ा, दयानंद मंडल अध्यक्ष नितिन शांडिल्य, सरस्वती मंडल अध्यक्ष अभिषेक गुलाटी, अर्जन मंडल अध्यक्ष श्रवण आहूजा, खेड़की दौला मंडल अध्यक्ष रामनिवास यादव, एवं मंडलों के महामंत्री, मंडल पदाधिकारी, मोर्चा के मंडल अध्यक्ष व शक्ति केंद्र प्रमुख उपस्थित रहे।

## एडीसी ने ऊर्जा कुशल सौर पंप अपनाने के लिए किसानों को किया प्रेरित

**फरीदाबाद।** एडीसी अपराजिता ने कहा कि सरकार का उद्देश्य सौर ऊर्जा को घर-घर तक लेकर जाने का है। उन्होंने कहा कि गर्मियों के मौसम में हमें नवीन ऊर्जा का ज्यादा से ज्यादा प्रयोग करना चाहिए। जिससे हमारे प्राकृतिक संसाधन बच सके।

गांव मोहना गांव की पंचायत वाटिका में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से कृषि सिंचाई उद्देश्य के लिए ऊर्जा कुशल सौर पंप अपनाने के लिए किसानों एवं स्वयं सहायता समूह के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण और जागरूकता कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहीं थीं। उन्होंने बताया कि नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विभाग हरियाणा द्वारा प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाअभियान के तहत 75 प्रतिशत अनुदान पर सोलर पम्प के लिए आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। इस योजना में केवल वही आवेदक पात्र होंगे। जिन्होंने वर्ष 2019 से 2021 में दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम में 1 एचपी से 10 एचपी के बिजली आधारित पंप के लिए आवेदन किया था। एडीसी ने कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव की श्रंखला में हरियाणा सरकार ने ऐसा निर्णय लिया है।

# मानेसर को उपमंडल बना सरकार ने फिर एक तोहफा दिया : सुंदरलाल

### मुख्यमंत्री मनोहर लाल का सरपंच सुंदर लाल ने जताया आभार

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


सीएम मनोहर लाल, विधायक सत्यप्रकाश जरावता, सरपंच सुंदर लाल यादव।

**हरियाणा** मंत्रिमंडल की बैठक में मानेसर समेत छह नए उपमंडल बनाए जाने पर पंचायती राज प्रकोष्ठ के जिला संयोजक सरपंच सुंदर लाल ने मुख्यमंत्री का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि मानेसर के विकास के लिए पहले नगर निगम और अब उपमंडल बनाकर सरकार ने बड़ा तोहफा दिया है।

सरपंच सुंदर लाल ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल हरियाणा के विकास के लिए लगातार नई योजनाएं, नई प्रणाली को लागू कर रहे हैं। मानेसर को पहले नगर निगम बनाकर इस क्षेत्र का विकास करने का खाका तैयार किया, अब मानेसर को उपमंडल बनाकर इसके विकास को पंख लगाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि मानेसर गुरुग्राम ही नहीं हरियाणा का महत्वपूर्ण क्षेत्र है। यहां बड़ी कंपनियों के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों का समग्र विकास विधायक सत्यप्रकाश जरावता के प्रयासों से हो रहा है। विकास को और बेहतर करने के लिए अब मानेसर को उपमंडल का दर्जा सरकार ने दिया है।

सरपंच सुंदर लाल ने कहा कि विपक्ष चाहे कुछ भी कहे, सरकार की कार्यप्रणाली साफ हो जाती है कि प्रदेश का विकास ही प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि गुरुग्राम के मानेसर के अलावा नीलोखेड़ी (करनाल), इसराना (पानीपत), छछरौली (यमुनानगर), नांगल चौधरी (महेंद्रगढ़) और जुलाना (जींद) को उपमंडल बनाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। सरपंच सुंदर लाल ने सरकार के फैसले के अनुसार बताया कि हरियाणा सरकार ने राजस्व मंत्री की अध्यक्षता में उप-तहसीलों, तहसीलों, उप-मंडलों और जिलों के पुनर्गठन के लिए एक समिति का गठन किया है। इसका उद्देश्य जनता तक बेहतर सेवाएं पहुंचाना और विभिन्न क्षेत्रों में प्रशासनिक दक्षता, प्रशासनिक स्तर पर तालमेल लाना व सेवाओं का बेहतर वितरण है।

# हनुमान चालीसा पाठ का आंकड़ा एक लाख 30 हजार के पार

### मां वैष्णो देवी दरबार गढ़ी-हरसरू में हुआ चालीसा पाठ

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


हनुमान चालीसा पाठ में शामिल भक्त।

**सीएसआर** ट्रस्ट हरियाणा के उपाध्यक्ष बोधराज सीकरी की हनुमान चालीसा पाठ की मुहिम ने 1 लाख 30 हजार के आंकड़े को पार कर गया है। श्री मां वैष्णो देवी दरबार गढ़ी-हरसरू में हनुमान चालीसा के पाठ का प्रारंभ डॉ. अल्का शर्मा के अनुरोध पर सायं 4 बजे पंडितों के पूजन के साथ प्रारंभ हुआ।

मंदिर की संचालिका पूनम माताजी द्वारा पूजन किया गया। उनका साथ मंदिर की सह-संचालिका डॉ. अलका शर्मा ने दिया। मंदिर के प्रांगण में हनुमान चालीसा के पाठ का भव्य आयोजन किया गया। पूजन के पश्चात गजेंद्र गोसाई द्वारा व्यास पीठ को प्रणाम कर सर्वप्रथम गणेश वन्दना की। गोसाई द्वारा सुंदर गायकी के साथ हनुमान चालीसा के पाठ का 21 बार उपस्थित 200 से अधिक संगत के साथ बड़े ही मधुर स्वर में पाठ किया गया। उपस्थितों में कंवर भान वधवा, राम लाल ग्रोवर, रमेश चुट्टानी, सुभाष डुडेजा, सुभाष गांधी, सुभाष नागपाल, किशोरी लाल डुडेजा, केसर दास ग्रोवर, धर्मेन्द्र बजाज, रमेश कामरा आदि शामिल रहे।

# पहरावर में जमीन के फैसले पर जीएल शर्मा ने मुख्यमंत्री का जताया आभार

## 16 एकड़ जमीन ब्राह्मण सभा को 33 साल की लीज पर देगी सरकार

प्रवीन शर्मा। गुरुग्राम


अपने आवास पर लोगों के साथ पहरावर जमीन के फैसले को लेकर खुशी मनाते जीएल शर्मा।

**रोहतक** के गांव पहरावर में नगर निगम की 16 एकड़ जमीन गौड़ ब्राह्मण सभा को 33 साल की लीज पर देने के सरकार के फैसले पर हरियाणा भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं हरियाणा डेयरी सहकारी प्रसंघ के पूर्व चेयरमैन जीएल शर्मा ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया है। फैसले की खुशी में कई ब्राह्मण संस्थाओं के पदाधिकारी जीएल शर्मा ने अपने आवास पर लोगों के बीच मिठाई बांटी।

भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष जीएल शर्मा ने कहा कि इस फैसले ने यह साबित कर दिया कि प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री मनोहर लाल की करनी और कथनी में कोई फर्क नहीं है। प्रदेश की जनता से किए वादों को मुख्यमंत्री पूरी तत्परता के साथ पूरा कर रहे हैं। पहरावर किस जमीन का मसला इस बात का प्रमाण है। आदर्श ब्राह्मण सभाअध्यक्ष, आरपी कौशिक, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा नारनौल, महेश वशिष्ठ, सोमदत्त वशिष्ठ, प्रतीक शर्मा, अनमोल भारद्वाज, जेके सिलोखरा, बृजमोहन कौशिक उपाध्यक्ष, श्री परशुराम ब्राह्मण सभा अशोक विहार उपाध्यक्ष अजीत भारद्वाज, उपाध्यक्ष मदन भैंसरु कलां, विजय शर्मा, रोहतक से प्रवीण मुदगिल समेत अनेक लोगों ने खुशी जताई है।

## ट्रक की टक्कर से बाइक सवार घायल, मामला दर्ज

**सोहना।** सड़क किनारे बाइक पर बैठकर फोन सुनकर रहे युवक को तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार घायल कर दिया। इस हादसे में ट्रक के टायर ने युवक के एक पैर को पूरी तरह से क्षतिग्रस्त कर दिया।

राजस्थान का जिला भरतपुर निवासी अजय कुमार ने बताया कि 28 अप्रैल को वह सोहना से गुरुग्राम बाइक पर जा रहा था। वह सोहना ढाणी के पास सड़क किनारे अपनी बाइक को खड़ा करके रिश्तेदार से बातें कर रहा था। उसी समय सोहना की तरफ से तेज गति से आया ट्रक ने उसकी बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। वह बाइक समेत आगे गिर गया। ट्रक का एक टायर उसकी बाई पैर के ऊपर चढ़ गया। उसकी बाइक पूरी तरफ से ट्रक के नीचे आ जाने से क्षतिग्रस्त हो गई। आरोप ट्रक चालक की पहचान साबिर जिला अलवर राजस्थान निवासी के रूप में हो गई है। आरोपी अपने ट्रक को मौके से भगाकर ले गया।

# 12 व 13 मई को खंड स्तर पर फिर से लगेंगे परिवार उत्थान मेले

### विभिन्न कारणों से अनुपस्थित रहे 222 चिह्नित परिवारों को किया आमंत्रित

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


डीसी निशांत कुमार यादव

**आजादी** के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में जिला में एक से छह मई के बीच मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के चौथे चरण के तहत परिवार उत्थान मेलों का आयोजन किया गया था। जिसमें खंड स्तर, नगर पालिका, नगर परिषद व निगम क्षेत्र से 1.80 हजार से कम वार्षिक आय वाले 956 चिन्हित परिवारों को विभिन्न विभागीय योजनाओं का लाभ देने के लिए आमंत्रित किया गया था।

डीसी निशांत कुमार यादव ने बताया कि खंड स्तर पर आयोजित मेलों का कार्यक्षेत्र काफी विस्तृत होता है, जिसमें खराब मौसम के चलते कुछ आमंत्रित लाभार्थियों का मेले में आना संभव नही हो पाया। उन्होंने बताया कि मिनी मेलों का आयोजन 12 व 13 मई को किया जा रहा है। सोहना खंड के 127 चिन्हित लाभार्थी परिवारों के लिए 12 मई को बीडीपीओ कार्यालय सोहना व पटौदी व फरूखनगर खंड के 95 चिन्हित लाभार्थी परिवारों के लिए 13 मई को बीडीपीओ कार्यालय फरूखनगर में मिनी मेला लगाया जाएगा।

# नगर परिषद की निष्क्रियता से फिर होने लगा अतिक्रमण

## पूर्व की भांति ऑटो वर्कशॉप, मटका, जूस, फल-फ्रूट और चाय विक्रेताओं ने लगाया खोखे

### गांव रायपुर से लेकर दमदमा मोड़ के दोनों तरफ अतिक्रमण करने की होड़ मची

पायनियर समाचार सेवा। सोहना


सोहना में राष्ट्रीय मार्ग 248ए पर फिर से जमा अतिक्रमण।

**शहर** के दमदमा मोड से नूह जाने वाले राष्ट्रीय मार्ग पर चल रहे सौंदर्यीकरण निर्माण कार्य के साथ-साथ अतिक्रमण कर कब्जा करने का कार्य जारी है। नगर परिषद के गांव रायपुर से लेकर दमदमा मोड़ के दोनों तरफ अतिक्रमण करने की होड़ मची है।

बीएंडआर विभाग शहर के बीच में से होकर जा रहे एक मात्र राष्ट्रीय मार्ग 248ए का नगर परिषद के सीमा क्षेत्र में करोड़ों रुपये खर्च करके सौंदर्यीकरण कराने में जुटा है। सौंदर्यीकरण का कार्य अभी पूरा भी नहीं हुआ है। उससे पहले ही मार्ग के दोनों तरफ अतिक्रमण होना शुरू हो गया है। पूर्व की भांति डंपर, ट्रक, टैक्टर, कार, बाइक, ऑटो की वर्कशॉप चलाने वालों से लेकर जूस, मटका बेचने वाले, फल-फ्रूट और चाय के ठेका खड़े हो गए हैं। राष्ट्रीय मार्ग के दोनों तरफ 4 से 5 फुट की चौड़ाई में इंटरलॉकिंग टाइल लगाई हैं। अभी तक इस तीन किलोमीटर लंबे मार्ग पर टेल बिछाने का कार्य पूरा भी नहीं हो पाया है।

### अतिक्रमण से नागरिकों की जान को खतरा

**चाय,** फल-फ्रूट बेचने वालों से लेकर चाय, गन्ने का जूस मटका, तम्बाकू बेचने वालों ने अतिक्रमण करते हुए आम नागरिकों की जान को पूरा-पूरा खतरा पैदा कर दिया है। राष्ट्रीय मार्ग पर वाहन फर्राटे भर रहे हैं। जिससे कभी भी तेज गति वाला वाहन का संतुलन बिगड़ जाने पर जानलेवा हादसा हो सकता है।

### नप प्रशासन की है निष्क्रियता

**नगर** परिषद प्रशासन शहर में बढ़ते अतिक्रमण और नागरिकों की जान को बढ़ते खतरे से अंजान बना हुआ है। सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार राष्ट्रीय मार्ग पर होने वाली सड़क दुर्घटना में मरने वाले नागरिक के परिजनों को राहत राशि तक भी नहीं मिलती है। सतप्रकाश का कहना है कि नगर परिषद प्रशासन को तुरन्त प्रभाव से राष्ट्रीय मार्ग पर हो रहा अतिक्रमण का सफाया करना चाहिए।

**बहुत** ही जल्द राष्ट्रीय मार्ग पर हो रहा अतिक्रमण को हटाया जाएगा। अतिक्रमण के दौरान रखे सामान को जब्त किया जाएगा।

**राजेश मेहता**
**(सचिव नगर परिषद)**

## राष्ट्रीय ग्रीन ट्रिब्यूनल पर्यावरण के केसों का निपटान गंभीरता से करें अधिकारी : डीसी

**फरीदाबाद।** डीसी विक्रम सिंह की अध्यक्षता में एनजीटी के केसों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय ग्रीन ट्रिब्यूनल पर्यावरण के केसों का निपटान अधिकारी गंभीरता से करें। वहीं डीसी ने एनजीटी के केसों की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिशा-निर्देश भी दिए।

उन्होंने राष्ट्रीय ग्रीन ट्रिब्यूनल पर्यावरण के केसों समीक्षा बैठक की अध्यक्षता में करते हुए कहा कि अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल प्राधिकरण एनसीआर में गंभीरता से कार्य कर रहा है। इसलिए एनजीटी द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार जिला फरीदाबाद में नियमों की पालना करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल पर्यावरण से संबंधित सभी मामलों के तहत सुनवाई कर सकता है।

# घटते भू-जलस्तर व जल संरक्षण के मद्देनजर सरकार का विशेष फोकस

### धान की खेती छोड़ अन्य फसल लेने वाले किसानों को 21 लाख से अधिक की प्रोत्साहन राशि

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम




**प्रदेश** में विभिन्न क्षेत्रों में घटते भू-जलस्तर व जल संरक्षण के मद्देनजर हरियाणा सरकार द्वारा मेरा पानी मेरी विरासत योजना चलाई जा रही है। योजना के तहत किसान भाइयों को धान की जगह अन्य फसल लेने पर प्रति एकड़ सात हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जा रही है। यह जानकारी डीसी निशांत कुमार यादव ने बुधवार को दी।

उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष जिला में 314.10 एकड़ क्षेत्र में ही किसानों ने धान छोड़ कर अन्य फसल लगाई थी, जिसके लिए किसानों को 21 लाख 97 हजार 781 रुपये की प्रोत्साहन राशि कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा दी गई थी। डीसी यादव ने बताया कि जिला गुरुग्राम में सबसे अधिक धान खण्ड सोहना में 4760 एकड़, पटौदी में 2620 एकड़, गुरुग्राम में 2680 एकड़ तथा फरूखनगर में 1422 एकड़ भूमि पर होती है। ऐसे में वर्ष 2022 की भूजल रिपोर्ट अनुसार गुरुग्राम का भूजल स्तर 36.3, फरूखनगर का 22.04, पटौदी का 38.39 व सोहना का 25.56 मीटर दर्ज किया गया है। उन्होंने कहा कि हमारी आने वाली पीढ़ियों को पानी की कमी न हो इसके लिए हमारी नैतिक जिम्मेदारी भी बनती है कि भू-जल का दोहन न करें, जिसके लिए हमें सभी विकल्पों को ध्यान में रखना होगा, क्योंकि सबसे ज्यादा पानी की खपत कृषि में ही होती है। उन्होंने बताया कि पानी की बचत के लिए मेरा पानी मेरी विरासत योजना के तहत किसान धान के बजाए अन्य फसल जैसे तेल, दलहन, चारा, मक्की इत्यादि का फसल करता है या खेतों को पूर्ण रूप से खाली रखता है या बागवानी में फसल लगाता है तो 7000 रुपये प्रति एकड़ के अनुसार प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। इस राशि से धान की फसल से होने वाली अधिक बचत व अन्य कोई बोई गई फसल की कम बचत के बीच अंतर की भरपाई हो जाती है।

# द मॉम्स कं. ने ब्रांड एम्बेसडर सोनम ए. कपूर के साथ अपने अभियान 'फॉर एवरी मॉम, थ्रू एवरी चेंज' के साथ

## अपना नया विजन पेश किया

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली




**भारत** के अग्रणी टॉक्सिन-फ्री एवं नैचुरल पर्सनल केयर डी2सी ब्रांड, द मॉम्स कं. ने अपना नया अभियान ''फॉर एवरी मॉम, थ्रू एवरी चेंज'' पेश किया है। यह अभियान मां के शरीर की बदलती स्थिति को समझता है और खास मां और शिशुओं के लिए बनाए गए टॉक्सिन-फ्री उत्पादों द्वारा उनकी मदद कर उनका सम्मान करता है। यह नया डिजिटल कैम्पेन ब्रांड एम्बेसडर, सोनम. ए. कपूर द्वारा मां और शिशु केयर श्रृंखला के लिए पेश किया जाएगा।

फॉर एवरी मॉम, थ्रू एवरी चेंज में प्रदर्शित किया गया है कि मातृत्व के साथ न केवल निस्वार्थ प्रेम आता है, बल्कि अपने बच्चों के लिए सर्वश्रेष्ठ करने की इच्छा भी उत्पन्न होती है। इसी के साथ उनके शरीर में स्थायी परिवर्तन होते हैं, जिन्हें देखभाल की जरूरत होती है। इसमें बताया गया है कि माताएं बहुमुखी होती हैं, उनमें शारीरिक शक्ति और भावनात्मक कोमलता बराबर-बराबर मात्रा में होती हैं, और वो अपने चारों ओर लगातार परिवर्तित होते परिवेश में ढलने के लिए निरंतर विकास करती रहती हैं। इस अभियान द्वारा मॉम्स कं. माताओं के शरीर, त्वचा, और बालों में होने वाले इस अप्रत्याशित परिवर्तन का सम्मान कर रही है, और उन्हें अपने जीवन के हर चरण के लिए आवश्यक उत्पाद पेश करके उनकी मदद कर रही है। अभियान में इसकी ब्रांड वैल्यू को और ज्यादा बढ़ाते हुए प्रदर्शित किया गया है, कि इसके 100 प्रतिशत उत्पाद प्राकृतिक सामग्री से बनाए गए हैं, उनका डर्मेटोलॉजिकल परीक्षण किया गया है, और उनमें कोई भी टॉक्सिन और एलर्जन नहीं हैं, तथा ये सुरक्षा के सर्वोच्च मानकों का पालन करते हैं।

इस लॉन्च के बारे में सुखलीन अनेजा, सीईओ, गुड ब्रांड्स कं., द गुड ग्लैम ग्रुप ने कहा, ''द मॉम्स कं. माताओं की जरूरतों को किसी भी अन्य ब्रांड से ज्यादा समझता है। हमारे नए अभियान, फॉर एवरी मॉम, थ्रू एवरी चेंज द्वारा हम यह दिखाना चाहते हैं कि हम जीवन के हर चरण में माताओं में होने वाले परिवर्तनों को पहचानते हैं, और इन परिवर्तनों को ध्यान में रखते हुए सर्वश्रेष्ठ प्राकृतिक सामग्री युक्त उत्पाद बनाते हैं। हम माताओं को उनकी जरूरत के मुताबिक परिणाम प्रदान करना और उनकी देखभाल करके उन्हें अपने जीवन में सुपरवीमैन की भूमिका निभाने में समर्थ बनाना चाहते हैं।

# मुख्यमंत्री मनोहर लाल पर गलत टिप्पणी करके ओछी राजनीति ठीक नहीं : रमन मलिक

### पंजाबी मुख्यमंत्री को अभी तक पचा नहीं पा रहे हैं हरियाणा के ये नेता

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


रमन मलिक।

**भारतीय** जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता रमन मलिक ने कहा कि प्रदेश का समग्र और समान विकास कर रहे मुख्यमंत्री मनोहर लाल को लेकर विपक्षी नेताओं द्वारा की गई और की जा रही गलत बयानबाजी प्रदेश का माहौल खराब करने का प्रयोग है। यह इन नेताओं का नया प्रयोग है। ऐसे नेताओं को जनता ही सबक सिखाएगी। पहले भी जनता ने ही इन नेताओं को सत्ता से बाहर बिठाया है।

यहां जारी बयान में रमन मलिक ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री ओमप्रकाश चौटाला ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल की तुलना आवारा पशु से करके अपनी ओछी मानसिकता का परिचय दिया है। उन्होंने उस पद की गरिमा भी नहीं रखी, जिस पद पर वे स्वयं रह चुके हैं। बेशक वे मुख्यमंत्री पर कटाक्ष करके चंद लोगों की तालियां बटोर ले गये हों, लेकिन सामाजिक दृष्टि से उनका यह कथन बेहद ही भद्दा कहा जा रहा है। उन्हें अपनी इस बात पर माफी मांगनी चाहिए। रमन मलिक ने कहा कि चौटाला से पहले दीपेंद्र हुड्डा ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल के बारे में गलत बोला था। वर्ष 2016 में कांग्रेस में ही हुड्डा के करीबी नेता प्रो. वीरेंद्र ने मुख्यमंत्री को पाकिस्तानी कहा था। ओलंपियन खिलाड़ी विजेंद्र सिंह बॉक्सर ने भी जातिवाद की राजनीति का सहारा लेते हुए बयान दिया कि गुड़ खाने वालों के साथ रहोगे या गुटका खाने वालों के। देश को आजाद हुए 75 साल हो गए विभाजन हुए भी 75 साल हो गए, लेकिन आज भी कुछ लोगों के मस्तिष्क और हृदय में पल रही घृणा उनके जहन में बैठी है। मलिक ने तीखे अंदाज में कहा कि बेशक यह पंजाबी वह लोग हैं।

# कॉलेजदेखो सारथी- मेरठ में मिली जबरदस्त सफलता

## हजारों छात्रों ने कॉलेज एडमिशन फेयर में हिस्सा लिया

पायनियर समाचार सेवा। मेरठ




**भारत** के सबसे बड़े और सबसे भरोसेमंद उच्च शिक्षा प्रदाता कॉलेजदेखो ने 6-7 मई को उत्तर प्रदेश के मेरठ में अपने मेगा एडमिशन फेयर- कॉलेजदेखो सारथी का सफल आयोजन किया। कार्यक्रम को छात्रों से बहुत अच्छी प्रतिक्रिया मिली। मेले के दौरान छात्रों को उच्च शिक्षा के सपनों को साकार करने और करियर की संभावनाओं के बारे में तकनीक उन्मुख मार्गदर्शन पाने का मौका मिला।

दो दिवसीय मेले में मेरठ और आस-पास के क्षेत्रों से हज़ारों छात्रों एवं अभिभावकों ने हिस्सा लिया। जिन्हें देश-विदेश के कॉलेजों में एडमिशन के लिए व्यक्तिगत मार्गदर्शन पाने का अवसर मिला। कॉलेजदेखो की प्रशिक्षित काउन्सलर्स की टीम ने छात्रों को करियर, कॉलेज एवं डिग्री के चुनाव के लिए मार्गदर्शन दिया, उन्हें 1500 से अधिक कॉलेजों में एडमिशन पाने में मदद की गई।

छात्र और अभिभावक कॉलेजदेखो के बूथ पर बातचीत करते नजर आए, जहां उन्हें ऐसी डिग्री एवं कॉलेज के बारे में जानने का मौका मिला, जिनके माध्यम से 100 फीसदी गारंटी के साथ प्लेसमेन्ट पा सकते हैं।

मेले के दौरान कॉलेजदेखो के चीफ़ मार्केटिंग ऑफिसर अभिनव उपाध्याय ने ज़िले के मेधावी छात्रों को सम्मानित किया। छात्रों को उनकी उपलब्धियों के लिए मैडल और सर्टिफिकेट दिए गए। छात्रों ने परीक्षा की तैयारी और करियर के बारे में अन्य छात्रों के साथ बातचीत की। अभिनव ने मेरठ के छात्रों को कॅरियर के बारे में सलाह दी।

मेले में छात्रों को एडमिशन की प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी गई। एंट्री पर दिए गए क्यूआर कोड को स्कैन कर वे हाल ही में लॉन्च किए गए कॉलेजदेखो कम्पास का एक्सेस पा सकते थे, जो मुफ्त साइकोमेट्रिक असेसमेन्ट है। इस टेस्ट को पूरा करने के बाद उन्हें तुरंत एक रिपोर्ट दी गई, जिसमें बताया गया कि उनके व्यक्तित्व के अनुसार करियर का कौन सा मार्ग उनके लिए उचित रहेगा। छात्रों को न सिर्फ अपने देश के कॉलेजों बल्कि इंटरनेशनल कॉलेजों में एडमिशन के लिए भी ज़रूरी सहयोग और मार्गदर्शन दिया गया। बहुत से छात्र कॉलेज देखो के स्टडी अबरोड बूथ पर करियर एवं शिक्षा के अवसरों के बारे में जानकारी जुटाते नज़र अए।

देश भर के 52000 से अधिक कॉलेजों में एडमिशन के लिए छात्रों को कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ता है, कॉलेजदेखो हर सामाजिक-आर्थिक वर्ग एवं हर अकादमिक पृष्ठभूमि से जुड़े छात्रों की समस्याओं को हल करने के लिए तत्पर है। इस मेले के दौरान ऑन स्पॉट काउंसलिंग सत्र भी आयोजित किए गए, जहां इंजीनियरिंग, इन्फोर्मेशन टेक्नोलॉजी, मैनेजमेन्ट, फार्मेसी, नर्सिंग, पैरामेडिकल, होटल मैनेजमेन्ट, मास कम्युनिकेशन, कॉमर्स, एग्रीकल्चर आदि सभी विषयों में कोर्सेज़ को कवर किया गया। एक संगठन के रूप में देश में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में बदलाव लाना चाहते हैं, हमारा मानना है कि सभी छात्रों को करियर के लिए पेशेवर मार्गदर्शन मिलना चाहिए। हम तकनीक एवं मानवीय हस्तक्षेप के साथ छात्रों की हर समस्या को हल करने के लिए तत्पर हैं।

# पलवल में 26 निजी स्कूलों को तीन माह में लेनी होगी स्थाई मान्यता

## 2018 में दी गई थी अस्थाई मान्यता, जांच में मिली अनियमितताएं

### मान्यता के लिए आवेदन नहीं किया तो स्कूलों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी

पायनियर समाचार सेवा। पलवल




**पलवल** में 26 अस्थाई मान्यता वाले निजी स्कूलों को स्थाई मान्यता के लिए तीन माह का समय दिया गया है। माध्यमिक शिक्षा निदेशालय द्वारा जून 2018 में बाद जिला शिक्षा अधिकारी स्तर पर जारी की गई मान्यता को रद कर नए सिरे से स्थाई मान्यता देने के लिए निर्देश जारी किए हैं। इनमें कहा गया है कि इन स्कूलों ने आगामी तीन माह में तय मानकों के आधार पर स्थाई मान्यता के लिए आवेदन नहीं किया तो स्कूलों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

वर्ष 2018 में जिला स्तर पर गठित समिति निजी स्कूलों को मान्यता देती थी। 2018 को विभाग ने डीईओ को अपने स्तर पर अस्थाई मान्यता देने की शक्तियां दे दीं। पलवल के तत्कालीन जिला शिक्षा अधिकारी ने बिना मानकों को पूरा किए स्कूलों को मान्यता देनी शुरू कर दी। विभिन्न जिलों से शिकायतें मिलने पर सरकार ने जिला शिक्षा अधिकारियों से शक्तियां छीन लीं।

शिक्षा निदेशालय द्वारा मान्यता दिए गए स्कूलों की जानकारी जुटाई तो काफी स्कूल मानकों पर खरा नहीं उतरे। इस अवसर पर निदेशालय ने इन स्कूलों की मान्यता रद करने का मन बनाया, परंतु स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों के बारे में सोचते हुए स्कूलों को स्थाई मान्यता लेने का मौका दिया है। निदेशालय द्वारा पलवल, सोनीपत व कैथल डीईओ को 36 स्कूलों की सूची जारी की गई है, जिनमें अकेले पलवल में 26 स्कूल शामिल हैं।



**साल** 2018 में तत्कालीन जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा निजी स्कूल को मान्यता देने में अनियमितताएं बरतीं गईं। करीब डेढ़ माह के अंदर 26 स्कूलों को मान्यता दे दी गई। निदेशालय ने कार्रवाई करते हुए इन स्कूलों को तय मानकों के आधार पर दोबारा मान्यता देने के निर्देश दिए हैं।

**–अशोक बघेल, जिला शिक्षा अधिकारी**

# अंत्योदय मेलों में पात्र परिवार उठा रहे हैं योजनाओं का लाभ : एडीसी

## स्टेडियम में नप क्षेत्र के पात्र परिवारों के लिए मेला लगाकर चिह्नित परिवारों को किया लाभान्वित

पायनियर समाचार सेवा। पलवल


अंत्योदय मेले में शिरकत करते लोग।

**मुख्यमंत्री** अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के अंतर्गत पात्र परिवारों को लाभान्वित करने के लिए जिला पलवल में चौथे चरण के मेलों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में पलवल में आगरा चौक के नजदीक स्थित इंडोर स्टेडियम में चिन्हित परिवारों को योजनाओं से जोडकर लाभ प्रदान करने के दृष्टिगत अंत्योदय मेला लगाया गया। मेले में 18 विभागों ने अपने-अपने स्टॉल लगाकर चिन्हित व्यक्तियों को विभाग की ओर से चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी। मेले में अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. आनंद शर्मा ने प्रत्येक स्टॉल का अवलोकन किया तथा अधिकारियों को आवश्यकतानुसार जरूरी दिशा-निर्देश भी दिए। इस अवसर पर उनके साथ एसडीएम शशि वसुंधरा, मुख्यमंत्री के सुशासन सहयोगी आश्रय सिंघल, नगर परिषद पलवल के कार्यकारी अधिकारी सुनील कुमार, जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी डीपी कुलश्रेष्ठ, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक ओमप्रकाश भी मौजूद रहे।

एडीसी डॉ. आनंद शर्मा ने कहा कि गरीब परिवारों को आर्थिक तौर पर मजबूत करना अंत्योदय योजना का लक्ष्य है। इसलिए सरकार की ओर से ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में योजना के पात्र परिवारों को लाभान्वित करने के लिए मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान मेले का आयोजन किया जा रहा है। सरकार की ओर से मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना को क्रियान्वित करने का मुख्य उद्देश्य यही है कि जिन परिवारों की वार्षिक आमदनी एक लाख 80 हजार रुपये से कम है, उन्हें आर्थिक रूप से मजबूत करके उनकी वार्षिक आय में बढ़ोत्तरी की जाए। जिला पलवल में विभिन्न खंडों व शहरी क्षेत्रों में अंत्योदय योजना के चौथे चरण के मेलों का आयोजन 13 मई तक किया जा रहा है। इसी प्रकार खंड बडौली के रहने वाले योजना के चिन्हित परिवारों को लाभ देने के लिए चांदहट के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के सामने स्थित पार्क में अंत्योदय मेले का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन ने एक ही छत के नीचे 18 विभागों की हेल्प डेस्क लगाकर सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी देने के साथ-साथ पात्र परिवारों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। मेले में आए पात्र परिवारों को प्रदेश सरकार की किसी न किसी जनकल्याणकारी योजनाओं से जोडकर उन्हें लाभ प्रदान करना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि मेले में योजना का लाभ लेने के लिए लाभपात्र अपने दस्तावेज जमा करवाकर लाभ प्राप्त कर रहे हैं। दस्तावेजों की जांच के उपरांत बैंक द्वारा ऋण प्रदान किया जाएगा, जिसके माध्यम से पात्र व्यक्ति अपना व्यवसाय शुरू कर आर्थिक रूप से मजबूत बन सकेंगे। मेले में स्वास्थ्य विभाग द्वारा निरोगी हरियाणा योजना के तहत मेले में आए सभी लाभार्थियों के स्वास्थ्य की जांच करके उन्हें निशुल्क दवाइयां नि:शुल्क वितरित की जा रही हैं। मेले में संबंधित विभिन्न विभागों द्वारा अपने स्टॉल स्थापित कर लाभार्थियों को अपने-अपने विभाग की योजनाओं की जानकारी दी। अंत्योदय मेले में हरियाणा अनुसूचित जातियां वित्तीय एवं विकास निगम, नगर परिषद, रेडक्रॉस सोसायटी, हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद, हरियाणा महिला विकास निगम, हरियाणा कौशल विकास मिशन, सुक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम निदेशालय, सीएससी ई-गवर्नेस सर्विसेज, रोजगार विभाग, मत्स्य पालन विभाग, पशुपालन एवं डेयरी विभाग, हरियाणा ग्रामीण आजीविका विकास निगम, स्वास्थ्य विभाग, उद्यान विभाग, हरियाणा पिछडे वर्ग एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग कल्याण विभाग, हरियाणा डेयरी विकास सहकारी प्रसंघ लिमिटेड, हरियाणा एग्रो इंडस्ट्रीज कॉरपोरेशन लिमिटेड, विकास एवं पंचायत विभाग के अधिकारियों ने स्टॉलों पर मौजूद रहकर मेले में योजनाओं का लाभार्थी परिवारों को विभाग तथा बैंक द्वारा प्रदान की जारी योजनाओं, अनुदान व ऋण की संपूर्ण जानकारी विस्तारपूर्वक दी।


एसडीएम शशि वसुंधरा को मांगपत्र देते कर्मचारी।

# कर्मचारियों ने मांगपत्र में ब्रज भूषण की गिरफ्तारी की मांग की

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**सर्व** कर्मचारी संघ ने महिला पहलवानों के साथ यौन उत्पीड़न को लेकर भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष सांसद ब्रज भूषण शरण को तुरंत गिरफ्तार करने की मांग की है।

कर्मचारियों ने महिला कोच के साथ खेल मंत्री द्वारा किए गए यौन उत्पीड़न के चलते खेल मंत्री संदीप सिंह को पद से बर्खास्त करके कानूनी कार्रवाई करने के लिए प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम शशि वसुंधरा को दिया। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए जिला प्रधान राजेश शर्मा ने बताया कि कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष ब्रज भूषण शरण द्वारा ओलंपिक पदक लाकर देश का नाम दुनियाभर में करने वाली महिला पहलवानों के साथ यौन उत्पीड़न की घटनाएं देश के लिए बहुत शर्मनाक हैं। इस प्रकार की घटना से राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर देश की छवि खराब हुई है। कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष की भूमिका खिलाड़ियों विशेषकर महिला खिलाड़ियों के लिए मां-बाप की तरह संरक्षक की होती है। परंतु ब्रज भूषण शरण द्वारा इस प्रकार का कृत्य बहुत ही निंदनीय है। उन्होंने कहा कि उसे पद से बर्खास्त कर जेल भेजा जाए, ताकि राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर देश की छवि धूमिल न हो। इस अवस पर पदम सिंह, विपिन शर्मा, रमेश डागर, हरकेश सौरोत, रुपचंद डागर, शिवराम कुंडू आदि शामिल रहे।

## ड्यूटी से घर आ रहे दो लोगों से मोबाइल छीना



**फरीदाबाद।** बीती शाम ड्यूटी से घर आ रहे दो लोगों से मोबाइल फोन छीनने का मामला सामने आया है। गांधी कॉलोनी निवासी धीरज सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि वह और उसका साथी मोहन सिंह ड्यूटी पूरी करके शाम को घर जा रहे थे। रेलवे अंडरपास के निकट कुछ युवकों ने मारपीट कर दोनों से मोबाइल फोन छीन लिये व फरार हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# संक्षिप्त समाचार

## शिविर में 110 लोगों ने कराई अपने स्वास्थ्य की जांच



**पलवल।** सरस्वती महिला महाविद्यायल पलवल की यूथ रेडक्रॉस इकाई ने गांव बघोला में एक नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया। शिविर में महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. अनिता कौशिक विशिष्ट अतिथि रहीं। शिविर में अनेक प्रकार की स्वास्थ्य जांच जैसे एचबी, डेंटल चेकअप, स्त्री रोग, शुगर परीक्षण की गईं। इस शिविर में गांव के लगभग 110 लोगों ने लाभ उठाया। ग्रामीणों ने शिविर को सराहनीय बताया। शिविर का संचालन यूथ रेडक्रॉस इकाई से डॉ. सोनिया भारद्वाज, आरती दीवान, पिंकी शर्मा, देविका शर्मा तथा इकाई के स्वयंसेवकों द्वारा किया गया। शिविर का समापन आधारभूत स्लोगन सेवा ही सबसे बड़ा धर्म के साथ किया गया।

## रक्तदान शिविर का किया आयोजन



शिविर में रक्तदाताओं का उत्साह बढ़ाते विधायक जगदीश नायर।

**पलवल।** विश्व रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर भारत स्काउट्स एंड गाइड्स पलवल तथा जैन यंग क्लब होडल के संयुक्त तत्वावधान में जिला रेडक्रॉस सोसाइटी पलवल के मार्गदर्शन में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हरियाणा भूमि सुधार एवं विकास निगम के अध्यक्ष तथा होडल विधायक जगदीश नायर तथा एसडीएम होडल रणवीर सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। जबकि अध्यक्षता राष्ट्रीय संत राधे राधे बाबूजी महाराज ने की। संचालन संस्था के जिला संगठन आयुक्त योगेश सौरोत तथा जिला संयोजक विष्णु गौड ने किया। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी होडल किरण बाला, भाजपा जिला उपाध्यक्ष जगमोहन गोयल, राधेश्याम कालडा के सचिव मोहित मोनू कालडा, प्राचार्य ओमपाल तेवतिया, रंजना गुप्ता, धर्मपाल सिंह तथा शिवकुमार गुप्ता उपस्थित रहे। शिविर में 86 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। रक्त संग्रह का कार्य नवजीवन चेरिटेबल ब्लड सेंटर होडल ने किया। इस अवसर पर अखंड भारत संस्कार सभा, भारत विकास परिषद, अखिल भारतीय अग्रवाल एकता सम्मेलन, ब्रज नारी शक्ति, रामलीला सेवा समिति सती सरोवर आदि सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जगदीश नायर ने कहा कि रक्तदान एक पुनीत कार्य है।इस अभियान को जन जागरण अभियान बनाने में रेडक्रॉस की मुख्य भूमिका रही है।

## दुर्घटना में रोडवेज बस की सवारियां घायल



**फरीदाबाद।** बीती रात सेक्टर-28 मेट्रो स्टेशन के पास यूपी रोडवेज की बस का एक्सीडेंट हो गया। जिसमें चालक, परिचालक व बस में सवार अन्य लोग घायल हो गए। जानकारी के अनुसार मंगलवार की रात एक यूपी रोडवेज दिल्ली की ओर से मथुरा की तरफ जा रही थी। सेक्टर-28 मेट्रो स्टेशन के निकट अचानक एक कार उसके समाने आ गई। उसे बचाने के लिए जैसे ही चालक ने बस का मोड़ा तो वह सड़क के किनारे लगी ग्रिल से जा टकराई। जिससे बस का अगला हिस्सा ग्रिल में फंस गया। वहां से गुजरने वालों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौक पर पहुंचकर सवारियों और बस चालक परिचालक को बाहर निकाला व उपचार के लिए अस्पताल में भेजा। बताया जाता है कि बस में सवार यात्रियों को तो मामूली चौट आई, परंतु बस चालक संजीव ड्राइवर की सीट में फंस गया। उसे निकालकर अस्पताल पहुंचाया गया और परिचालक वीरेंद्र को भी गंभीर चोटे आई। जिसे उपचार के लिए दिल्ली ले जाया गया।

## सीएम विंडो और अन्य शिकायतों का समयानुसार करें निपटारा

**फरीदाबाद।** सीटीएम अमित मान ने कहा कि ऑनलाइन पोर्टल पर आई सीएम विंडो और अन्य शिकायतों का समय अनुसार निपटारा करें। उन्होंने कहा कि सभी विभागों के जिला एचओडी ऑनलाइन प्लेटफार्म प्रणाली को अपडेट रखें। सीटीएम अमित मान बुधवार को सेक्टर-12, लघु सचिवालय के बैठक कक्ष में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ सीएम विंडो, सरल पोर्टल और सीपी ग्राम पोर्टल पर प्राप्त हुई शिकायतों के निपटान की समीक्षा बैठक कर विभाग वार मॉनिटरिंग कर रहीं थीं। उन्होंने कहा कि सीएम विंडो, सरल पोर्टल और सीपी ग्राम पर आई शिकायतों का समाधान नियमित रूप से जल्द से जल्द करें। सीटीएम बैठक में सभी विभाग के अधिकारियों /प्रतिनिधियों को ऑनलाइन लंबित सीएम विंडो, सीपी ग्राम और एसएमजीटी आवेदन पर आई शिकायतों का विवरण देने के लिए कहा। वहीं नगर निगम, स्मार्ट सिटी, राजस्व, टाऊन प्लानिंग, जिला विकास एवं पंचायत, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, जिला समाज कल्याण, जिला समाज कल्याण, महिला एवं बाल विकास, डीएफएसो, यूएलबी डिपार्टमेंट सहित एक एक करके विभागवार सभी विभागों की ऑनलाइन आई शिकायतों की समीक्षा भी बारीकी से की।

# पलवल में जेसीबी मशीन में लगाई आग, दो युवकों के खिलाफ केस दर्ज

पायनियर समाचार सेवा। पलवल



**पलवल** में कुछ लोगों ने जेसीबी मशीन में आग लगा दी। आग से उसका केबिन पूरा जलकर राख हो गया। गांव के ही दो युवकों को रास्ते में खड़ी करने की रंजिश में आग लगाने का आरोप लगाते हुए पुलिस को शिकायत दी है।

अलावलपुर गांव निवासी रामकिशन ने पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि उसने जेसीबी मशीन ली हुई है। मशीन को गांव गढ़राम के युवक के ट्यूबवैल के पास खड़ा किया था। उसी दौरान सुरेश व सुरेंद्र वहां आए और धमकी देते हुए कहा कि उसकी जेसीबी मशीन में आग लगा देंगे। उसके बाद वह आ गया। शिकायत में कहा है कि रात के समय सुरेश और सुरेंद्र ने जेसीबी मशीन में आग लगा दी। आग से मशीन का पूरा केबिन जलकर राख हो गया। उसने बताया कि वह जेसीबी से काम कर अपने परिवार का पालन पोषण कर रहा था।

# एसडी कॉलेज में मनाया विश्व रेडक्रॉस दिवस

**पलवल।** गोस्वामी गणेशदत्त सनातन धर्म महाविद्यालय पलवल में युवा रेडक्रॉस प्रकोष्ठ के अंतर्गत पौधारोपण द्वारा विश्व रेडक्रॉस दिवस मनाया गया। युवा रेडक्रॉस के प्रभारी डॉ. पीके वर्मा ने बताया कि युवा रेडक्रॉस प्रकोष्ठ आपदाओं/आपातकाल के समय राहत प्रदान करता है। कमजोर लोगों व समुदायों के स्वास्थ्य की देखभाल को बढ़ावा देता है।

उन्होंने बताया कि वृक्षों की कमी होने की वजह से पर्यावरण दूषित हो गया है और ऑक्सीजन की मात्रा कम हो गई है। इसलिए हम इस साल पौधारोपण द्वारा विश्व रेडक्रॉस दिवस मना रहे हैं। रेडक्रॉस की वॉलिंटियर नेहा ने सभी को विश्व रेडक्रॉस से जुड़ी हुई जानकारी दी। प्राचार्या प्रतिभा सिंगला ने बताया कि हम रक्तदान, अंगदान फर्स्ट ऐड आदि से जुड़ी हुई जानकारियां हमेशा बच्चों को देते रहते हैं।

# चाइनीज मांझे के प्रयोग पर होगी कार्रवाई : उपायुक्त नेहा सिंह

### चाइनीज धागे की बिक्री, उत्पादन, भंडारण, आपूर्ति, आयात और उपयोग पर रहेगा पूर्णतया प्रतिबंध

पायनियर समाचार सेवा। पलवल


डीसी नेहा सिंह

**उपायुक्त** नेहा सिंह ने बताया कि सरकार ने चाइनीज मांझे पर रोक लगाने के लिए अधिसूचना जारी की है। पतंग उड़ाने वाले चाइनीज धागे की बिक्री, उत्पादन, भंडारण, आपूर्ति, आयात और उपयोग पर पूर्णतया प्रतिबंध होगा। नायलॉन, प्लास्टिक या कोई भी अन्य सिंथेटिक सामग्री, जिसे चीनी मांझा के नाम से जाना जाता है और कोई अन्य पतंग-उड़ाने वाला धागा जो कांच, धातु या किसी अन्य तेज सामग्री से जुड़ा हुआ है, पर हरियाणा राज्य में पूर्णतया प्रतिबंधित रहेगा। उन्होंने बताया कि इसके इस्तेमाल के कारण जन साधारण तथा पक्षियों को काफी चोटें लगती हैं। यह चोटें कई बार प्राण घातक सिद्ध होती हैं, जिससे जन-साधारण तथा पक्षियों की मृत्यु हो जाती है। पतंग उड़ाने की अनुमति केवल किसी नुकीले/धातु कांच के घटकों, चिपकने वाले धागे को मजबूत करने वाली सामग्री से मुक्त सूती धागे को ही दी जाएगी। उपायुक्त ने बताया कि इस संबंध में राजस्व विभाग के नायब तहसीलदार एवं उससे ऊपर के अधिकारी, हरियाणा पुलिस के सब-इंस्पेक्टर और उससे ऊपर के अधिकारी, नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी, नगर अभियंता, कनिष्ठ अभियंता, नगर पालिका सचिव द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम क्लब फुट से ग्रस्त बच्चों के लिए वरदान : डॉ. रामेश्वरी

### शिविर में 13 बच्चों का कास्ट व टीनोटमी लगाकर सफल इलाज किया गया

पायनियर समाचार सेवा। पलवल


एक बच्चे को प्लास्टर लगातीं फिजियोथैरेपिस्ट डॉ. लतेश मलिक।

**राष्ट्रीय** बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत डिप्टी सिविल सर्जन व आरबीएसके कार्यक्रम की नोडल अधिकारी डॉ. रामेश्वरी के मार्गदर्शन में क्लब फुट विकृति से ग्रस्त बच्चों के लिए नि:शुल्क शिविर लगाया गया। शिविर में 13 बच्चों का कास्ट व टीनोटमी लगाकर सफल इलाज किया गया।

डिप्टी सिविल सर्जन डॉ. रामेश्वरी ने बताया कि क्लब फुट (पैर के पंजों का अंदर की तरफ मुड़ा होना यानि टेढ़े पैर) एक ऐसी जन्मजात विकृति है, जिसके कारण बच्चा बड़ा होने पर चलने-फिरने, दौड़ लगाने में असमर्थ रहता है। वह किसी भी योग व दौड़ प्रतियोगिता में भाग लेने में सक्षम नहीं होता। उन्होंने बताया कि क्लब फुट जन्मजात विकृति के इलाज होने के बाद बच्चा बिल्कुल ठीक हो जाता है और वह चलने फिरने, दौड़ लगाने, खेलने तथा हर कार्य को करने में सक्षम हो जाता है।

डॉ. साक्षी शर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत जिला नागरिक अस्पताल पलवल में प्रत्येक सोमवार को क्लब फुट क्लीनिक चलाया जा रहा है। नोडल ऑफिसर डॉ. संदीप सोनी की देखरेख में क्लब फुट से ग्रस्त बच्चों को कास्ट यानि प्लास्टर लगाए जाते हैं तथा अनुष्का संस्था द्वारा नि:शुल्क ब्रास (जूते) प्रदान किए जाते हैं। फिजियोथैरेपिस्ट डॉ. लितेश मलिक द्वारा भी बच्चों को कास्ट यानि प्लास्टर लगाए जाते हैं। उन्होंने बताया कि 2019 में 66, वर्ष 2020 में 28, वर्ष 2021 में 39 व वर्ष 2022 में 20 जन्मजात क्लब फुट से ग्रस्त बच्चों का इलाज किया जा चुका है। हाल ही वर्ष 2023 में 14 बच्चों का सफलतापूर्वक इलाज किया जा चुका है। अब तक जन्मजात क्लब फुट से ग्रस्त 167 बच्चों का सफल इलाज किया जा चुका है।

# अखिल भारतीय गुर्जर देवसेना संस्था ने नियुक्त किए पांच जिलाध्यक्ष

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**अखिल** भारतीय गुर्जर देवसेना संस्था द्वारा गुर्जर भवन सेक्टर-16 में कार्यक्रम आयोजित किया। जिसमें संस्था के प्रदेशध्यक्ष एवं पूर्व महापौर फरीदाबाद डॉ. अतर सिंह की मौजूदगी में पांच जिलों के अध्यक्षों की नियुक्ति की गई। जिसमें पलवल से राजबीर प्रधान, फरीदाबाद से सुरजीत नागर, नूंह से मुकेश चौधरी, भिवानी से तेलूराम और गुरुग्राम से सरजीत तंवर को जिलाध्यक्ष बनाया गया।




इस मौके पर हरियाणा गुर्जर महासभा के अध्यक्ष सीबी रावल भी मुख्य रूप से उपस्थित थे। पांचों जिलाध्यक्षों को डॉ. अतर सिंह व सीबी रावल ने नियुक्ति पत्र सौंपा और शॉल ओढ़ाकर व स्मृति चिन्ह देकर बधाई और आशीर्वाद दिया। इस मौके पर डॉ. अतर सिंह ने कहा कि मुझे आशा है कि सभी जिलाध्यक्ष पूरी निष्ठा व इमानदारी से काम करेंगे और संस्था को आगे बढ़ाने में पूरी एड़ी चोटी का जोर लगा देंगे। उन्होंने कहा कि समाज को एक सूत्र में पिरोने में भी यह सभी महत्वपूर्ण योगदान देंगे। इस अवसर पर सीबी रावल ने कहा कि में सभी जिलाध्यक्षों को में बधाई देता हूं और भगवान से प्रार्थना करता हूं की सभी समाज की तरक्की और खुशहाली के लिए काम करेंगे। इस मौके पर एडवोकेट कन्हैया लाल, वेदू नंबरदार, महेश गुर्जर, विक्रम सिंह, टेकराम बैसला, दिनेश फागना, प्रेमचंद व किशन नागर पूर्व पुलिस अधिकारी सहित कई लोग मौजूद थे।

# कॉलेजदेखो सारथी आ रहा है आगरा

### मेरठ में मिली जबरदस्त सफलता, हजारों बच्चों ने लिया हिस्सा

पायनियर समाचार सेवा। आगरा

CollegeDekho Saarthi
MEGA ADMISSIONS FAIR 2023

**भारत** के सबसे बड़े और सबसे भरोसेमंद उच्च शिक्षा प्रदाता कॉलेजदेखो ने मेरठ में अपने मेगा एडमिशन फेयर-कॉलेजदेखो सारथी का सफल समापन किया, अब 12 और 13 मई को आगरा के पीएल पैलेस में इसका आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम को छात्रों से बहुत अच्छी प्रतिक्रिया मिली। मेले के दौरान छात्रों को उच्च शिक्षा के सपनों को साकार करने और कॅरियर की संभावनाओं के बारे में तकनीक उन्मुख मार्गदर्शन पाने का मौका मिला।

दो दिवसीय मेले में मेरठ और आस-पास के क्षेत्रों से हजारों छात्रों एवं अभिभावकों ने हिस्सा लिया। जिन्हें देश-विदेश के कॉलेजों में एडमिशन के लिए व्यक्तिगत मार्गदर्शन पाने का अवसर मिला। कॉलेजदेखो की प्रशिक्षित काउन्सलर्स की टीम ने छात्रों को करियर, कॉलेज एवं डिग्री के चुनाव के लिए मार्गदर्शन दिया, उन्हें 1500 से अधिक कॉलेजों में एडमिशन पाने में मदद की गई।

छात्र और अभिभावक कॉलेजदेखो के बूथ पर बातचीत करते नजर आए, जहां उन्हें ऐसी डिग्री एवं कॉलेज के बारे में जानने का मौका मिला, जिनके माध्यम से 100 फीसदी गारंटी के साथ प्लेसमेन्ट पा सकते हैं। मेले के दौरान कॉलेजदेखो के चीफ मार्केटिंग ऑफिसर अभिनव उपाध्याय ने ज़िले के मेधावी छात्रों को सम्मानित किया। छात्रों को उनकी उपलब्धियों के लिए मैडल और सर्टिफिकेट दिए गए। छात्रों ने परीक्षा की तैयारी और करियर के बारे में अन्य छात्रों के साथ बातचीत की। अभिनव ने मेरठ के छात्रों को करियर के बारे में सलाह दी।

एक संगठन के रूप में देश में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में बदलाव लाना चाहते हैं, हमारा मानना है कि सभी छात्रों को कॅरियर के लिए पेशेवर मार्गदर्शन मिलना चाहिए। हम तकनीक एवं मानवीय हस्तक्षेप के साथ छात्रों की हर समस्या को हल करने के लिए तत्पर हैं। 'कॉलेजदेखो सारथी- मेगा एडमिशन फेयर को मिली सफलता इस बात की पुष्टि करती है कि छात्र हमारी सेवाओं को पसंद कर रहे हैं, इनसे लाभ उठा रहे हैं।' रूचिर अरोड़ा, सीईओ, कॉलेजदेखो ने कहा।

मेले में छात्रों को एडमिशन की प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी गई। एंट्री पर दिए गए क्यूआर कोड को स्कैन कर वे हाल ही में लॉन्च किए गए कॉलेजदेखो कम्पास का एक्सेस पा सकते थे, जो मुफ्त साइकोमेट्रिक असेसमेन्ट है। इस टेस्ट को पूरा करने के बाद उन्हें तुरंत एक रिपोर्ट दी गई, जिसमें बताया गया कि उनके व्यक्तित्व के अनुसार करियर का कौनसा मार्ग उनके लिए उचित रहेगा।

# द केरला स्टोरी

## फिल्म पर विवाद

**'द केरला स्टोरी'** फिल्म रिलीज़ होने के साथ ही विवादों के घेरे में आ गई है। इस फिल्म में सत्य घटनाओं से प्रेरणा लेकर बताया गया है कि किस प्रकार जिहादी तत्व गैर-मुस्लिम महिलाओं का इस्लाम में धर्मांतरण कराते हैं। इस फिल्म को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बहुत अच्छी बताया तथा इसे उत्तर प्रदेश में टैक्स फ्री कर दिया। उन्होंने पूरी कैबिनेट के साथ फिल्म देखने का समय भी निकाला। इसके पहले मध्य प्रदेश की शिवराज सिंह चौहान सरकार भी इसे टैक्स फ्री कर चुकी है। इसके उलट पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने द केरला स्टोरी पर प्रतिबंध का निर्णय किया। उनका कहना है कि फिल्म से राज्य में अशांति पैदा हो सकती है। तमिलनाडु में भी सत्तारूढ़ द्रमुक कार्यकर्ताओं के दबाव में यह अनेक पिक्चर हालों में प्रदर्शित नहीं हो पा रही है। स्पष्ट है कि द केरला स्टोरी पर राजनीतिक दृष्टिकोण के आधार पर अलग-अलग विचार हैं। यही स्थिति 'कश्मीर फाइल्स' फिल्म को लेकर बनी थी। जहां भाजपा तथा अन्य हिंदू-समर्थक कार्यकर्ताओं ने इन फिल्मों का समर्थन किया, वहीं भाजपा-विरोधी तथा मोटेतौर से 'हिंदू-विरोधी' इनको खारिज करते रहे हैं। इसे आश्चर्यजनक भी नहीं कहा जा सकता है क्योंकि कला, संस्कृति व सिनेमा से जुड़े मुद्दों पर लोगों की राय अलग-अलग पाई जाती है।

द केरला स्टोरी फिल्म पर विवाद के संबंध में एक बार फिर अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का मुद्दा सामने आया है। लेकिन सवाल फिल्म निर्माताओं की अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का भी है। यदि फिल्म निर्माता अपनी फिल्म के माध्यम से कोई संदेश देना चाहता है तो राजनीतिक कारणों से उसकी अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को कुचला नहीं जाना चाहिए। पश्चिम बंगाल सरकार का निर्णय इस स्वतंत्रता को कुचलने वाला है। द केरला फाइल्स के संबंध में केरल उच्च न्यायालय के निर्णय पर भी गौर करना चाहिए जिसने फिल्म प्रदर्शन की अनुमति देते हुए कहा था कि यह 'किसी समुदाय के खिलाफ नहीं है।' सर्वोच्च न्यायालय तथा अनेक उच्च न्यायालयों ने द केरल स्टोरी पर प्रतिबंध लगाने की याचिकाओं को खारिज कर दिया है। फिल्म पर प्रतिबंध लगाने की याचिका खारिज करते हुए भारत के प्रधान न्यायाधीश न्यायमूर्ति डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा, 'फिल्मों के बारे में बात करते समय आपको सतर्क रह कर अभिनेताओं व प्रोड्यूसर के बारे में भी सोचना चाहिए। यदि यह ठीक नहीं होगी तो इसका फैसला बाजार करेगा।' यदि कोई फिल्म नहीं देखना चाहता है तो न देखे। वे दूसरों को इस अवसर से क्यों वंचित करना चाहते हैं? नापसंद होने पर वे इसके जवाब में दूसरी फिल्म बना सकते हैं। हालांकि, द केरला स्टोरी रिलीज़ होने के पहले इसके 'टीज़र' पर कुछ विवाद हुआ था जिसे निर्माताओं ने बाद में यूट्यूब पर यह बता कर सुधारने का प्रयास किया था कि 'यह फिल्म केरल के विभिन्न भागों की तीन युवा लड़कियों की सत्य कथाओं पर आधारित है।' फिल्म निर्माताओं का यह कथन न केवल केरल, बल्कि देश के अनेक भागों में 'जिहादियों' तथा 'इस्लामवादियों' के कृत्यों की ओर संकेत करता है। केरल पर नजर रखने वाले अनेक तटस्थ लोगों का मानना है कि वहां पिछले वर्षों में इस्लामी कट्टरता में भारी बढ़ोत्तरी हुई है जिसका खामियाजा न केवल हिंदू, बल्कि ईसाई समाज को भी भुगतना पड़ा है। 'सेक्युलर' राजनीतिक दृष्टिकोण या तुष्टीकरण राजनीति के संकुचित दृष्टिकोण से भारत के समकालीन यथार्थ तथा अतीत को अनदेखा नहीं किया जाना चाहिए जिसे द केरला फाइल्स तथा इसके पहले कश्मीर फाइल्स ने हमारे सामने पेश किया है।



# नैनो उर्वरक से घटेगी सब्सिडी

**नैनो उर्वरकों से अच्छे परिणाम आने की उम्मीद है, व इनके प्रयोग से सब्सिडी घट सकती है। सरकार को व्यापक कृषि सुधारों का क्रियान्वयन करना चाहिए।**



**उत्तम गुप्ता**
(लेखक, नीति विश्लेषक हैं।)



केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने 26 अप्रैल, 2023 को द्रव नैनो-डाइअमोनियम फास्फेट या नैनो-डीएपी को लांच किया। इसका विकास इंडियन फार्मर्स फर्टिलाइजर कोआपरेटिव-इफ्को के कलोल स्थित नैनो बायोटेक्नोलोजी रिसर्च सेंटर-एनबीआरसी ने किया है। वर्तमान वित्त वर्ष में इफ्को की योजना नैनो-डीएपी की 500 मिली की 50 मिलियन बोतलें तैयार करने की है जिसे 2025-26 में बढ़ा कर 180 मिलियन बोतलों तक पहुंचाया जाएगा।

इफ्को के प्रबंध निदेशक यू.एस. अवस्थी के अनुसार उस समय तक डीएपी के आयात की आवश्यकता समाप्त हो सकती है, जबकि वर्तमान समय में भारत अपनी आवश्यकता का 50 प्रतिशत डीएपी आयात करता है। इसके पहले 17 अक्टूबर, 2022 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एनबीआरसी द्वारा विकसित द्रव नैनो यूरिया लांच की थी। इफ्को ने 1 अगस्त, 2021 को इसका उत्पादन शुरू किया तथा 31 मार्च, 2022 तक 500 मिली की 29 मिलियन बोतलों का उत्पादन किया है। केन्द्र सरकार ने सार्वजनिक क्षेत्र उद्यमों-पीएसयू, जैसे राष्ट्रीय केमिकल्स एंड फर्टिलाइजर्स लिमिटेड-आरसीएफ को इसके बनाने का निर्देश दिया है। 2022-23 में नैनो यूरिया की 50 मिलियन बोतलों का उत्पादन हुआ जिसमें इफ्को ने 27.5 मिलियन बोतलें तैयार की हैं। केन्द्रीय रसायन व उर्वरक मंत्री मनसुख मंडाविया के अनुसार, 2024-25 तक भारत नैनो यूरिया की लगभग 440 मिलियन बोतलों का उत्पादन करेगा और 2025 के बाद भारत को यूरिया आयात करने की आवश्यकता नहीं रह जाएगी क्योंकि परंपरागत तथा नैनो यूरिया का उत्पादन घरेलू जरूरतें पूरी करने के लिए काफी होगा।

यूरिया आयात 2020-21 में 9.83 मिलियन टन से घट कर 2021-22 में 9.13 मिलियन टन तथा 2022-23 में 7.48 टन रह गया। हमें देखना होगा कि क्या इसे 2025 तक शून्य पर लाना संभव होगा। जहां तक डीएपी का सवाल है, इसका उत्पादन अभी शुरू हुआ है। नैनो-उर्वरकों के बारे में किए दावों से उर्वरक सब्सिडी पूरी तरह समाप्त होने का रास्ता खुल सकता है। इसके लिए कुछ मूलभूत चीजों पर गौर करना होगा। किसानों को सस्ती कीमतों पर उर्वरक देने के लिए केन्द्र सरकार न्यूनतम खुदरा मूल्य-एमआरपी का नियंत्रण करता है। इस कारण यूरिया के उत्पादन व वितरण पर आने वाले खर्च का ध्यान नहीं रखा जाता है जो काफी ज्यादा है। एमआरपी से अधिक आने वाली कीमत की निर्माता को सब्सिडी के रूप में प्रतिपूर्ति की जाती है। यह विभिन्न यूनिटों में आने वाले खर्च के आधार पर अलग-अलग है। गैर-यूरिया उर्वरकों के लिए पोषक आधार पर सभी निर्माताओं व आयातकों के लिए 'समान' सब्सिडी तय की जाती है। प्रति टन उत्पादित व बिक्री किए उर्वरक पर सब्सिडी प्रति टन कई गुना बढ़ी है जिसका कुल भुगतान केन्द्रीय बजट से होता है। 2021-22 में सब्सिडी 162,000 करोड़ रुपये थी जो 2022-23 में बढ़ कर 253,000 करोड़ रुपये हो गई। 2023-24 के बजट अनुमान में इसे 179,000 करोड़ रुपये रखा गया था। लेकिन वास्तविक भुगतान इससे अधिक हुआ। उदाहरण के लिए 2022-23 में वास्तविक भुगतान 105,000 करोड़ रुपये के बजट अनुमानों से दूना था।

नैनो यूरिया नैनोपार्टिकिल के रूप में होती है जिसमें नाइट्रोजन पार्टिकिल 20-50 नैनोमीटर आकार के होते हैं। यह परंपराग यूरिया के उलट पौधों को नाइट्रोजन द्रव रूप में देती है। नैनो यूरिया की 500 मिली बोतल को परंपरागत यूरिया के 45 किलो बोरे के बराबर बताया जाता है। जहां नैनो बोतल बिना किसी सब्सिडी के किसानों को 240 रुपये में उपलब्ध होती है, वहीं परंपरागत यूरिया पुराने दामों पर मिलती है। सरकार इस पर 2,410 रुपये सब्सिडी देती है। यदि सारी परंपरागत यूरिया का स्थान नैनो-यूरिया ले ले तो यूरिया सब्सिडी शून्य हो सकती है।

इसी प्रकार नैनो-डीएपी पौधों को द्रव रूप में नाइट्रोजन व फास्फोरस प्रदान करती है जो परंपरागत डीएपी का विकल्प है। नैनो-डीएपी की 500 मिली बोतल को परंपरागत डीएपी के 50 किलो बोरे के बराबर बताया जाता है। जहां नैनो-डीएपी किसानों को बिना किसी सब्सिडी के 600 रुपये में मिलती है, वहीं परंपरागत डीएपी इसके दूने दाम पर 1,350 रुपये में मिलती है जिसके लिए सरकार को 2650 रुपये सब्सिडी देनी होती है। यदि सारी परंपरागत डीएपी के स्थान पर नैनो-डीएपी प्रयोग होने लगे तो डीएपी सब्सिडी शून्य हो सकती है। इसके साथ ही किसानों को वर्तमान कीमत का केवल आधा चुकाना पड़ेगा।

यदि ऐसा ही विकल्प तीसरे प्रमुख उर्वरक-म्यूरेट आफ पोटाश-एमओपी के लिए मिल जाए तो सरकार उर्वरक सब्सिडी पर खर्च होने वाली पूरी भारी-भरकम राशि बचा सकती है। वर्तमान समय में इफ्को नैनो-पोटाश के साथ ही नैनो-जिंक व नैनो-बोरान, आदि उर्वरक बनाने की दिशा में काम कर रहा है। लेकिन दावों पर पूरी तरह विश्वास करना कठिन है। नैनो यूरिया बनाने में वही सामग्री प्रयोग होती है जिससे परंपरागत यूरिया बनती है। नैनो यूरिया में भार के आधार पर 85 से 99.98 प्रतिशत में 0.01 से 5 प्रतिशत तक क्विनहाइड्रोन तथा 0.01 से 10 प्रतिशत तक कैल्शियम साइनामाइड होता है। इसकी अधिकतम सीमा 99.98 प्रतिशत हो सकती है। इस प्रकार नैनो यूरिया बनाने में पूरा कच्चा माल परंपरागत यूरिया वाला ही होता है। लेकिन इसकी कीमत केवल 240 रुपये है जो परंपराग यूरिया की 2,650 रुपये की तुलना में बहुत कम है।

ऐसा केवल उसी स्थिति में संभव है जब नैनो यूरिया परंपरागत यूरिया की तुलना में कई गुना अधिक प्रभावशाली हो। ऐसे में हमें इन दोनों के बीच समानता की तुलना करनी होगी। परंपरागत यूरिया के 45 किलो बोरे में 46 प्रतिशत या 20 किलो नाइट्रोजन पोषक होता है, जबकि नैनो यूरिया की 500 मिली बोतल में यह 4 प्रतिशत या 20 ग्राम होता है। दूसरे शब्दों में, नैनो यूरिया का 20 ग्राम वही उपलब्धि प्राप्त कर सकता है जो परंपरागत यूरिया में 20 किलो से प्राप्त होती है। इस प्रकार नैनो परंपरागत की तुलना में 1000 गुना अधिक प्रभावी है। यदि कृषि विशेषज्ञ इसे प्रदर्शित कर सकें तो यह भारत में क्रांतिकारी परिवर्तन का वाहक बनेगी और उर्वरक सब्सिडी बजट शून्य हो जाएगा। लेकिन इस पर विश्वास करना कठिन है। इफ्को व एनबीआरसी ने दावा किया है कि नैनो यूरिया 80 प्रतिशत से अधिक प्रभावी है, जबकि परंपरागत यूरिया लगभग 40 प्रतिशत। इसके साथ ही नैनो यूरिया फसल उत्पादन 3-16 प्रतिशत बढ़ा देती है। इससे मृदा, जल व वायु प्रदूषण कम होता है। इन दावों पर गंभीरता से विचार करने की जरूरत है।

सामान्य रूप से यूरिया का प्रयोग दो बार होता है। पहला, बेसल प्रयोग जब ठोस उर्वरक को पूरी जमीन पर बुआई या पौध रोपण के पहले पूरे खेत में फैला दिया जाता है। दूसरा, टाप ड्रेसिंग जिसमें उर्वरक को मिट्टी में डालने के बजाय सीधे पत्तियों पर डाला जाता है। नैनो यूरिया का प्रयोग परंपरागत यूरिया के स्थान पर केवल टाप ड्रेसिंग में हो सकता है क्योंकि बेसल प्रयोग पूरी तरह ठोस रूप में होता है। इसका अर्थ है कि नैनो यूरिया की 80 प्रतिशत क्षमता का लाभ केवल उर्वरक की कुल मात्रा के 50 प्रतिशत जितना ही होगा।

इस प्रकार उसकी प्रभावी क्षमता केवल 60 प्रतिशत होगी। दूसरे शब्दों में, नैनो यूरिया से 40 प्रतिशत के बजाय केवल 20 प्रतिशत क्षमता संवर्धन होगा। इससे नैनो यूरिया के प्रयोग से केवल 3-16 प्रतिशत उपज बढ़ेगी, लेकिन इसके लिए इसका प्रयोग परंपरागत यूरिया के साथ करना होगा। इसी प्रकार परंपरागत डीएपी के स्थान पर नैनो-डीएपी के प्रयोग से उपज में ज्यादा अंतर नहीं आएगा। हालांकि, अमित शाह के अनुसार नैनो डीएपी का प्रयोग गन्ना व गेंहूं जैसी फसलों में करने पर उपज में 20 प्रतिशत लाभ हो सकता है।

संक्षेप में कहें तो नैनो उर्वरक बेहतर परिणाम प्रदर्शित कर सकते हैं, पर इनसे किसी चमत्कार की उम्मीद करना उचित नहीं होगा। सब्सिडी में 'काफी' तथा 'स्थाई' कमी लाने के लिए सरकार को दीर्घकालीन सुधार क्रियान्वित करने चाहिए जो काफी समय से लंबित हैं। इनमें उर्वरकों से सभी प्रकार के नियंत्रण हटाना तथा किसानों को सीधे लाभ हस्तांतरण-डीबीटी शामिल हैं।

# भारत के टेक स्टार्टअप क्षेत्र में अवसर

"भारत के पास उत्तरदायी प्रशासनिक निकाय और देश के स्टार्टअप सपने का समर्थन करने वाली एक मजबूत सरकार है।"

**वासुदेव कोठामसु**
(लेखक, तकनीकी क्षेत्र से जुड़े हैं)



भारत के पास आवश्यक क्षमताएं मौजूद हैं, साथ ही एक स्थिर बैंकिंग प्रणाली, उत्तरदायी प्रशासनिक निकाय और देश के स्टार्टअप सपने का समर्थन करने वाली एक मजबूत सरकार सत्तासीन है।

डेटा एनालिटिक्स, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और ब्लॉकचेन जैसे विविध उद्योगों के स्टार्टअप नियमित रूप से एंजेल और सीड फंडिंग में रेक करते हैं। इनमें से कुछ कंपनियों ने फेसबुक, गूगल और ऐप्पल जैसी प्रमुख टेक फर्मों द्वारा अधिग्रहण की खबरें भी बनाई हैं। हालांकि देश का निरंतर विकसित होने वाला स्टार्टअप स्पेस युवाओं को अपनी सफलता की कहानियों से आकर्षित करता है, लेकिन कुछ महत्वपूर्ण चुनौतियां मौजूद हैं। अपने शुरुआती चरणों में बहुत अधिक वादा दिखाने के बावजूद, कई भारतीय स्टार्टअप परिपक्व होने के कारण बड़े पैमाने पर विफल रहे।

फंडिंग की कमी : भारतीय स्टार्टअप्स के बढ़ने के साथ ही, प्रचलित व्यापक आर्थिक अनिश्चितता और मंदी के खतरे ने भारतीय स्टार्टअप्स के लिए फंडिंग विंटर के आगमन का संकेत दिया है। आईएनसी 42 की इंडियन टेक स्टार्टअप फंडिंग रिपोर्ट के अनुसार, मेगा डील काउंट्स में 77प्रतिशत कमी आई है।

स्किल गैप : उभरती प्रौद्योगिकियों में बढ़ता स्किल गैप उद्योगों के नेताओं के लिए एक और चिंता का विषय है। जबकि पिछले कुछ वर्षों में एसटीईएम स्नातकों की संख्या में वृद्धि हुई है, रोजगार योग्य कौशल वाले व्यक्तियों की संख्या में सुधार की बहुत गुंजाइश है। नैसकॉम-ज़िन्नोव 2022 की रिपोर्ट के अनुसार, यदि मौजूदा स्थिति बनी रहती है, तो भारत 2026 तक 14-19 लाख तकनीकी पेशेवरों की कमी को देखेगा।

ऑफर शॉपिंग– इंडस्ट्री में ऑफर शॉपिंग का बढ़ता चलन आईटी कंपनियों के लिए हायरिंग की स्थिति को पेचीदा बना रहा है। एक लोकप्रिय विशेषज्ञ स्टाफिंग फर्म, एक्सफेनो ने पहचान की कि डेटा साइंस, फुल स्टैक डेवलपमेंट, फ्रंटएंड और बैकएंड इंजीनियरिंग में पदों के लिए औसत प्रस्ताव स्वीकृति दर 2022 में 50% से घटकर 2021 में 73% हो गई। ऑफर खरीदारी की यह बढ़ती दर इसे बनाती है। कंपनियों के लिए वांछित प्रतिभा को नियुक्त करना बेहद चुनौतीपूर्ण है, जिससे पूरी भर्ती प्रक्रिया धीमी हो जाती है।

विविधतापूर्ण बाजार : जबकि भारतीय स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र का ग्राहक आधार क्षेत्रों और सांस्कृतिक पृष्ठभूमि के संदर्भ में विविधता से परिपूर्ण है, अधिकांश कंपनियों के पास उन क्षेत्रों से परे बाजार का सीमित ज्ञान ही उपलब्ध है जिनसे वे परिचित हैं। इस तरह का विविध विभाजन भारतीय स्टार्टअप्स के लिए देश के लिए प्रभावशाली उत्पाद बनाना चुनौतीपूर्ण बनाता है।

तकनीकी रूप से अच्छी आबादी : अमेरिका और चीन जैसे देशों के बाद तीसरे सबसे बड़े स्टार्टअप केंद्र के रूप में भारत की स्थिति इसकी बढ़ती तकनीक-प्रेमी अंग्रेजी-भाषी प्रतिभा द्वारा समर्थित है, जो बेहतर संचार कौशल के लिए सूचना तकनीनक क्षेत्र की मांग को पूरा करती है। छोटे शहरों का विकास : भारतीय टीयर 2 और टीयर 3 शहर आईटी/आईटीईएस कंपनियों के लिए विकास का नया और उभरता हुआ केंद्र बन गए हैं। जयपुर और अहमदाबाद जैसे शहर नए हब के रूप में उभर रहे हैं और उन्होंने 40 प्रतिशत की वृद्धि का अनुभव किया है।

डिजिटल इंडिया, स्टार्टअप इंडिया अभियान, जाम ट्रिनिटी और स्मार्ट सिटी मिशन जैसे सरकार समर्थित प्रयास भारत के टियर 2 और 3 शहरों के शहरी परिवर्तन को बढ़ावा देते हैं। ज़िनोव की रिपोर्ट है कि 976 बहुराष्ट्रीय कंपनियों द्वारा स्थापित 1,257 ग्लोबल इन-हाउस केंद्रों में से 68 टीयर 2 शहरों में हैं। सरकार की पहलें– भारत सरकार स्टार्टअप लीडरशिप प्रोग्राम, स्टार्टअप इंडिया सीड फंड और स्क्क्रक्ष जैसी कई नीतियों और अभियानों के माध्यम से भारतीय स्टार्टअप्स के विकास का सक्रिय रूप से समर्थन कर रही है। हाल के बजट में देश के उद्यमिता वातावरण को बढ़ावा देने के लिए स्टार्टअप आयकर लाभों को मार्च 2024 तक बढ़ा दिया गया है। डिजिलॉकर के लाभों का विस्तार करने से व्यवसाय करने में आसानी होगी, कागज रहित प्रशासन सुनिश्चित होगा।

इंटरनेट कनेक्टिविटी– भारत में चीन के बाद दूसरा सबसे बड़ा इंटरनेट उपयोगकर्ता आधार है, उपलब्ध किफायती डेटा प्लान के कारण। 5जी रोलआउट इंटरनेट उपयोगकर्ताओं की संख्या में और वृद्धि करेगा और भारतीय तकनीकी क्षेत्र पर सकारात्मक प्रभाव डालेगा। एआर, वीआर, एआई और आईओटी के साथ काम करने वाले स्टार्टअप 5जी कनेक्टिविटी के साथ अधिक उन्नत सुविधाएं पेश कर सकते हैं। हालाँकि रोलआउट शुरू में धीमा था, यह हॉट व्हील्स पर चल रहा है। स्वदेशी नवाचार– भारत की नवाचार क्षमताएं दुनिया के लिए नई नहीं हैं, और ऐसा ही एक था क्क्ष या यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस। 2016 में लॉन्च किया गया, क्क्ष देश के एसएमबी के लिए अनुकूल साबित हुआ, लेन-देन को आसान बनाया और महंगे पॉइंट-ऑफ-सेल डिवाइस को खत्म कर दिया। इसकी सफलता अब सीमाओं को लांघ रही है, कई देशों के हितों को उत्तेजित कर रही है।

चुनौतियां हर क्षेत्र में मौजूद हैं, और भारतीय स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र उन स्थितियों से अलग नहीं है। लेकिन कई चुनौतियां विद्यमान होने के बावजूद, उद्योग में पर्याप्त अवसर हैं जो देश के तकनीकी उद्यमियों के पक्ष में हैं। भारत के पास आवश्यक क्षमताएं हैं, एक स्थिर बैंकिंग प्रणाली, उत्तरदायी प्रशासनिक निकाय और देश के स्टार्टअप सपने का समर्थन करने वाली एक मजबूत सरकार- और समय के साथ, वैश्विक तकनीकी क्षेत्र में अग्रणी होगा।

## आप की बात

### मिग विमान

**एक** बार फिर राजस्थान के हनुमानगढ़ जिले के गांव में भारतीय सेना का लड़ाकू विमान मिग 21 दुर्घटनाग्रस्त हो गया और तीन महिलाओं की मौत हो गई। रूस निर्मित मिंग 21 श्रेणी के विमान जिन्होंने 1971 मे पाकिस्तान युद्ध और फिर कारगिल युद्ध में दुश्मनों के विमानों को खदेड़ कर भारत को विजयश्री दिलवाने में अहम भूमिका निभाई थी, अब पुराने होकर दुर्घटनाग्रस्त होने लगे हैं इसके कारण इन्हें फ्लाइंग कफिन या उड़ता ताबूत की संज्ञा दी जाने लगी है। बीते 15 माह में ही मिग विमानों के दुर्घटनाग्रस्त होने से हमने अपने पांच होनहार पायलटों को खो दिया है। अभी भारतीय वायुसेना के पास मिग श्रेणी के करीब 60-70 विमान मौजूद हैं जिन्हें वायुसेना से 2025 तक हटाया जाएगा। हमारे पास सुखोई और तेजस जैसे उन्नत किस्म के विमान मौजूद हैं तो फिर 2025 तक इंतजार न करते हुए क्यों न तुरंत इन्हें सेवा से मुक्त कर दिया जाए? हालांकि, भारतीय वायुसेना के पास जरूरत भर के युद्धक विमान नहीं हैं और मजबूरी में मिग विमानों को बनाए रखा गया है। लेकिन हमारे पायलटों तथा देश के नागरिकों का जीवन अमूल्य है, अतः इनको शीघ्रातिशीघ्र सेवा से हटा देना ही उचित होगा।

– **संजय डागा,** हातोद

### घटिया मानसिकता

**कोर्ट** द्वारा द केरल स्टोरी को बैन करने से इनकार करने के साथ यह भी कहा है कि इससे समाज में किसी तरह का कोई द्वेष नहीं फैलेगा। इसके बावजूद पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा इस पर बैन लगाना ममता बनर्जी की लंबे समय से चल रही देश में सांप्रदायिक मानसिकता का लाभ उठाने का परिचय है। फिल्में मनोरंजन के साथ-साथ हमारे समाज का आईना और बहुत सी दबी छुपी बातें उजागर करने का है सशक्त माध्यम हैं। फिल्म निर्माता चाहे जो भी दावा करें, आम दर्शक भी अपना विवेक रखते हैं। सभी जानते हैं कि फिल्म सिर्फ केरल ही नहीं पूरे देश की सच्चाई प्रकट करती है। निर्माताओं ने इसे विवाद के लिए नहीं इस विषय पर संवाद के लिए बनाया है। मात्र 40करोड़ की लागत से बनी इस फिल्म ने सफलता के झंडे गाड़ दिए हैं। इसी से जाहिर है कि फिल्म ने लोगों को अच्छे से प्रभावित किया है। जिन राज्यों में यह दिखाई जा रही है वहां जनता ने इसे खूब देखा है। कहीं कोई दंगा फसाद नहीं हुआ है। पश्चिम बंगाल सरकार में फिल्म रिलीज होने से पहले ही इसे बैन करके अपनी घटिया मानसिकता का परिचय दिया है।

– **सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

### समलैंगिक विवाह

**समलैंगिक** विवाह का मुद्दा उस देश में उठ रहा है जहाँ विवाह एक आदर्श सामाजिक संस्कार का उच्चतम शिखर माना जाता है। अल्प विकसित मानसिकता के कुछ लोग प्रकृति को चुनौती दे रहे है जैसे प्रकृति ने उनकी अधीनता स्वीकार कर ली हो। सनातन संस्कृति का अनुसरण हमें मानवीय गरिमा के करीब लाता है। जहां एक ओर विश्व स्तर पर भारतीय मूल्य नए सिरे से स्थापित हो रहे हैं जिस पर हमें गर्व होना चाहिए। वहीं आज भी अनेक लोग पश्चिम के पिछलग्गू बने हुए हैं और वहां प्रचलित जीवनशैली की नकल करना चाहते हैं। आखिरकार केंद्र सरकार को सुप्रीम कोर्ट से यह कहना पड़ा कि वो समलैंगिक विवाह जैसे जटिल विषय की कानूनी मान्यता की मांग पर न्यायपालिका इसलिए विचार नहीं करे क्योंकि इसका गहरा सामाजिक प्रभाव हो सकता है। इस पर कानून बनाने का काम संसद पर छोड़ देना चाहिए। विभिन्न धर्मगुरु भी समलैंगिक विवाह के पक्ष में नहीं हैं, पर वे अपनी बात खुल कर जनता के बीच नहीं कह रहे हैं। ऐसे मुद्दों पर जल्दबाजी में निर्णय करने से हर हाल में बचना ही देश की प्रगति के लिए लाभदायक होगा।

– **हितेंद्र सिसोदिया,** देवास

### मोदी की लोकप्रियता

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी का मन की बात कार्यक्रम का 100 वीं कड़ी तक पहुंचना अपने आप में कार्यक्रम तथा मोदी की लोकप्रियता का शिखर छूना है। यह कार्यक्रम जितना लोकप्रिय हुआ है उतना ही वह विभिन्न वर्गों के लिए समाधान कारक भी रहा है। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री द्वारा जिस प्रकार विभिन्न वर्गों से बातचीत की जाती है वह अकल्पनीय है क्योंकि अब तक देश के जितने भी प्रधानमंत्री हुए हैं वे जनता से सीधे संवाद स्थापित नहीं कर पाए और यही वजह रही कि वे जन भावनाओं को समझने में असफल रहे हैं। हालांकि उस समय सोशल मीडिया जैसी सुविधा नहीं थी, फिर भी प्रधानमंत्रियों का मानस जनता के प्रति उतना उदार नहीं रहा है। मन की बात ने कई समस्याओं का सहज और सरल निदान किया है। परीक्षाओं के समय विद्यार्थियों को टिप्स और परीक्षा परिणामों के समय परिणाम से हताशा से उबरने में मन की बात असरकारक साबित हुई है। ग्रामीण महिलाओं, किसानों आदि से उनकी ही शैली में बात आयोजन की एक बड़ी उपलब्धि है जिसे सराहना मिली है।

– **अमृतलाल मारू,** इंदौर

पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
पर भी भेज सकते है।

# योगी ने यूपी में लव जिहाद व धर्मांतरण पर लगाया अंकुश

## प्रदेश में धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अध्यादेश लागू होने के बाद से अब तक 427 मामले दर्ज, 833 आरोपी गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**लव** जेहाद पीड़िताओं के साक्षात्कार व शोध पर आधारित फिल्म 'द केरल स्टोरी' एक तरफ जहां मलयाली राज्य में व्याप्त धर्मांतरण का दर्द बयां कर रही है तो वहीं दूसरी तरफ इस मुद्दे पर योगी सरकार के कड़े कदमों की सराहना हो रही है। इसकी वजह योगी आदित्यनाथ सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश में लव जेहाद और धर्मांतरण पर लगाया गया अंकुश है। पिछली सरकारों की कार्यप्रणाली लचर थी, जिससे पीड़ितों को न्याय नहीं मिल पाता था।

योगी सरकार ने 27 नवंबर 2020 को यूपी में विधि विरुद्ध धर्म सम्परिवर्तन प्रतिशेध अध्यादेश-2020 कानून लागू किया, फिर लव जेहाद और धर्मांतरण के आरोपियों के खिलाफ पुरजोर कार्रवाई कर नजीर पेश की। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार यूपी में एक जनवरी 2021 से 30 अप्रैल 2023 तक धर्मांतरण से जुड़े 427 मामले दर्ज किए गए। इसमें अब तक 833 से ज्यादा गिरफ्तारी भी हो चुकी है। 185 मामलों में पीड़िताओं ने न्यायालय के समक्ष जबरदस्ती धर्म बदलवाने की बात भी कबूल की है। वहीं नाबालिगों के धर्मांतरण के अब तक 65 मामले दर्ज किए गए हैं। यूपी में धर्म परिवर्तन से जुड़े कुल 427 मामले दर्ज किए गए। इसमें बरेली जोन में सर्वाधिक 86 मुकदमे दर्ज हुए। गोरखपुर में 59, लखनऊ में 53, मेरठ में 47, प्रयागराज में 46, वाराणसी में 39 मामले दर्ज किए गए। कमिश्नरेट की बात करें तो लखनऊ में 20, कानपुर में 19, प्रयागराज में 13, नोएडा में 10 मामले दर्ज किए गए। प्रयागराज में 299, बरेली में 235, लखनऊ जोन में 153, मेरठ में 141, वाराणसी में 135ए गोरखपुर में 128 नामजद एफ आईआर दर्ज की गई। प्रयागराज जोन में सर्वाधिक 121 मामले प्रकाश में आए। लखनऊ में 34, बरेली में 28, आगरा में 27, गोरखपुर व वाराणसी जोन में 16-16 मामलों का पता चला। वहीं आरोपियों की गिरफ्तारी पर नजर दौड़ाएं तो सबसे अधिक आरोपी प्रयागराज जोन से ही गिरफ्तार भी हुए। इन मामलों में कार्रवाई करते हुए प्रयागराज जोन की पुलिस ने 163 आरोपियों को धर-दबोचा। बरेली में 137 गिरफ्तारियां की गईं। लखनऊ में 124, वाराणसी में 101, गोरखपुर में 81, मेरठ में 65, आगरा जोन में 37, कानपुर में धर्मांतरण के 21 आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़े।

### धर्मांतरण से 18 वर्ष से कम के 65 पीड़ित

**धर्मांतरण** के आरोपियों पर सीएम योगी की टेढ़ी नजर है। नाबालिगों के धर्मांतरण के अब तक 65 मामले दर्ज किए गए। नाबालिगों के धर्मांतरण से जुड़े 12 मामले मेरठ जोन, 10 गोरखपुर, 9 बरेली, 5 आगरा व 4-4 मामले लखनऊ व प्रयागराज में वाराणसी जोन में भी दो नाबालिगों के धर्म परिवर्तन के केस दर्ज किए गए। कमिश्नरेट लखनऊ में 5, कानपुर-गाजियाबाद में 4-4, प्रयागराज में 3 व नोएडा में 2 मामले दर्ज हैं। यूपी पुलिस के सख्त रवैये से विवेचनाधीन मामलों का भी तेजी से निस्तारण हो रहा है। लखनऊ जोन में 13 व गोरखपुर जोन में 12 मामले ही विचाराधीन हैं। शेष प्रयागराज में 9, बरेली में 8, मेरठ में 3 और वाराणसी में दो मामलों में विवेचना चल रही है। इनके भी तेजी से निस्तारण की कार्रवाई हो रही है।

### 185 पीड़िताओं ने जबर्दस्ती धर्म परिवर्तन करवाए जाने की बात कबूली

**विधि** विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिशेध अध्यादेश-2020 के मुताबिक एक जनवरी 2021 से 30 अप्रैल 2023 के आंकड़ों पर नजर दौड़ाएं तो 185 पीड़िताओं ने न्यायालय के समक्ष जबर्दस्ती धर्म परिवर्तन करवाए जाने की बात कबूली है। बरेली में 47, मेरठ में 32, प्रयागराज में 13, गोरखपुर में 12, आगरा में 11, लखनऊ में 10 और वाराणसी जोन की 10 पीड़िताओं ने न्यायालय में जबरदस्ती धर्म परिवर्तन करवाए जाने की बात कबूल की है।

## सीएम योगी से मिली फिल्म 'द केरल स्टोरी' की टीम



● टीम ने योगी सरकार के लव जेहाद रोकने को लेकर बनाए गए कानून की सराहना की, 12 मई को मंत्रिमंडल संग फिल्म देखेंगे मुख्यमंत्री योगी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**'द** केरल स्टोरी' फिल्म के निर्माता विपुल शाह, निर्देशक सुदीप्तो सेन, अभिनेत्री अदा शर्मा ने बुधवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके आवास पर मुलाकात की। टीम ने फिल्म को लेकर चर्चा की। निर्माता विपुल शाह ने सीएम योगी आदित्यनाथ से फिल्म देखने का आग्रह किया। इस दौरान वीर कपूर भी रहे। केरल में बड़े पैमाने पर हिंदू महिलाओं के धर्मांतरण और उन्हें आतंकी गतिविधियों में लिप्त किए जाने पर आधारित 'द केरल स्टोरी' की टीम ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से चर्चा भी की और योगी सरकार के लव जेहाद व धर्मांतरण को रोकने को लेकर बने कानून (विधि विरूद्ध धर्म सम्परिवर्तन प्रतिशेध अध्यादेश-2020) व कार्रवाईयों की सराहना की। सीएम योगी मंत्रिमंडल के साथ इस फिल्म का अवलोकन भी करेंगे। सीएम ऑफिस से दो दिन पहले किए गए ट्वीट में लिखा गया है कि सीएम योगी अपने पूरे मंत्रिमंडल के साथ 12 मई 2023 को लखनऊ में 'द केरल स्टोरी' फिल्म देखेंगे।

# दूसरे चरण में भी रहेगी कड़ी सुरक्षा, 35 कंपनी केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल तैनात

## निरोधात्मक कार्रवाई में अब तक 17649 गैर जमानती वारंटी, 7225 वांछित अभियुक्त व 304 ईनामी अपराधी गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**नगर** निकाय चुनाव के दूसरे चरण में बृहस्पतिवार को 38 जिलों में होने वाले मतदान के लिए सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए हैं। राज्य के स्पेशल डीजी कानून व्यवस्था प्रशांत कुमार ने बताया कि शांतिपूर्ण मतदान संपन्न कराने के लिए भारी संख्या में सिविल पुलिस के साथ ही 76 कंपनी-दो प्लाटून पीएसी और 35 कंपनी केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल तैनात किया गया है। स्पेशल डीजी ने कहा कि उत्तर प्रदेश पुलिस नगरीय निकाय चुनाव को सकुशल संपन्न कराने के लिए कटिबद्ध है।

उन्होंने बताया कि मतदान से पहले ही निरोधात्मक कार्रवाई करते हुए इन समस्त जिलों में अभियान चलाकर 17649 गैर जमानतीय वारंटियों, 7225 वांछित अभियुक्तों तथा 304 पुरस्कार घोषित अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। स्पेशल डीजी ने बताया कि मतदान की प्रक्रिया को निष्पक्ष व सकुशल सम्पन्न कराने के लिए पुलिस मुख्यालय स्थित चुनाव प्रकोष्ठ द्वारा प्रदेश के समस्त जनपदों के मतदान केन्द्रों की संवेदनशीलता का विविध कारकों के आधार पर आंकलन करते हुए अतिसंवेदनशील प्लस तथा अतिसंवेदनशील मतदान केन्द्रों व मतदेय स्थलों का चिन्हीकरण करते हुए योजनाबद्ध पुलिस प्रबन्ध किया गया है। नगर निकाय निर्वाचन के द्वितीय चरण में 38 जनपदों में 7 नगर निगम, 95 नगर पालिका परिषद एवं 268 नगर पंचायत के पदों पर मतदान सम्पन्न होगा। मतदान के लिए 6380 मतदान केन्द्र तथा 19584 मतदेय स्थल बनाए गए हैं। चिन्हित समस्त अतिसंवेदनशील प्लस व अतिसंवेदनशील मतदान केन्द्रों पर जिला निर्वाचन अधिकारी से समन्वय स्थापित कर आवश्यकतानुसार वेब कॉस्टिंग, वीडियोग्राफी एवं सीसीटीवी कैमरों आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करायी जा रही है। वरिष्ठ अधिकारियों के नेतृत्व में पुलिस, पीएसी बल तथा सीएपीएफ द्वारा नियमित फ्लैग मार्च, फुट पेट्रोलिंग तथा घुड़सवार पुलिस के द्वारा संवेदनशील क्षेत्रों में नियमित पेट्रोलिंग कराई जा रही है। समस्त मतादन केंद्रों व मतदेय स्थलों का राजपत्रित अधिकारियों के नेतृत्व में निरीक्षण व शत-प्रतिशत भौतिक सत्यापन कराया गया है। पुलिस मुख्यालय पर राजपत्रित अधिकारी के नेतृत्व में चुनाव प्रकोष्ठ तथा कंट्रोल रूम का गठन कर समस्त सभी जिलों में योजनाबद्ध कार्रवाई का गहन अनुश्रवण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मतदान के दौरान सिविल पुलिस के 12103 इंस्पेक्टर व सब इंस्पेक्टर, 57201 हेड कांस्टेबल व कांस्टेल, 40525 होमगाड्र्स तैनात किए गए हैं। इसके साथ ही प्रशिक्षणाधीन 7935 सब इंस्पेक्टर को भी ड्यूटी पर तैनात किया गया है। मतदान वाले सभी जिलों के अभिसूचना तन्त्र तथा सोशल मीडिया सेल को सतर्क व सक्रिय करते हुए विद्वेषकारी तत्वों तथा आपत्तिजनक, उत्तेजनात्मक, भड़काऊ पोस्ट करने वाले अराजक तत्वों पर सतर्क दृष्टि रखते हुए प्रभावी विधिक कार्रवाई कराई जा रही है। पुलिस मुख्यालय स्तर से चुनाव नियंत्रण कक्ष स्थापित करते हुए शिफ्टवार राजपत्रित अधिकारियों की ड्यूटी लगाकर समस्त कार्रवाई तथा निर्वाचन प्रक्रिया का गहन अनुशीलन किया जा रहा है।

## केरल स्टोरी आतंकवाद के क्रूर चेहरे को सामने लाने वाली फिल्मः डॉ. दिनेश शर्मा

● पूर्व उप मुख्यमंत्री ने कहा, कर्नाटक चुनाव कांग्रेस को राजनीति के आईसीयू में पहुंचा देगा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**भारतीय** जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता व उप्र के पूर्व उप मुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा ने कहा कि विपक्षी दल देश में एक वर्ग विशेष को दोयम दर्जे का नागरिक देखना चाहते हैं। केरल स्टोरी फिल्म पर विपक्षी दलों के शासन वाले राज्यों में लगाई जा रही रोक को दुर्भाग्यपूर्ण व षडयंत्र बताते हुए उन्होंने कहा कि ऐसा करके सच्चाई पर पर्दा डालने का प्रयास किया जा रहा है।

डॉ. दिनेश शर्मा ने बुधवार को कहा कि यह आतंकवाद के क्रूर चेहरे को सामने लाने वाली फिल्म है। आज केरल से अधिक अत्याचार बंगाल में हो रहा है। असल में विपक्ष को देश की चिन्ता ही नहीं है। टीएमसी जैसी पार्टी तो जैसे अखंड बांगलादेश का सपना देख रही है क्योंकि उनका अधिकांश वोटर जाली मतदाता पत्र बनवाकर वहीं से आता है। उन्होंने कहा कि कर्नाटक में भाजपा बड़े अन्तर से जीत दर्ज करने जा रही है। यह चुनाव कांग्रेस को राजनीति के आईसीयू में पहुंचा देगा। उन्होंने कहा कि देश में इस समय बिहार से विपक्ष के दो बेचारे नेता ठगबंधन के लिए नए साथियों की तलाश में दर-दर भटक रहे हैं पर कोई भी उनके साथ आने को तैयार नहीं हो रहा है। अब उड़ीसा के मुख्यमंत्री ने उनके अभियान को लाल झंडी दिखा दी है। ये ऐसे लोग हैं जिनसे उनका खुद का घर तो उनसे संभल नहीं रहा है। जदयू तो आज अपने अस्तित्व को बचाने के लिए संघर्ष कर रहा है। 2024 के आगामी लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री पद पर अभी नो वैकेंसी है। प्रधानमंत्री मोदी पिछले से अधिक बहुमत से तीसरी बार जीत कर प्रधानमंत्री बनेंगे। पूर्व उप मुख्यमंत्री ने कहा कि नगर निकाय चुनाव में भाजपा एकतरफा जीत दर्ज करने जा रही है। इन चुनावों में विपक्षी दलों के महापौर प्रत्याशियों की जमानत तक नहीं बचेगी। सपा, बसपा और कांग्रेस की बची खुची उम्मीद पर जनता पानी फेरने का काम करेगी। प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री योगी की सरकार के कार्यों ने लोगों के दिलों को जीत लिया है।

## सिक्योरिटी पेपर की व्यवस्था से अवैध खनन परिवहन पर लगेगा अंकुशः डॉ. रोशन जैकब

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**निदेशक** भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग डॉ रोशन जैकब ने बताया कि उप खनिजों के खनन व परिवहन व्यवस्था को और अधिक पारदर्शी, सरल व प्रभावी बनाने के लिए खनन विभाग में खनिजों की परिवहन हेतु ई परिवहन प्रपत्र निर्गत करने की व्यवस्था को संशोधित कर और अधिक पारदर्शी व प्रभावी तथा सरल बनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अभी तक ई परिवहृन प्रपत्र साधारण के पेपर पर मुद्रित किए जाते रहे हैं, जिसमें किन्हीं कारणों से प्रपत्रों के दुरुपयोग की संभावना बनी रहती थी, जिसे रोकने के लिए सिक्योरिटी फीचर युक्त सिक्योरिटी पेपर की व्यवस्था को प्रदेश में लागू किया गया है। डॉ. जैकब ने बताया कि सेक्योरिटी पेपर मे 09 सेक्योरिटी फीचर निहित है, जिनके सम्बन्ध में जनपदीय खान अधिकारियों को अवगत करा दिया गया है। सिक्योरिटी पेपर की व्यवस्था को लागू किये जाने के लिए विभागीय पोर्टल माइन मित्रा के ऑनलाईन खनिज प्रबन्धन प्रणाली के ईएमएम11 मॉड्यूल पर प्राविधान किये गये है। सिक्योरिटी पेपर ए4 साइज मे होगा, जिसमे ई परिवहन प्रपत्र को तीन प्रतियों में मुद्रण हेतु डिजाइन किया गया है।

## सपा ने निर्वाचन आयोग से की शिकायत

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर बुधवार को समाजवादी पार्टी की ओर से मुख्य निर्वाचन आयुक्त भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली को सम्बोधित पत्र प्रेषित कर रामपुर जनपद के विधानसभा क्षेत्र स्वार और मिर्जापुर जनपद के विधानसभा क्षेत्र छानबे में हो रहे उपचुनाव के मतदान में धांधली तथा सत्तापक्ष द्वारा मतदाताओं को डराने-धमकाने तथा बूथ कैप्चर करने की शिकायतों को तत्काल संज्ञान लेकर कार्रवाई करने की मांग की है। समाजवादी पार्टी के पूर्व सांसद राज्यसभा एवं निवर्तमान सदस्य विधान परिषद अरविन्द कुमार सिंह द्वारा उपचुनाव से सम्बन्धित तमाम शिकायतें मुख्य निर्वाचन आयुक्त को प्रेषित कर उन पर तत्काल कार्यवाही की अपेक्षा की गई है।

## सादगी के साथ मनाया गया प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष का जन्मदिन



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बृजलाल खाबरी का जन्मदिन बुधवार को सादगी के साथ मनाया गया। पूरे दिन दूरभाष एवं सोशल मीडिया के माध्यम से बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। जन्मदिन की बधाई देने वालों में राजनैतिक, पत्रकार, खेल एवं शिक्षा जगत की हस्तियां, सामाजिक कार्यकर्ता तथा कांग्रेस जन शामिल रहे। प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता एवं मीडिया संयोजक अशोक सिंह न बताया कि खाबरी के जन्मदिन के अवसर पर प्रदेश मुख्यालय पर वरिष्ठ कांग्रेसजनों द्वारा केक काटकर उन्हें बधाई दी गई। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश महासचिव, प्रभारी प्रशासन दिनेश सिंह, कोषाध्यक्ष शिव पांडेय, प्रदेश सचिव शाहनवाज मंगल आजमी, प्रदेश प्रवक्ता पंकज तिवारी, जिलाध्यक्ष वेद प्रकाश त्रिपाठी, ममता चौधरी, शोएब खान, राकेश पांडेय, नारायण पति त्रिपाठी, सुशीला शर्मा, जितेन्द्र कुमार वर्मा, शब्बीर हाशमी, केडी शुक्ला, नीरज तिवारी, कांग्रेस मेयर प्रत्याशी संगीता जायसवाल, अनामिका यादव सहित भारी संख्या में कांग्रेसजनों ने खाबरी को जन्मदिन की बधाई दी।

## सपा को मिल रहे भारी जनसमर्थन से भाजपा में बौखलाहटः अखिलेश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार के लिए भाजपा सरकार जिम्मेदार है। भाजपा सरकार प्रदेश में अराजकता फैला रही है। झूठे वादे करना और दूसरों पर झूठे आरोप लगाने के अलावा भाजपा के पास और कुछ नहीं है। भाजपा सरकार को विकास कार्य और जनता की सुविधाओं से कोई मतलब नहीं है। प्रदेश की जनता भाजपा के झूठे वादों और बहकावों से अब ऊब चुकी है। उन्होंने विश्वास जताया कि नगर निकाय चुनाव के दूसरे चरण के मतदान के अवसर पर जनता भाजपा का सफाया कर विकास और सद्भाव की राजनीति को आगे बढ़ाएगी। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा नफरत फैलाने और नकारात्मकता को बढ़ावा देने की राजनीति करती है। नगर निकाय चुनाव में समाजवादी पार्टी को मिल रहे भारी जनसमर्थन से भाजपा में बौखलाहट है। जनता भाजपा की डबल इंजन सरकार और नगर निगमों के मेयरों से हिसाब लेने को तैयार है। नगर निकायों में भाजपा के सत्ता काल में न कहीं कूड़ा उठाए न ही साफ सफाई पर ध्यान दिया गया। जनता को सामान्य नागरिक सुविधाएं भी नहीं मिली। अखिलेश ने कहा कि सत्ता में आने के बाद भाजपा ने जनता को कदम-कदम पर धोखा दिया है। किसानों, नौजवानों, छात्रों, महिलाओं, व्यापारियों, से किये वादों को पूरा नहीं किया। भाजपा ने अपने संकल्प पत्रों को कूड़ेदान में फेंक दिया। पूरे निकाय चुनाव में भाजपा नेताओं ने जनता के हितों और सुविधाओं की बात नहीं की। अखिलेश ने कहा कि भाजपा ने जनता को स्मार्ट सिटी का सपना दिखाया। प्रदेश का एक भी शहर स्मार्ट सिटी के मानक को पूरा नहीं कर रहा है। भाजपा नेताओं ने भ्रष्टाचार और लूट की। समाजवादी सरकार ने जो अच्छे काम किए भाजपा ने उन्हें बर्बाद किया।

## यूपीसीडा रिकार्ड 1148 इकाइयों को धरातल पर लाया

● यूपी को औद्योगिक प्रदेश बनाने की सीएम योगी की मुहिम का दिख रहा असर

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** में औद्योगिक निवेश को आकर्षित करने और अगले 5 वर्षों में प्रदेश को 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के सीएम योगी के लक्ष्य को पूरा करने के लिए प्रदेश सरकार के साथ-साथ उसके विभाग भी एड़ी चोटी का जोर लगा रहे हैं। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) ने 202223 में रिकॉर्ड 1148 इकाइयों को समयबद्ध उत्पादन में लाने एवं धरातल पर उतारने में सफलता प्राप्त की। यह आंकड़ा विगत 5 वर्षों की तुलना में 184 प्रतिशत से अधिक है। प्राधिकरण की सेवाएं ऑनलाइन किए जाने एवं निवेशकों के लिए नीतियों को सरल किए जाने के फलस्वरूप यह परिणाम प्राप्त हुए हैं। इसके अलावा प्राधिकरण द्वारा लगातार भूमि बैंक तैयार कर प्रदेश के सभी 154 औद्योगिक क्षेत्रों में अवस्थापना सुविधाओं के लिए बेहतर विकास कार्य किए गए हैं।

विभिन्न जनपदों में स्थापित किए गए उद्योग प्राधिकरण के सीईओ मयूर माहेश्वरी ने कहा कि प्रदेश में जंहा पहले 400 से 500 इकाईयां प्रत्येक वर्ष में उत्पादन में आती थी, वहीं आज यह संख्या हजारों में पहुंच गई है। यूपीसीडा द्वारा प्रदेश के विभिन्न जनपदों में उद्योग स्थापना का कार्य किया गया है। उसी के परिणाम स्वरुप पिछले पांच वर्षों में, उत्पादन इकाइयों की संख्या में 184 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। जो वित्त वर्ष 2018-19 में 403 से बढ़कर वित्त वर्ष 2022-23 में 1148 हो गई है। प्राधिकरण के सीईओ के अनुसार, अन्य जनपदों में भी प्रमुख इकाईयों का निर्माण कार्य प्रगति पर है जिसे जल्द ही धरातल पर लाया जाएगा।

प्राधिकरण द्वारा सरल नीति, ऑनलाइन भूमि की उपलब्धता एवं बेहतर अवस्थापना सुविधाओं को उपलब्ध कराए जाने के फलस्वरूप यूपीसीडा पिछले कुछ वर्षों में मेगा निवेशकों के लिए अग्रणी गंतव्य बन गया है। पिछले 6 वर्षों में यूपीसीडा में वर्षवार निवेश में 277 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जिसमें वर्षवार रोजगार सृजन के संदर्भ में 200 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। प्रमुख निवेशकों जैसे वरुण पेय पदार्थों ने 2328 करोड़ रुपए (3 यूनिट), एबी मौरी ने 1100 करोड़ रुपए, एसएलएमजी ने 700 करोड़ रुपए, बेस्टब्रू एलोकोबेव ने 516 करोड़ रुपए, मैपी ने 250 करोड़ रुपए का निवेश किया। प्राधिकरण द्वारा प्रदेश के पिछड़े क्षेत्रों में भी निवेश उपलब्ध कराया जा रहा है। वर्ष 2022-23 में प्रदेश के पूर्वांचल क्षेत्र में 2600 करोड़ रुपए, बुंदेलखंड में 635 करोड़ रुपए, पश्चिमांचल में 1750 करोड़ एवं मध्यांचल में 300 करोड़ से अधिक का निवेश भूमि आवंटन से प्राप्त किया गया। इसमे 23000 से अधिक का रोजगार प्रदेश को प्राप्त होगा।

# तेज हुआ अभियान, मणिपुर से और 36 छात्रों की हुई वापसी

● अब तक यूपी के कुल 98 छात्रों को योगी सरकार ला चुकी है वापस, बचे 38 छात्र भी कल तक आ जाएंगे वापस

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मणिपुर** से छात्रों को वापस लाने के अभियान को और तेज करते हुए योगी सरकार बुधवार को 36 और छात्रों की सफल वापसी कराने में सफल रही है। ये सभी छात्र अलग-अलग रूट से दिल्ली लाए जा रहे हैं और इनके देर रात तक आने का सिलसिला कायम रहा। इससे पहले मंगलवार को भी योगी सरकार ने मुहिम चलाकर कुल 62 छात्रों को वापस लाने में कामयाबी हासिल की थी। इस तरह अब तक यूपी के 98 छात्रों को सरकार वापस ला चुकी है और बाकी बचे 38 छात्रों को भी गुरुवार तक वापस लाने का लक्ष्य रखा गया है। ये वो छात्र हैं, जो मणिपुर के अलग-अलग संस्थानों में शिक्षा ग्रहण कर रहे थे और वहां उपजे हालातों के चलते सरकार ने उन्हें वहां से निकालने का निर्णय लिया है। जो छात्र दिल्ली पहुंच चुके हैं, उन्हें प्रदेश सरकार की ओर से वोल्वो बसों और कारों से सुरक्षित उनके घरों के लिए रवाना किया जा रहा है। इस अभियान के रिलीफ कमिश्नर आईएएस प्रभु ने बताया कि मणिपुर से आने वाले सभी छात्रों की देखभाल की जा रही है। पहले उन्हें एयरपोर्ट से आरसी ऑफिस और फिर यूपी भवन पहुंचाया जा रहा है, जहां इनके खाने-पीने और सोने की व्यवस्था है। इसके बाद छात्रों को उनके घरों के लिए भेजने की व्यवस्था की गई है। जो छात्र दूर-दराज के इलाकों में रहते हैं, उन्हें वोल्वो बसों द्वारा भेजा जा रहा है जबकि जो छात्र पास के इलाकों से हैं उनके लिए कार का प्रबंध किया गया है। सीएम निर्देश के अनुसार सभी छात्रों को उनके घर तक सकुशल पहुंचाने की जिम्मेदारी का निर्वहन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि ज्यादातर छात्रों को मणिपुर से निकाल लिया गया है। अब 38 छात्र ही वहां पर बचे हैं, जिन्हें गुरुवार तक वापल ले आया जाएगा। हमारी प्राथमिकता है कि यूपी के जो भी छात्र मणिपुर में पढ़ाई कर रहे हैं, उन्हें जल्द से जल्द वापस लाना है। हमें 136 छात्रों की मणिपुर में होने की जानकारी मिली थी, जिस पर अभियान चलाकर उन्हें वापस लाने की कार्यवाही की गई है। प्रदेश सरकार की ओर से 24 गुणे 7 हेल्पलाइन 1070 स्थापित की गई है। इसमें यदि किसी और छात्र के वहां होने की जानकारी मिलेगी तो उसे भी वहां से निकालने के लिए जो भी संभव होगा वो कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने बताया कि मणिपुर की सरकार की ओर से यूपी के छात्रों को निकालने में भरपूर सहयोग मिला है।

## तैयार पोर्टल पर दर्ज हो आवंटित धनराशि के साथ पूर्ण विवरणः मुख्य सचिव

**लखनऊ।** मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र की अध्यक्षा में 15वें केन्द्रीय वित्त आयोग की उच्चस्तरीय अनुश्रवण समिति की बैठक आयोजित हुई। मुख्य सचिव ने कहा कि पंचायतीराज विभाग द्वारा एक पोर्टल तैयार कराया जाए, जिसमें वित्त आयोग द्वारा आवंटित धनराशि के साथ पूर्ण विवरण दर्ज किया जाए। पोर्टल के माध्यम से आवंटित धनराशि के व्यय की मॉनीटरिंग भी की जाए। पंचायतीराज के राज्य स्तरीय कॉल सेंटर के माध्यम से ग्राम प्रधानों, ग्राम सचिवों, पंचायत सहायकों से सीधा संवाद कर उनका निराकरण कराया जाए। ग्राम पंचायतों में पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित कराने के लिए ग्राम पंचायतों में पेयजल परियोजनाओं के आपरेशन एवं मेन्टनेन्स कार्य के लिए सम्बन्धित कर्मियों का आवश्यकतानुसार प्रशिक्षण कराया जाए। बैठक में बताया गया कि 91254 राजस्व ग्रामों में टाईड ग्रांट से कार्य कराकर ओडीएफ श्रेणी में मार्क कराया गया है। प्रदेश की 57708 ग्राम पंचायतों में ग्राम सचिवालय की स्थापना करायी जा चुकी है।

## 7.5 अरब से यूपी में विकास कार्यों को मिलेगी रफ्तार

● दोनों सदनों कुल 499 सदस्यों को प्रथम किस्त के रूप में मिले 7.48 अरब रुपए



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**विकास** के पथ पर अग्रसर उत्तर प्रदेश के विकास को अब और गति मिलने जा रही है। विधानमंडल के दोनों सदनों (विधानसभा और विधान परिषद) के सभी 499 सदस्यों को शासन की ओर से उनके क्षेत्रों में विकास के लिए प्रदान की जाने वाली प्रस्तावित निधि की प्रथम किस्त के रूप में करीब 7.5 अरब रुपए प्रदान किए हैं। इस राशि को जनप्रतिनिधि अपने क्षेत्रों में विकास कार्यों पर खर्च कर सकेंगे। शासन की ओर से राशि स्वीकृति किए जाने का आदेश भी जारी कर दिया गया है।

योगी सरकार प्रदेश के प्रत्येक जिलेए प्रत्येक गांव को विकास से सराबोर करने के लिए प्रतिबद्ध है। इसी के दृष्टिगत विकास निधि को समय पर उपलब्ध कराना प्रदेश सरकार की प्राथमिकता में सम्मिलित है। ज्ञात हो कि विधान मंडल क्षेत्र विकास निधि के अंतर्गत कुल 25.20 अरब रुपए का प्रावधान किया गया है। इसी क्रम में मौजूदा बजट व्यवस्था के अंतर्गत विधान सभा के कुल 403 में से 401 सदस्यों (2 रिक्त स्थान) के लिए कुल 6 अरब एक करोड़ पचास लाख रुपए की धनराशि राज्य सरकार द्वारा पहली किस्त के रूप में स्वीकृत की गई है। वहीं, विधान परिषद के कुल 100 में से 98 (2 स्थान रिक्त) सदस्यों के लिए निर्वाचन क्षेत्रों में विकास कार्यों पर खर्च करने हेतु कुल एक अरब सैंतालिस करोड़ रुपए देने का प्राविधान किया गया है। इस प्रकार विधान मंडल के दोनों सदनों के कुल 499 सदस्यों के लिए 7 अरब 48 करोड़ 50 लाख रुपए की व्यय राशि जारी की गई है। इस राशि में जीएसटी की राशि भी सम्मिलित है। जारी की गई कुल राशि में प्रत्येक सदस्य को विकास कार्यों के लिए डेढ़-डेढ़ करोड़ रुपए की धनराशि प्राप्त होगी। यह धनराशि विधान मंडल के सदस्य अपने क्षेत्र के विकास पर ही खर्च कर सकेंगे। वहीं जिन निर्वाचन क्षेत्रों में विधान मंडल के सदस्यों के पद रिक्त हैं वहां के लिए कोषागार से राशि जारी नहीं की जाएगी। आदेश में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि जिन स्थानों पर आचार संहिता लागू है, वहां नियमों का पालन करते हुए ही कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

# मतदान केन्द्रों का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था के दिए निर्देश

● आईजी बरेली रेंज डॉक्टर राकेश सिंह ने शाहजहांपुर पहुंचकर महानगर के विभिन्न मतदान केंद्रों का भ्रमण कर परखी सुरक्षा व्यवस्थाएं



**संवाददाता।** शाहजहांपुर

**आईजी** डॉ. राकेश सिंह ने महानगर के मतदान केंद्रों का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए। आपको बता दें की नगर निकाय निर्वाचन 2023 के संबंध में आईजी बरेली रेंज डॉ. राकेश सिंह शाहजहांपुर पहुंचे जहां उन्होंने महानगर के विभिन्न मतदान केंद्रों का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्थाएं देखी। साथ ही उन्होंने ड्यूटी पर तैनात रहने वाले पुलिस कर्मियों एवं अर्धसैनिक बलों के संबंध में जानकारी हासिल की और मतदान प्रक्रिया को सकुशल संपन्न कराने के आवश्यक दिशा निर्देश जारी करते हुए कहा कि मतदान में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस अवसर पर उनके साथ पुलिस अधीक्षक एस. आनंद, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण संजीव कुमार बाजपेई, एसपी सिटी सुधीर जायसवाल सहित संबंधित अधिकारी व कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

## सुबह 6 बजे मतगणना कार्मिकों की होगी इंट्री

● जिलाधिकारी ने कार्मिकों को पढ़ाया कर्तव्य निष्ठा का पाठ

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी



**नगरीय** निकाय सामान्य निर्वाचन 2023 के लिए डीएस कॉलेज में बुधवार को आरओए एआरओ एवं मतगणना कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया गया। कार्मिकों को मतपेटिका की जांचए मतपत्रों की बंडलिंग करनाए वैध अवैध मतों की पहचान के साथ गणना के संबंध में तकनीकी व व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कार्मिकों को कर्तव्यनिष्ठा का पाठ पढ़ाया। कहा कि गणना का कार्य महत्वपूर्ण है। सभी कार्मिक पूरी शालीनताए धैर्य व संयम के साथ राज्य निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों के अनुसार गणना का कार्य कराएंगे। मतगणना के दिन कार्मिकों का प्रवेश सुबह छह बजे होगा। पंडाल के अंदर मोबाइल पूर्ण प्रतिबंधित रहेगी। अनुशासन में रहकर कार्मिक अपने दायित्वों का निवर्हन करेंगेए जिससे किसी दूसरे व्यक्ति को आप पर शंका न हो। मतदान की तर्ज पर ही मतगणना कार्य निपटाने में सभी कार्मिक तल्लीन रहेंगे। पूरी सावधानी के साथ रिजल्ट शीट की प्रतियों को भरने का कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि ऐसा कार्य करें कि पोलिग एजेंट भी आपकी काम से संतुष्ट हो जाएं। डीएम ने बताया कि अध्यक्ष व सदस्य के पदों के लिए अलग.अलग मत पत्रों का उपयोग किया गया है। इसलिए राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा दी व्यवस्था के अनुसार मत पेटिकाओं को खोलने के बाद मतपत्रों की छंटाई व बंडलिंग का कार्य सावधानी के साथ किया जाए। उन्होंने सभी से चक्रवार गणना पर एजेंटों का हस्ताक्षर हर हाल में कराने का निर्देश दिया। डीएम ने कहा कि मतगणना कार्य में किसी तरह की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## मतगणना में किसके सिर बंधेगा ताज, कयासों का सिलसिला जारी

**संवाददाता।** मोहम्मदी

**नगर** पालिका चुनाव की मतगणना के बीच बचे सिर्फ दो दिनएकयासों का दौर जारी है। मतदान के बाद भी अजीब सी खामोशी है। मतदान के पहले से लेकर अभी तक मतदाताओं की चुप्पी प्रत्याशियों के दिलों की धड़कनों को बढ़ाने के लिए काफी है। ऐसा पहला चुनाव देखने को मिला है जिसमें मतदाता अपना मतदान करने के बाद केवल खामोश हो गया है, तथा कुछ बोलने को तैयार नही, आम मतदाताओ मे कहीं कोई चुनाव की चर्चा नहीं, कोई गणित नहीं, लगातार दिख रहा है। केवल घरों में बैठकर गुणा भाग लगाने का दौर जारी है, परंतु भारतीय जनता पार्टी और समाजवादी पार्टी के मूल मतदाता भी कुछ बोलने के लिए तैयार नहीं हैं। ऐसे मतदाता भी मतदान करने के बाद बिल्कुल खामोश दिखाई दे रहे हैं । यह कौन सा लावा है जो किसी वक्त का इंतजार करने के साथ एक तूफान लाने का संकेत दे रहा है। कुछ न कुछ तो जरूर है, जिसमें इतनी खामोशी के साथ मतदाताओं ने अपना मतदान किया और फिर खामोशी के साथ अपने अपने घरों को लौट कर चुनाव पर कोई चर्चा करना मुनासिब नहीं समझ रहा है। लोगों से बात करने पर मालूम हुआ कि यह पहला चुनाव ऐसा है जिसमें मतदाता कुछ बोलने को तैयार नहीं है तथा किस प्रत्याशी के पक्ष में ज्यादा मतदान हुआ है। बहर हाल 13 मई को मतगणना का काम शुरू होगा और शुरुआती रुझान से मालूम हो जाएगा कि आम जनता का निर्णय क्या हैए किसके सर बंधेगा ताजए सभी को इसका इंतजार है। बहरहाल इस बार की जनता बेहद होशियार है जो जीतेगा उसी के साथ मनाएंगे जश्न और देंगे बधाई।

## राष्ट्रीय हिंदू शेर सेना ने निःशुल्क दिखाई फिल्म द केरल स्टोरी

**संवाददाता।** सीतापुर

**सीतापुर** के एससीएम में राष्ट्रीय हिंदू शेर सेना की ओर से फिल्म द केरल स्टोरी को बहन बेटियों को निशुल्क दिखाया गया। राष्ट्रीय हिंदू शेर सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष विकास हिन्दू ने फिल्म के बारे में बेटियों को पूरी बात समझाई। उनको बताया गया कि यह महज फिल्म नहीं है बल्कि एक सत्य घटना है। इस सच्चाई से सभी को रूबरू होने की जरूरत है क्योंकि जो केरल में हुआ है वह कहीं भी किसी के साथ हो सकता है। इसलिए फिल्म को देखने के साथ साथ हमें जागरूक भी होना होगा। विकास हिन्दू ने बताया कि हमारी प्राथमिकता 15 वर्ष से 40 वर्ष तक की बहन बेटियों को इस मूवी को दिखाने की है। हम अपने समाज के सभी बहनों को जागरूक करना चाहते हैं। राष्ट्रीय महासचिव प्रदीप हिन्दू ने कहा कि हमारी बहन बेटियों को जागरूक होने की आवश्यकता है लव जिहाद के चक्कर में न पड़ें। भारत तिब्बत सहयोग मंच के अध्यक्ष प्रभात अग्निहोत्री ने कहा कि हिंदू धर्म में मातृशक्ति को सम्मान की नजर से देखा जाता है। मैं अपने समाज की बेटियों से यही कहना चाहता हूं कि आप किसी विधर्मी के बहकावे में न आएं। द केरला स्टोरी फिल्म को 160 माताओं–बहनों ने देखा। इस मौके पर शीतल अग्रवाल, विनीता, अंशु गुप्ता, वेदिका मिश्रा, पारुल, पूनम, ऋचा, सोनम, खुश्बू, स्नेहा, अनुपमा, स्वाती आदि महिलाएँ उपस्थित रहीं।

## क्षत्रिय महासभा ने महाराणा प्रताप के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया

● वक्ताओं ने कहा कि हम सबको महाराणा प्रताप के जीवन से प्रेरणा लेकर उनके बताए मार्ग पर चलना चाहिए

**संवाददाता।** शाहजहांपुर

**अखिल** भारतीय क्षत्रिय महासभा के तत्वाधान में आज बरेली मोड़ स्थित आवास विकास कॉलोनी निकट पुरानी पुलिस चौकी जिला कार्यालय पर महाराणा प्रताप जयंती समारोह का अवसर पर उपस्थित सभी क्षत्रिय बंधुओ ने महाराणा प्रताप के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया कार्यक्रम की अध्यक्षता अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के जिलाध्यक्ष राष्ट्रपति पुरुष्कार से सम्मानित पदम सिंह एवं संचालन जिला महामंत्री कुंवर मुनीश सिंह परिहार एडवोकेट ने किया इस मौके पर महाराणा प्रताप जयंती समारोह को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित पदम सिंह ने कहा कि हम सबको महाराणा प्रताप जी के जीवन से प्रेरणा लेकर उनके बताए मार्ग पर चल कर उनका अनुसरण करें इस मौके पर महाराणा प्रताप जयंती समारोह को संबोधित करते हुए जिला महामंत्री कुंवर मुनीश सिंह परिहार एडवोकेट ने कहा कि क्षत्रिय समाज के युवाओं का आवाहन करते हुए कहा कि क्षत्रिय समाज के युवा राष्ट्र सेवा की भावना को लेकर आगे और महा राणा प्रताप जी के बलिदान से प्रेरणा लेकर हमारी आने वाली पीढ़ी को संस्कारवान बनाए इस मौके पर उपस्थित सभी क्षत्रिय बंधुओं ने महाराणा प्रताप जयंती पर अवकाश घोषित किए जाने की जोरदार मांग की इस मौके पर प्रमुख रुप से कोशलेंदर सिंह, उदय प्रताप सिंह, अमित सिंह, हनी सिंह,प्रीतम सिंह पुजारी,राज कुमार सिंह, संदीप सिंह,संजय सिंह,राम कुमार सिंह,विजय सिंह, दीप सिंह, विजय सिंह ,उपेंद्र सिंह, राज सिंह चौहान, लोकेंद्र सिंह, अजय सिंह, रणविजय सिंह, विजय सिंह प्रताप,राजभान सिंह, आदि लोग उपस्थित रहे।

## मतदाता जागरूकता के लिए हुआ संवाद

**संवाददाता।** शाहजहांपुर

**नगर** निगम द्वारा मतदाता जागरूकता एवं स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 के रोजा क्षेत्र में महिला स्वयंसेवी समूहों के साथ बैठक का आयोजन किया गया जिसमे लोगों के मध्य अधिक से अधिक मतदान हेतु जाकरूकता फैलाने एवं आगामी स्वच्छ सर्वेक्षण की तैयारियों के विषय में चर्चा की गई। अपर नगर आयुक्त एस0 के0 सिंह द्वारा क्षेत्र में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित किए जाने पर बल दिया गया।अपर नगर आयुक्त न



बताया कि लोकतंत्र के स्तंभ को और भी मजबूती देने के लिए सभी को मिलकर मेहनत करनी होगा और अधिक से अधिक मतदान सुनिश्चित करना होगा। साथ ही स्वच्छ सर्वेक्षण के विषय में बताया गया कि 17 मई के बाद से टीमें कभी भी नगर के इंस्पेक्शन के लिए आ सकती है इसलिए अपने नगर को सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग दिलाने के लिए हमे स्वच्छता पर विशेष ध्यान देना होगा और यह सामूहिक प्रयासों से ही संभव है। जिला कार्यक्रम प्रबंधक द्वारा कूड़े को पृथक पृथक कर देने और बाहर कूड़ा न फेकने पर जोर देते हुए लोगों को कूड़ाधन योजना के विषय में भी अवगत कराया गया। कार्यक्रम में अपर नगर आयुक्त एस0 के0 सिंह के साथ सहायक नगर आयुक्त रश्मि भारती , जिला कार्यक्रम प्रबंधक सैफ सिद्दीकी , सफाई निरीक्षक व डूडा के अन्य अधिकारी/ कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## क्विक न्यूज

### सम्मानित हुए मेधावी

**सीतापुर।** खैराबाद के हीरा पब्लिक इंटर कालेज में मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रिजवान अंसारी ने हाईस्कूल की बोर्ड परीक्षा में नगर में द्वितीय और विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले फैज अंसारी को ट्राफी व 5 हजार रूपए का चेक प्रदान कर प्रत्सोहित किया। इस अवसर पर प्रबंधक फैज अंसारी ने भी छात्र को घड़ी पहनाकर सम्मानित किया। अन्य कक्षाओं के मेधावी विद्यार्थियों को प्रबंधक फैज अंसारी, उप प्रबंधक बेबी तब्बसुम प्रधानाचार्या सुमन लता श्रीवास्तव ने ट्राफी व प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

### बस की टक्कर से ट्रैक्टर पर बैठे ठेकेदार की मौत

**बरेली।** लकड़ी से भरी ट्रैक्टर ट्राली को पीछे से आ रही बस ने टक्कर मार दी जिससे ट्रैक्टर चालक के पास बैठा लकड़ी ठेकेदार जमीन पर गिर पड़ा और ट्रैक्टर के नीचे दबकर उसकी मौत हो गई। दुर्घटना के बाद बस का चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मीरगंज थाना क्षेत्र के गांव गुलड़िया निवासी 40 वर्षीय खुशाली पुत्र लालाराम की आज सुबह तड़के मीरगंज ओवर ब्रिज के पास हुई सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। पोस्टमार्टम हाउस पर मृतक के घर वालों ने बताया कि खुशाली लकड़ी का ठेकेदार था और आज सुबह ट्रैक्टर ट्राली में लकड़ी भरकर उसे बेचने के लिए रमपुरा जाने के लिए अपने गांव से चला था लेकिन जब उसकी ट्रैक्टर ट्राली मीरगंज ओवर ब्रिज के पास पहुंची तभी पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार बस ने उसको टक्कर मार दी जिससे ट्रैक्टर के चालक के पास बैठा खुशाली ट्रैक्टर से नीचे गिर पड़ा और पहिए के नीचे आकर उसकी मौके पर ही मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने दुर्घटना की सूचना पुलिस को दी लेकिन जब तक पुलिस मौके पर पहुंची बस का चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया पुलिस मृतक के पास मिले मोबाइल फोन से उसके घर वालों को सूचना दी जो मौके पर पहुंचे और शव की शिनाख्त कर ली पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया मृतक की पत्नी का नाम राजेश्वरी है वह 4 बच्चों का पिता था ।

### प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के लाभार्थियों को जारी गोल्डन कार्ड

**सीतापुर।** जिले में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अवशेष लाभार्थियों को गोल्डन कार्ड जारी किए जा रहे है। ग्रामीण क्षेत्रों में यह कार्य स्वास्थ्य कर्मियों और पंचायत सहायकों द्वारा किया जा रहा है, इसमें अंत्योदय अन्न योजना से सबंधित समस्त लाभार्थियों को गोल्डन कार्ड जारी किए जाने है। इस कार्य को पूरा करने के लिए सभी उचित दर विक्रेताओं का सहयोग लिया जाना है। जिला पूर्ति अधिकारी संजय कुमार प्रसाद ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर यह जानकारी दी है।

### नाजायज तमाचों के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार

**बरेली।** नाजायज तमंचा के साथ बिथरी चौनपुर थाना पुलिस ने दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है जिनके पास से जो तमंचे और दो कारतूस बरामद हुए हैं। पुलिस ने दोनों के खिलाफआर्म्स एक्ट की धारा में मुकदमा पंजीकृत कर उन्हें जेल भेज दिया है।थाना बिथरी चौनपुर पुलिस थाना क्षेत्र की कनक धारा फैक्ट्री के निकट वांछित अपराधियों और शांति व्यवस्था तथा वाहन तलाशी को लेकर चेकिंग कर रही थी , तभी मुखबिर के द्वारा सूचना मिली की दो लोग एफसीआई गोदाम के पास मौजूद हैं , जिनके पास अवैध तमंचे है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर भरोसा कर दोनों अभियुक्तों को हिरासत में लेकर जामा तलाशी ली तो अभियुक्त राजीव पुत्र धनपाल निवासी रसुईया थाना बिथरी चौपनुर के पास से एक 12 बोर का तमंचा और एक कारतूस बरामद हुआ तथा दूसरे व्यक्ति आकाश मौर्य पुत्र भजनलाल निवासी रसुईया थाना बिथरी चौनपुर के पास से एक 315 बोर का तमंचा और कारतूस बरामद हुआ। पुलिस ने दोनों अभियुक्तों के खिलाफआर्म्स एक्ट की धारा 3ध्25 के तहत मुकदमा पंजीकृत किया है और दोनों को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है।

### सांसद राजेश वर्मा ने निर्माणाधीन सड़क का किया निरीक्षण

**सीतापुर।** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत निर्माणाधीन सड़क का निरीक्षण करने पहुंचे सीतापुर सांसद राजेश वर्मा कार्य की धीमी गति देख कर काफी नाराज हुए। सांसद ने मौके पर मौजूद कार्यदायी संस्था के जिम्मेदारों से समयबद्ध और गुणवत्तापूर्व कार्य करने सख्त निर्देश दिए। योजना के अंतर्गत सड़क का निर्माण रतनगंज से काशीपुर चौराहे तक पांच किलोमीटर लम्बी दूरी में कराया जा रहा है। निर्माण कार्य ग्रामीण अभियंत्रण विभाग की देखरेख में हो रहा है।

### 30 वर्षीय विवाहिता ने फांसी लगाकर दी जान

**पलियाकलां खीरी।** पलिया थाना क्षेत्र के ग्राम .कोठिया में 30 वर्षीया क्रांति देवी पत्नी ओमकार पुत्र रामस्वरूप ने घर के कमरे में फांसी लगा ली। मृतका के भाई राम लखन पुत्र गोकरन निवासी ग्राम .बल्लीपुर थाना निघासन खीरी ने बताया कि मुझे घटना कीआज सवेरे जानकारी मिली हम लोग पहुंचे तब परिजनों ने शव उतार दिया गया था। 2014 में मैंने अपनी बहन क्रांति देवी की शादी की थी । क्रांति देवी ककी मृत्यु संदिग्ध प्रतीत होती है। थाना पलिया पुलिस ने पंचनामा भरकर के शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### दिन दहाड़े युवक ने एटीएम को तोड़ने का किया प्रयास

**लखीमपुर खीरी।** दिनदहाड़े एक युवक ने कोतवाली सदर क्षेत्र के रोडवेज बस स्टैंड के सामने केनरा बैंक में लगे एटीएम को तोड़ने का प्रयास किया गया है। गनीमत रही कि युवक एटीएम को तड़ने में आ सफल रहा बड़ी घटना होने से बच गई। बुद्धवार की दोपहर करीब साढे 12 बजे रोडवेज चैकी के सामने कैनरा बैंक के बाहर लगा एटीएम को एक युवक तोड़ने का प्रयास करने लगा। यह घटना देख लोग दंग रह गये। लोगो ने घटना की जानकारी पुलिस चैकी रोडवेज को दी। रोडवेज चैकी पुलिस ने एटीएम तोड़ने वाले युवक को हिरासत में लिया। युवक का नाम सर्वेश कुमार जनपद मऊ बताया जा रहा है। पुलिस युवक से पूछताछ कर रही है।

### सीडीओ ने सरायण नदी का जीर्णोद्धार कार्य कराया प्रारम्भ

**लखीमपुर-खीरी।** सरायनी नदी लखीमपुर व सीतापुर के मध्य बहने वाली गोमती की सहायक नदी है। इसका उद्गम स्थल बांकेगंज ब्लाक के ग्रट नंबर 18 के बिजोखर मजरे के एक तालाब को माना जाता है। लोगों द्वारा जगह-जगह अतिक्रमण किए जाने के कारण और गोला चीनी मिल और नगर पालिका द्वारा अपने ब्लैक वाटर सरायन नदी में डाले जाने के कारण इसका अस्तित्व खतरे में है। यह पौराणिक नदी लखीमपुर और सीतापुर जिले के लिए जीवन रेखा जैसी है। पौराणिक इस रूप में कि यह मान्यता है कि वनवास के समय भगवान राम ने इस नदी में स्नान किया था। फिर भी इसका संकटग्रस्त होना बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है। जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी खीरी के निर्देश पर डिप्टी कमिश्नर मनरेगा विपिन चैधरी के निर्देशन में पर्यावरण विद प्रोफेसर वेंकटेश दत्ता के वैज्ञानिक मार्गदर्शन में सरायण नदी के जीर्णोद्धार का कार्य प्रारंभ किया जा रहा है। सराय नदी के दोनों तरफ500 मीटर के दायरे में आने वाले तालाब झीलों को सराय नदी से जोड़ा जाएगा। राजस्व प्रशासन की मदद से सरायन नदी को अतिक्रमण मुक्त कराया जाएगा। गोला ब्लॉक में लगभग 12 किलोमीटर जेसीबी से साफ कराया जायेगा।

## गेहूँ खरीद में सक्रिय सहयोग करें ग्राम प्रधान, पाएं पुरस्कारः एडीएम

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी

**तमाम** प्रयासों के बावजूद सरकारी गेहूं खरीद रफ्तार नहीं पकड़ रही है। खरीद बढ़ाने के लिए विपणन विभाग ने ग्राम पंचायतों का सहयोग लेने का निर्णय लिया है। विभाग को ज्यादा गेहूं की खरीदारी कराने वाले प्रधानों को विभाग सम्मानित करेगा। जिला खरीद अधिकारीए एडीएम संजय कुमार सिंह ने बताया कि रबी विपणन वर्ष 2023.24 में न्यूनतम मूल्य समर्थन योजना के तहत कृषकों से गेहूँ क्रय किया जा रहा है। सरकारी क्रय केन्द्रों पर गेहूँ की आवक कम हो रही है। ऐसी स्थिति में जरूरी है कि सरकारी गेहूँ क्रय केन्द्रों पर विक्रय के लिये किसानों को जागरुक, प्रोत्साहित किये जाने के लिए ग्राम प्रधानों को भी सम्मिलित किया जायेगा। एडीएम ने जिले के सभी ग्राम प्रधानों से अनुरोध किया कि ग्रामसभा स्तर पर गेहूँ खरीद में सक्रिय सहयोग देकर अधिकाधिक गेहूँ खरीद करायें। जिन ग्रामसभा के प्रधानों से यह सूचना मिलेगी कि ग्राम सभा में कृषकों के पास 100 रू/ कु0 गेहूँ विक्रय के लिए उपलब्ध है तो उसकी खरीद सम्बन्धित केन्द्र प्रभारी/ डिप्टी आरएमओ द्वारा ग्रामसभा में जाकर प्रक्रिया पालन कराते हुए तत्काल खरीद कराया जायेगा। जिस ग्राम प्रधान द्वारा सर्वाधिक गेहूँ सरकारी क्रय केन्द्रों पर विक्रय कराया जायेगाए उनको खाद्य विभाग द्वारा पुरुस्कृत किया जायेगा। एडीएम ने बताया कि यदि कोई ग्राम पंचायत गेहूं खरीद के लिये खाद्य विभाग के अधीन एजेंसी बनने हेतु इच्छुक है तो प्रार्थना पत्र प्राप्त कर क्रय एजेंसी नामित किये जाने हेतु नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करायी जायेगी। उक्त ग्राम पंचायत के सचिव को 02 दिवस में प्रशिक्षित किये जाने की कार्यवाही डिप्टी आरएमओ द्वारा पूर्ण करायी जायेगी। ग्राम पंचायत को एजेंसी नामित किये जाने पर उनके द्वारा किये गये खरीद को भा.खा.निगम को प्राप्त कराया जायेगा। ग्राम पंचायत द्वारा सरकारी गेहूँ खरीद किये जाने पर भारत सरकार द्वारा निर्धारित धनराशि रु0 27/– प्रति कुंतल देय होगा।

## गांव के ही एक घर में पंखे से झूलता मिला युवक का शव

● परिजनों ने पड़ोसियों पर लगाया हत्या का आरोप

**संवाददाता।** मैलानी खीरी।



**थाना** मैलानी के अंतर्गत निकटवर्ती गाव कंधईपुर में एक युवक शव गाव के ही एक घर के कमरे पंखे के सहारे साडी से लटकता मिला वही परिजनों ने पास में ही रहने वाले तीन नामजद व तीन अन्य लोगों पर हत्या का आरोप लगाया है। बताते चलें थाना मैलानी के कंधईपुर निवासी 20 वर्षीय मृतक बृजेश कुमार पुत्र दुलीचन्द्र ने पास में ही रहने वाले राम सिंह पुत्र बलदेव सिंह के घर में साड़ी के फंदे से पंखे के कुंडे में लटकता मिला। मृतक के परिजनों ने बताया मेरा पुत्र मंगलवार की रात 8 बजे मैलानी से बुकिंग पर गाड़ी ले जाने की बात कह कर घर से निकला था। खबर मिली पास में ही रहने वाले कैलाश के घर पर फंदे से लटक कर जान दे दी है। पुलिस को कैलाश की पत्नी मीनू के जेठ सुरेश ने पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़कर मृतक को फंदे से उतार कर जिला मुख्यालय पीएम के लिए भेजा मृतक के पिता ने थाने में तहरीर देकर बताया पास में ही रहने वाले लोगों से काफी दिनों से विवाद चल रहा था इन लोगों ने ही मेरे पुत्र की जान ली है। परिजनों ने बताया यह लोग पहले भी कई बार जान से मारने की धमकी दे चुके हैं इनके परिवार ने ही मिलकर मेरे पुत्र की हत्या की है। थानाध्यक्ष राहुल सिंह गौर ने बताया कंधईपुर निवासी 20 वर्षीय युवक फांसी पर लटका मिला है। मृतक के पिता ने 3 लोगों के लिए नामजद तहरीर दी है। मृतक को मारकर लटकाने का आरोप लगाया है इसकी जांच कर जो भी दोषी पाया जाएगा उस पर कठोर से कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## गर्मी ने बढ़ाई लोगों की परेशानियां

**पलियाकलां–खीरी।** मई के दूसरे सप्ताह की भीषण गर्मीए आग उगलता सूरज भट्ठी बनी जमीनए आम जन जीवन गर्मी से परेशान ऐसे में भरी दोपहरी में रोज बिजली गुल होने से नगर में त्राहि.त्राहि सी मची है। तापमान बढ़ते ही बिजली की आंख मिचैली से जनता कहराने को मजबूर सी है। वही जिम्मेदार खामोश है। सत्ता पक्ष को ये गम्भीर समस्या दिखाई नहीं देती वही विपक्षी मजबूर और बेबस सा नजर आ रहा है तथा सत्ता के खौफ के कारण इस जन समस्या पर विपक्ष आवाज नहीं उठा पा रहा है। इस बार मई के इस दूसरे सप्ताह की शुरूआत में है। आसमान से जैसे आग बरस रही होए जमीन जैसे भटठी बन गयी हो। ऐसी भीषण गर्मी में जब ष्बिजली गुलष् हो जाये तो क्या स्थिति शहरवासियो की होती होगी सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है। चार मई को मतदान से पूर्व दिनो में बिजली की आंख मिचैली का खेल शुरू हो गया था जो मतदान के बाद अपने यौवन पर आता दिख रहा है। बिजली की आंख मिचैली का समय और संख्या बढ़ती जा रही है। भीषण गर्मी के चलते बिजली की मांग में अचानक भारी उछाल आया। जैसे ही इस सदी की भीषण गर्मी की शुरूआत हुई। इन ट्रान्सफार्मरो की भी सांसे फूलने लगी और वो साथ छोड़ने लगे।

## अज्ञात कारणों के चलते युवक ने लगाई फांसी

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी

**मैलानी** थाना क्षेत्र के ग्राम कंधईपुर में मंगलवार की रात एक युवक ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वहीं परिजनों ने हत्या का आरोप लगाते हुए 3 नामजद सहित तीन अन्य लोगों के विरुद्ध तहरीर दी है। थाना क्षेत्र के गाँव कंधईपुर निवासी दुलीचंद पुत्र जयराम ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनका लड़का बृजेश उम्र 20 वर्ष मंगलवार की शाम को कस्बा मैलानी में गाड़ी चलाने के लिए गया था अगले दिन बुधवार की सुबह उनको खबर मिलती है कि उनके लड़के ने गांव के ही रहने वाले एक व्यक्ति के घर में फांसी लगा ली। पिता द्वारा पुरानी रंजिश में पुत्र की हत्या किए जाने का आरोप लगाते हुए गांव के ही लोगों पर पुत्र को मारकर उसका शव एक कमरे के कुंडे में लटकाने का आरोप लगाया है। वहीं ग्रामीणों का कहना है कि मृतक का गांव की ही एक शादीशुदा महिला से प्रेम प्रसंग चल रहा था जिसके चलते हुए पूर्व में भी कई बार अपने आप को मृतक ब्रजेश चोट पहुंचा चुका था। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़कर शव को नीचे उतारा एवं शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है।

## मतगणना कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया गया, 13 को होगी मतगणना

**लखीमपुर खीरी।** नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन 2023 के लिए डीएस कॉलेज में बुधवार को आरओ, एआरओ एवं मतगणना कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया गया। कार्मिकों को मतपेटिका की जांच, मतपत्रों की बंडलिंग करना, वैध अवैध मतों की पहचान के साथ गणना के संबंध में तकनीकी व व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। डीएम ने बताया कि अध्यक्ष व सदस्य के पदों के लिए अलग.अलग मत पत्रों का उपयोग किया गया है। इसलिए राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा दी व्यवस्था अनुसार मत पेटिकाओं को खोलने के बाद मतपत्रों की छंटाई व बंडलिंग का कार्य सावधानी के साथ किया जाए। कहा कि मतगणना कार्य में किसी तरह की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने कहा कि मतगणना का कार्य सीसी कैमरे की निगरानी में किया जाएगा। हर गतिविधि पर बारीकी से नजर रहेगी और सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए जाएंगे। सभी कार्मिक प्रशिक्षण कक्ष छोड़ने से पूर्व मतगणना की संपूर्ण प्रक्रिया व गणना प्रपत्रों इत्यादि को भरने की जानकारी ले लें। प्रशिक्षण में प्रभारी अधिकारी (प्रशिक्षण) पीडी केके पांडेय, सहायक प्रभारी अधिकारी प्रशिक्षण जिला प्रशिक्षण अधिकारी डॉ राजकिशोर, प्रधानाचार्य राजकीय आईटीआई एवं राजकीय पॉलिटेक्निक ने भी मतगणना के कायदे कानून समझाएं।

## नगर निगम को भ्रष्टाचार-मुक्त करेंगेःडॉ आईएस तोमर

**संवाददाता।** बरेली



**समाजवादी** पार्टी के समर्थित निर्दलीय प्रत्याशी डॉक्टर आईएस तोमर ने गुरुवार को प्रेस वार्ता में पत्रकारों से बात करते हुए बताया कि कि यदि जनता द्वारा उनको मेयर बनाया जाता है तो वह निगम में भ्रष्टाचार रहित प्रशासन देंगे जो ठोस कूड़ा पड़ा है उसका प्रबंधन करेंगे अगले 50 वर्षों के लिए स्वच्छ पेयजल योजना की व्यवस्था करेंगे सीवर से वंचित क्षेत्र में सीवर लाइन डलवा आएंगे नगर की सभी सड़कों को गड्ढा मुक्त करवाएंगे और जर्जर सड़कों का सुंदरीकरण करवाएंगे स्वागत की पुलिया वाले की जल निकासी की समस्या का निराकरण किया जाएगा गौशाला का आदमी पर दिया जाएगा संचालन की व्यवस्था की जाएगी प्रत्येक वार्ड में एक समाधान चौपाल बनाई जाएगी स्वच्छता उत्सव मनाया जाएगा जिससे स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक किया जाएगाड्रामा थिएटर की स्थापना की जाएगी । कहा कि प्रत्येक वार्ड में डिजिटल लाइब्रेरी का निर्माण किया जाएगा शहर में जगह–जगह हेरिटेज सेंटर वालों लगाए जाएंगे उन महापुरुषों की फोटो लगाई जाएगी जिन्होंने बरेली के निर्माण में योगदान दिया है लोगों को सफाई के प्रति जागरूक करने के लिए प्रत्येक वार्ड में स्वच्छता ज्ञान केंद्र खोला जाएगा कोर्ट के बाहर टैक्स विवादों का निस्तारण जल्द निगम में किया जाएगा ईवीएम में गड़बड़ी देखी बटन काम नहीं कर रहे थे वह प्रशासनिक अधिकारी भी खड़े थे एक ही बटन काम कर रहा था कमल के फूल का निशान अंकित था तूने कहा कि बड़े स्तर पर गड़बड़ियों की आशंका है एटीएम मशीनों में हेरा फेरी की जा रही है अगर जनता ने मुझे बरेली का मेयर बनाया तो मैं यह वादा करता हूं कि अभी तक जितने भी पिछले कार्यकाल में भ्रष्टाचार किए गए हैं उन सब को उजागर कर लूंगा और जनता को कोई परेशानी नहीं होने दूंगा व्हाट आईएस तोमर ने कहा कि वर्तमान समय में पूरा नगर निगम भ्रष्टाचार में डूबा है नगर निगम को भ्रष्टाचार मुक्त कराया जाएगा ।

# पाकिस्तान में हिंसक प्रदर्शन, सात की मौत



## ● इमरान खान के समर्थकों और सुरक्षा बलों के बीच झड़पें ● पंजाब, खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान में हिंसक प्रदर्शनों को रोकने के लिए सेना तैनात

**लाहौर, पेशावर।** पाकिस्तान में इमरान खान के समर्थकों और सुरक्षा बलों के बीच पिछले 24 घंटों में हुई हिंसक झड़पों में कम से कम सात लोगों की मौत हो गई और करीब 300 अन्य घायल हो गए। इस बीच, पाकिस्तान के पंजाब, खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान में हिंसक प्रदर्शनों को रोकने के लिए बुधवार को सेना को तैनात किया गया। पुलिस ने कहा कि मंगलवार को भ्रष्टाचार के एक मामले में इमरान की नाटकीय गिरफ्तारी के बाद पंजाब प्रांत में पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के समर्थकों ने कम से कम 14 सरकारी भवनों, प्रतिष्ठानों में आग लगा दी। कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने अकेले पंजाब में अब तक महिलाओं सहित 1,150 पीटीआई समर्थकों को गिरफ्तार किया है। पीटीआई के महासचिव असद उमर, पंजाब के पूर्व राज्यपाल उमर सरफराज चीमा और पीटीआई के उपाध्यक्ष शाह महमूद कुरैशी को भी बुधवार को गिरफ्तार कर लिया गया।

पीटीआई प्रमुख इमरान की गिरफ्तारी के मद्देनजर बुधवार को लाहौर समेत पंजाब के कई अन्य शहरों में स्थिति तनावपूर्ण रही। चूंकि, पुलिस प्रांत में कानून-व्यवस्था की स्थिति को नियंत्रित करने में विफल रही, इसलिए पंजाब सरकार ने सेना की तैनाती के लिए कहा। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए 12 करोड़ की आबादी वाले पंजाब प्रांत में सेना की 10 कंपनियों को तैनात करने का अनुरोध किया गया है। केंद्र सरकार ने पंजाब में सेना की तैनाती को मंजूरी दे दी है।

प्रदर्शनकारियों ने पंजाब में 14 सरकारी प्रतिष्ठानोंाइमारतों और 21 पुलिस वाहनों में आग लगा दी है। सुरक्षा एजेंसियों के 130 से अधिक अधिकारी घायल हुए हैं। पुलिस ने सुरक्षा एजेंसियों के साथ संघर्ष और राज्य संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के दौरान।,150 उपद्रवियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने कहा कि सरकारी प्रतिष्ठानों को आग लगाने वालों की वीडियो फुटेज के जरिए पहचान की जा रही है और उनके खिलाफ सख्त कार्वाई की जाएगी। इमरान खान की पार्टी के मुताबिक पंजाब के लाहौर, फैसलाबाद आदि शहरों में एक-एक व्यक्ति मारा गया है। इसने कहा कि अकेले पंजाब में 150 से अधिक प्रदर्शनकारी घायल हुए हैं।

पंजाब की प्रांतीय राजधानी लाहौर में सभी मुख्य सड़कों पर पीटीआई कार्यकर्ताओं के विरोध प्रदर्शन के कारण देश के बाकी हिस्सों से लगभग कटा हुआ है। प्रदर्शनकारियों ने मंगलवार को लाहौर में कोर कमांडर के घर में तोड़फोड़ करने के बाद उसे आग के हवाले कर दिया था। उन्होंने गवर्नर हाउस पर भी पथराव किया और लाहौर में सत्तारूढ़ पीएमएल-एन मुख्यालय पर हमला किया और वहां खड़े वाहनों को आग लगा दी। सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए कई वीडियो में इमरान खान के समर्थकों को छावनी क्षेत्र में कोर कमांडर के घर पर क्लब और पार्टी के झंडे लिए देखा जा सकता है।

प्रदर्शनकारियों ने कोर कमांडर के घर का प्रमुख द्वार तोड़ दिया। सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए वीडियो फुटेज में इमरान के समर्थकों को खिड़की के शीशे, टीवी और घर के फर्नीचर को तोड़ते और पेड़ों और फर्नीचर को आग लगाते हुए दिखाया गया है। एक अन्य वीडियो में, प्रदर्शनकारियों को लाहौर के मॉल रोड पर सेना के काफिले पर पथराव और बोतलें फेंकते देखा गया। पेशावर में प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच हुई झड़पों में कम से कम चार लोग मारे गए और 27 अन्य घायल हो गए। लेडी रीडिंग अस्पताल के एक प्रवक्ता ने इसकी पुष्टि की है। रेडियो पाकिस्तान के महानिदेशक पेशावर ताहिर हसन ने मीडिया को बताया कि प्रदर्शनकारियों ने सरकारी रेडियो पाकिस्तान की इमारत में भी आग लगा दी, जिससे स्टूडियो, सभागार और अन्य सुविधाओं को भारी नुकसान पहुंचा है। इमारत में स्थित एसोसिएटेड प्रेस ऑफ पाकिस्तान के कार्यालय में तोड़फोड़ की गई और उसे क्षतिग्रस्त कर दिया गया। इस्लामाबाद में प्रदर्शनकारियों की पुलिस से झड़प हुई और राष्ट्रीय राजधानी को अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से जोड़ने वाला श्रीनगर राजमार्ग कई घंटों तक जाम रहा। इस्लामाबाद के पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) अकबर नासिर खान ने मीडिया को बताया कि कम से कम पांच पुलिसकर्मी घायल हुए हैं।

# ब्रिटेन में मादक पदार्थ तस्करी मामले में भारतीय मूल के तीन लोगों को सजा

**लंदन।** ब्रिटेन में मादक पदार्थ तस्करी मामले में भारतीय मूल के तीन लोगों को यहां की एक अदालत ने अलग-अलग अवधि की कारावास की सजा सुनाई है। इन सभी को कनाडा से मादक पदार्थ तस्करी कर ब्रिटेन लाने का दोषी ठहराया गया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि करण गिल (32), जग सिंह (32) और गोविंद बहिया (30) एक आपराधिक गिरोह से जुड़े थे और इनके अन्य साथी 32 वर्षीय ग्रीगोरी ब्लैकलॉक को भी गिरफ्तार किया था। ब्रिटिश सीमा बल ने गत फरवरी में हीथ्रो हवाई अड्डे पर मादक पदार्थ की खेप पकड़े जाने के बाद यह आरोपियों को गिरफ्तार किया था। केंट पुलिस के अनुसार, चारों को पिछले महीने दक्षिण लंदन के वूलविच क्राउन अदालत में सजा सुनाई गई थी।

# यूक्रेन में जारी युद्ध से लाभ उठाने का कोई इरादा नहीं : चीन

**बर्लिन।** चीन के विदेश मंत्री छिन कांग ने रूस और यूक्रेन के बीच जारी युद्ध के संदर्भ में कहा कि चीन आग में घी डालने का काम नहीं करेगा और उसका इस युद्ध से लाभ उठाने का कोई इरादा नहीं है। छिन ने इस साल की शुरुआत में प्रस्तावित चीन की शांति योजना पर आगे चर्चा होने की उम्मीद भी जताई। छिन ने जर्मनी की अपनी समकक्ष एनालेना बेयरबॉक के साथ यहां बैठक के बाद जिक्र किया कि चीन सरकार ने रूस और यूक्रेन के साथ हाल में वार्ता की थी। यूरोप के लिए चीन के विशेष दूत संभवत: जल्द ही फिर से यूक्रेन का दौरा करेंगे। एक आधिकारिक दुभाषिए के अनुसार, छिन ने कहा, हम युद्ध में आग में घी डालने काम नहीं करेंगे।

पश्चिमी देशों ने आरोप लगाया है कि फरवरी 2022 में यूक्रेन पर हमले के बाद से चीन रूस को राजनीतिक और सामग्री संबंधी सहायता प्रदान कर रहा है। यूरोपीय संघ रूस के हथियार उद्योग को महत्वपूर्ण घटकों की आपूर्ति करने वाली कंपनियों पर प्रतिबंध लगाने पर विचार कर रहा है। छिन ने चीनी कंपनियों के ऐसा करने की बात से इनकार किया। चीन के रूस के साथ सामान्य व्यापारिक संबंध हैं। उन्होंने चीन द्वारा बड़ी मात्रा में रूसी कच्चे तेल को भारी छूट पर खरीदे जाने का जिक्र नहीं किया। बेयरबॉक ने चीन से रूस-यूक्रेन संघर्ष का शांतिपूर्ण समाधान खोजने के लिए अपने प्रभाव का उपयोग करने का आग्रह किया। चीन इस दिशा में अब भी पर्याप्त प्रयास नहीं कर रहा है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का स्थाई सदस्य होने के नाते चीन अगर चाहे तो युद्ध समाप्ति में अहम भूमिका निभा सकता है।

## यूक्रेन में समाचार एजेंसी एएफपी के लिए काम करने वाले पत्रकार की मौत

**पेरिस।** पूर्वी यूक्रेन के बखमुत शहर के पास मंगलवार को हुए एक रॉकेट हमले में फ्रांस की अंतरराष्ट्रीय समाचार एजेंसी एजेंसी फ्रांस प्रेस (एएफपी) के एक पत्रकार की मृत्यु हो गई। 32 वर्षीय अरमान सोल्डिन यूक्रेनी सैनिकों के साथ सफर कर रहे एएफपी पत्रकारों के दल में शामिल थे। एजेंसी के मुताबिक, बखमुत के पास यह दल ग्रैड रॉकेट से किए गए हमले की चपेट में आ गया, अरमान की मौत हो गई। पत्रकार दल के अन्य सदस्यों को कोई नुकसान नहीं पहुंचा। एएफपी ने बताया कि मंगलवार देर शाम को किया गया रॉकेट हमला बखमुत के पास स्थित चेसिव यार कस्बे में हुआ। रूसी बल पिछले नौ महीने से बखमुत पर कब्जा करने की कोशिशों में जुटे हैं, जिससे शहर लंबे समय से युद्ध के केंद्र में है। एएफपी चेयरमैन फैब्रिस फ्राइज ने कहा, अरमान की मौत यूक्रेन में युद्ध को कवर करने वाले पत्रकारों के सामने हर दिन मौजूद खतरों की याद दिलाती है। बोस्निया की राजधानी साराएवो में जन्मे अरमान फ्रांसीसी नागरिक थे। वह 24 फरवरी 2022 को यूक्रेन पर रूस के आक्रमण के एक दिन बाद ही कीव पहुंचे थे। युद्ध की विभीषिका को दर्शाने के लिए उन्होंने यूक्रेन में नियमित रूप से अग्रिम मोर्चों का दौरा किया।

## जापोरिज्जिया परमाणु संयंत्र में कुशल कर्मियों की भारी कमी होने की आशंका

**कीव।** यूक्रेन की परमाणु ऊर्जा कंपनी एनर्जोएटम ने बुधवार को दावा किया कि रूस की योजना यूरोप के सबसे बड़े परमाणु संयंत्र से 2,700 यूक्रेनी कर्मियों को हटाने की है और इससे जापोरिज्जिया परमाणु संयंत्र में कुशल कर्मियों की भारी कमी हो जाएगी। जापोरिज्जिया संयंत्र दक्षिणी यूक्रेन में स्थित है जहां अभी रूस का कब्जा है। एनर्जोएटम ने एक टेलीग्राम पोस्ट में कहा कि जिन कर्मियों ने युद्ध की शुरुआत में जापोरिज्जिया संयंत्र पर रूसी कब्जे के बाद रूस की परमाणु एजेंसी रोसातॉम के साथ रोजगार अनुबंध पर हस्ताक्षर किए थे।

# यूरोपीय देशों में मृत मिली 22 महिलाओं के आज तक नही पता चले नाम

## ● इंटरपोल ने शुरू किया अभियान

**पेरिस।** जर्मनी, बेल्जियम और नीदरलैंड में 43 साल के अंदर 22 महिलाओं के शव मिले, जिनकी आज तक पहचान नहीं हो पाई है। माना जाता है कि इनमें से ज्यादातर महिलाएं हिंसा की शिकार हुई थीं और पुलिस का कहना है कि कुछ महिलाओं की मौत के सिलसिले में दुर्व्यवहार या भुखमरी के सुराग मिले हैं। वे महिलाएं कौन थीं, यह अभी पता नहीं चल पाया है। जांचकर्ता आज भी पूरी शिद्दत से उनके हत्यारों की तलाश में जुटे हैं। पुलिस को उम्मीद है कि बुधवार को शुरू किए गए ऑपरेशन आइडेंटिफाई मी से उन महिलाओं की पहचान और हत्यारों की तलाश में मदद मिल सकती है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इंटरपोल ने महिलाओं का नाम पता लगाने के लिए आम लोगों से मदद मांगी है।

अगर महिलाओं के नामों का पता चल जाता है तो इससे कम से कम पुलिस को एक फायदा तो होगा कि वह जांच के दौरान महिलाओं का जिक्र उनके नाम से कर पाएगी। पुलिस को अभी तक इन महिलाओं की पहचान का जिक्र उनके शवों पर मिले निशानों या कपड़ों से करना पड़ता है। जैसे एक की पहचान फूल टैटू वाली महिला के तौर पर की जाती है, तो दूसरी की शिनाख्त नकली नाखूनों वाली महिला के तौर पर होती है। या फिर उनके शव जहां से मिले हैं, उस स्थान के तौर पर पहचाना जाता है। इनमें सबसे पुराना मामला 1976 का है जब एक पार्किंग स्थल से एक लड़की का शव मिला था। इसे द गर्ल इन पार्किंग लॉट मामला कहा जाता है। महिला का शव नीदरलैंड में ए12 राजमार्ग के पास मिला था। माना जाता है कि जब उसकी मौत हुई तो वह 13 से 20 वर्ष की रही होगी।

फ्रांस के ल्योन में स्थित अंतरराष्ट्रीय पुलिस संस्था इंटरपोल ने कुछ महिलाओं तस्वीरें साझा की हैं। इंटरपोल ने नीदरलैंड, जर्मनी और बेल्जियम पुलिस के हवाले से एक बयान में कहा कि माना जाता है कि कुछ महिलाएं पूर्वी यूरोप की थीं औप जांच को उलझाने के लिए संभवत: उनके शव बेल्जियम, नीदरलैंड और जर्मनी में छोड़े गए थे। नीदरलैंड पुलिस ने कहा, 22 में से अधिकांश की मौत हिंसा के कारण हुई जबकि कुछ मरने से पहले उत्पीड़न और भुखमरी का शिकार हुईं। पुलिस को उम्मीद है कि उनके नाम जानने से संभावित अपराधियों के बारे में सबूत भी मिल सकते हैं। इससे उन्हें यह जानने में भी मदद मिलेगी कि कहीं ए हत्याएं किसी बड़े मामले से तो नहीं जुड़ी हुई हैं।

# यहूदी उपासना गृह के पास नौसैना कर्मी ने की गोलीबारी तीन लोगों की मौत, दस घायल

**ट्यूनिस।** ट्यूनीशिया में नौसेना के एक कर्मी ने जेरबा द्वीप पर एक यहूदी उपासना गृह के पास मंगलवार को गोलीबारी की, जिससे एक नौसैना कर्मी समेत तीन लोगों की मौत हो गई और 10 लोग घायल हो गए। इसके बाद सुरक्षाकर्मियों की कार्वाई में हमलावर भी मारा गया। ट्यूनीशिया के गृह मंत्रालय ने यह जानकारी दी। अभी इस बात की जांच की जा रही है कि इस हमले का मकसद क्या था। जेरबा में बड़ी संख्या में यहूदी रहते हैं। मंत्रालय ने बताया कि हमले में मारे गए दो आम नागरिकों में से एक फ्रांस और एक ट्यूनीशिया का रहने वाला था। अभी यह स्पष्ट नहीं हुआ है कि क्या वे 2,500 साल पुराने घ्रीबा उपासना गृह में आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में शामिल होने आए थे। घ्रीबा अफ्रीका के सबसे पुराने यहूदी उपासना गृहों में से एक है। जेरबा के बंदरगाह शहर अघीर में नेशनल गार्ड नौसैन्य केंद्र में कार्यरत हमलावर ने अपने सर्विस हथियार से पहले अपने एक सहकर्मी की हत्या की और इसके बाद वह हथियार लेकर घ्रीबा उपासना गृह की ओर बढ़ा और उसने वहां तैनात सुरक्षा इकाइयों पर गोलीबारी की। उसने बताया कि सुरक्षा इकाइयों की जवाबी कार्वाई में हमलावर की मौत हो गई। यह हमला वार्षिक तीर्थयात्रा के दौरान हुआ है। इस दौरान दुनिया भर से हजारों श्रद्धालु जेरबा आते हैं।

## रूस के जंगलों में लगी आग से मरने वालों की संख्या बढ़कर 21 हुई

**मॉस्को।** रूस की यूराल पर्वत शृंखला में जंगलों में लगी आग से मरने वालों की संख्या मंगलवार को बढ़कर 21 हो गई। देश की सरकारी समाचार एजेंसी तास ने आपात सेवा एजेंसियों के हवाले से जारी खबर में यह जानकारी दी। यूराल पर्वत शृंखला के कुरगन क्षेत्र और साइबेरिया में पिछले एक हफ्ते से जंगलों में भीषण आग लगी हुई है। पश्चिमी साइबेरिया के त्युमेन प्रांत का एक व्यक्ति आग बुझाने की कोशिश के दौरान झुलस गया, जिससे उसकी मौत हो गई। प्राधिकारियों के अनुसार, जंगलों में लगी आग से ज्यादातर मौतें रविवार को कुरगन प्रांत के युल्दुस गांव में हुईं, जो यूराल पर्वत शृंखला और साइबेरिया के बीच की सीमा पर स्थित है।

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given that Maneesh Kumar is the owner of Ground floor without roof rights of property bearing no. F-38, area measuring 195 sq. yds., in Block-F, out of khasra no. 555/2, situated at Khanpur Extn, M.B Road, New Delhi by virtue of regd. Sale Deed dated 11/02/2022 (document no. 580) executed by Vijay Kumar And whereas vijay kumar acquired the same vide Memorandum of Settlement dated 10/05/2014 executed in between Surender Kumar and Vijay Kumar.
All person/s having any claim against or in respect of the said Property, or any part thereof, by way of sale, exchange, mortgage (equitable/registered or otherwise), gift, trust, inheritance, family arrangement, maintenance, bequest, partnership, possession, lease, sublease, tenancy, license, lien, charge, pledge, easement or otherwise howsoever, are hereby requested to notify the same in writing to us with supporting documentary evidence at the address mentioned below within 7 days from the date hereof, failing which the claim or claims, if any, of such person or persons will be considered to have been waived and/or abandoned.

Kamal Kant Gupta (Advocate)
Unit No. FF-2, First floor, Mahaluxmi Metro Tower Sec-4, Vaishali, Gzb., U.P., Mob. 9810063351

**PUBLIC NOTICE**

This is to inform public in general that Kotak Mahindra bank Ltd has organized an auction in below mention respect of Vehicles.
VEHICLES FOR SALE

1) SML_SMLSUPER REG. NO. UP14HT7119-YOM -2019 MINIMUM RESERVE PRICE-468046.8
2) SML_SMLSARTAJP REG. NO. UP14HT7909 -YOM- 2019 MINIMUM RESERVE PRICE -392850
3) TATA_LPT709FB REG. NO. DL1LAC6109 -YOM - 2019 MINIMUM RESERVE PRIC -281929.7

UNDER HYPOTHECATION WITH M/S KOTAK MAHINDRA BANK IS UNDER SALE IN ITS "AS IS WHERE IS CONDITION" INTERESTED PARTIES CAN GIVE THEIR QUOTATIONS (ONLINE/ OFFLINE) WITHIN 15 DAYS FROM THIS PAPER PUBLICATION I.E. ON OR BEFORE 26.05.2023 (PLEASE NOTE THAT CLOSING AUCTION DATE WOULD NOT BE A WEEKLY OFF / HOLIDAY).
BRANCH ADDRESS: KOTAK MAHINDRA BANK LTD., PLOT NO.7 INSTITUTIONAL AREA, SECTOR-125 NOIDA NEAR DELL CAMPUS NOIDA (U.P) UP-201313 OR CONTACT : RAJESH ANTIL KOTAK MAHINDRA BANK LTD. CONTACT / 09711173320 EMAIL-rajesh.antil@kotak.com

# धनशोधन मामले में पीएम शहबाज शरीफ और बेटे को बेगुनाह बताया

**भाषा।** इस्लामाबाद

**पाकिस्तान** के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और उनके बेटे हमजा को बड़ी राहत देते हुए राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो (एनएबी) ने धनशोधन के एक मामले में पुन: जांच के बाद दोनों को बेगुनाह घोषित किया है। बुधवार को एक खबर में यह दावा किया गया। भ्रष्टाचार निरोधक एजेंसी एनएबी ने 2020 में मामला दर्ज किया था और आरोप लगाया गया था कि शहबाज और उनके परिवार के सदस्य धनशोधन में और फर्जी खातों के जरिए धन के अवैध हस्तांतरण में लिप्त हैं।

समा टीवी ने अपनी वेबसाइट पर खबर जारी की है कि जवाबदेही अदालत के न्यायाधीश कमर-उल-जमां द्वारा सुनवाई के दौरान अनुपूरक रिपोर्ट जमा की गई। हमजा शहबाज ने बुधवार को सुनवाई के दौरान याचिका दाखिल कर चिकित्सा आधार पर उपस्थिति से छूट की मांग की थी जिसे अदालत ने स्वीकार कर लिया था।

सोमवार को दाखिल अनुपूरक रिपोर्ट में कहा गया है कि 71 वर्षीय प्रधानमंत्री, उनकी पत्नी नुसरत शहबाज, बेटे हमजा शहबाज और अन्य आरोपियों के खिलाफ पुन: जांच के बाद मामले में कोई संलिप्तता नहीं मिली। एनएबी के एक अधिकारी के अनुसार एनएबी संशोधन कानून के तहत भ्रष्टाचार के आरोपों की पुष्टि नहीं हो सकी। हालांकि, अदालत ने मामले में सुनवाई 24 मई तक स्थगित कर दी और प्रधानमंत्री के दामाद हारून यूसफ अजीज तथा सह-आरोपी सैयद मुहम्मद ताहिर नकवी की अंतरिम जमानत 24 मई तक बढ़ा दी।

# इजराइली सेना ने वेस्ट बैंक में दो फलस्तीनी बंदूकधारियों को मार गिराया

**भाषा।** यरूशलम

**इजराइली सेना** ने कहा कि उसने बुधवार को तड़के वेस्ट बैंक में उसके जवानों पर गोलीबारी करने वाले दो फलस्तीनी बंदूकधारियों को मार गिराया। यह घटना ऐसे समय में सामने आई है, जब इजराइल ने मंगलवार को तड़के इस्लामिक जिहाद समूह के ठिकानों पर हवाई हमले किए थे। इन हमलों में तीन आतंकियों और 10 अन्य लोगों की मौत हो गई थी। वहीं, समूह ने हमलों का फलस्तीन की ओर से माकूल जवाब दिए जाने का संकल्प जताया है। फलस्तीनी आतंकवादी समूहों द्वारा हमलों के मद्देनजर एहतियात के तौर पर दक्षिणी इजराइल में स्कूलों को दूसरे दिन भी बंद रखा गया।

इजराइली सेना ने कहा कि फलस्तीनी बंदूकधारियों ने सेना के छापे के दौरान उत्तरी वेस्ट बैंक के फलस्तीनी शहर कबातिया में सैनिकों पर गोलियां चलाईं। इसने कहा कि जवाबी गोलीबारी में दो लोगों की मौत हो गई और उनके हथियार जब्त कर लिए गए। फलस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने मारे गए लोगों की पहचान 19 वर्षीय अहमद असफ और 24 वर्षीय रानी कतानत के रूप में की है। किसी भी आंतकवादी समूह ने मारे गए लोगों को अपना सदस्य नहीं बताया है।

## फलस्तीनी उग्रवादियों ने दक्षिणी इजराइल में रॉकेट दागे

**गाजा सिटी।** गाजा पट्टी में मौजूद फलस्तीनी उग्रवादियों ने बुधवार को दक्षिणी इस्राइल में कई रॉकेट दागे। उग्रवादियों की तरफ से यह हमले इजराइल के हवाई हमलों के जवाब में किए गए जिसमें तीन वरिष्ठ फलस्तीनी उग्रवादियों सहित कुल 16 उग्रवादी मारे गए थे और कम से कम 10 नागरिकों की मौत हुई थी। फलस्तीनी उग्रवादियों द्वारा रॉकेट दागे जाने के बाद पूरे दक्षिणी इजराइल में हवाई हमले का सायरन बजने लगा। वहां के निवासी, इजराइल द्वारा मंगलवार को किए गए हवाई हमले के बाद जवाबी हमले को लेकर पहले से ही सतर्क थे। रॉकेट दागे जाने के बाद किसी प्रकार की क्षति और किसी के घायल होने की कोई सूचना नहीं है। इससे पहले बुधवार को, इजराइल ने दूसरे दिन गाजा पर हवाई हमले किए जिसमें कम से कम एक फलस्तीनी की मौत हो गई। वहीं, मंगलवार को इजराइल ने इस्लामिक जिहाद समूह के ठिकानों पर हवाई हमले किए और जिसमें तीन वरिष्ठ कमांडर और कम से कम 10 नागरिक मारे गए। मारे गए नागरिकों में ज्यादातर महिलाएं और बच्चे शामिल थे। इजराइल के हवाई हमले के बाद फलस्तीनी उग्रवादियों ने जवाबी कार्वाई करने का ऐलान किया था। इजरायली सेना ने मंगलवार को कहा था कि वह तटीय परिक्षेत्र में फलस्तीनी उग्रवादी समूह इस्लामिक जिहाद के ठिकानों पर बमबारी कर रही थी।

सेना ने कहा कि एक हवाई हमले में दक्षिणी गाजा पट्टी में एक रॉकेट लांचर स्थल की ओर जा रहे उग्रवादियों को निशाना बनाया गया। वहीं, चिकित्सकों ने कहा कि हमले में एक व्यक्ति की मौत हुई और एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। हालांकि, फलस्तीनी अधिकारी इस बात की पुष्टि नहीं कर सके हैं कि ए लोग उग्रवादी थे या नहीं। यह भी स्पष्ट नहीं है कि मंगलवार देर रात दूसरे हवाई हमले में मारे गए दो फलस्तीनी आतंकवादी थे या नागरिक। इजराइली सेना ने दक्षिणी इजराइल के निवासियों को बम आश्रयों के पास रहने का निर्देश दिया था और फलस्तीन के रॉकेट हमलों के खिलाफ एहतियात के तौर पर स्कूलों को दूसरे दिन भी बंद रखा गया था। एसोसिएटेड प्रेस के अनुसार, इस साल की शुरुआत से इजराइल के कब्जे वाले वेस्ट बैंक में हवाई हमले में कम से कम 107 फलस्तीनी मारे गए हैं जिनमें लगभग आधे उग्रवादी थे। वहीं, फलस्तीन द्वारा किए गए हमले में इजराइल के कम से कम 20 लोगों की मौत हुई। इजराइल ने 1967 में मध्य पूर्व युद्ध में पूर्वी यरुशलम, गाजा और वेस्ट बैंक पर कब्जा कर लिया था। फलस्तीन, इन तीनों क्षेत्रों को अपने भावी राष्ट्र के रूप में देखता है।

# लेखिका कैरल के यौन उत्पीड़न में पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप दोषी

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका में मैनहट्टन फैडरल ज्यूरी ने पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को वर्ष 1996 में स्तंभकार ई. जीन कैरल का यौन उत्पीड़न और उनकी मानहानि करने का दोषी पाया है। अदालत ने ट्रंप पर 50 लाख डॉलर का जुर्माना लगाया है। अदालत का यह फैसला 2024 के राष्ट्रपति चुनाव की दौड़ में ट्रंप की उम्मीदवारी की कोशिश को प्रभावित कर सकता है। हालांकि, अदालत ने कहा कि कैरल यह साबित करने में विफल रहीं कि ट्रंप ने उनके साथ बलात्कार किया था। कैरल ने आरोप लगाया था कि पूर्व राष्ट्रपति ने मैनहैट्टन के एक डिपार्टमेंटल स्टोर में उनसे दुष्कर्म किया था।



न्यूयार्क में ई.जीन कैरोल डोनाल्ड ट्रंप क खिलाफ फैसला आने पर अदालत के बाहर निकलती हुईं।

ट्रंप द्वारा इन आरोपों को झूठ करार देने से संबंधित वीडियो जारी करने के बाद कैरल ने पूर्व राष्ट्रपति पर उनकी मानहानि करने का दावा किया था। कैरल (79) ने अदालत के इस फैसले को अपनी जीत करार दिया है। उन्होंने एक बयान में कहा, मैंने अपना जीवन वापस पाने के लिए डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ ए मुकदमा किया था। आज, सच दुनिया के सामने आ चुका है।

कैरल ने कहा, यह जीत सिर्फ मेरे लिए नहीं बल्कि हर उस महिला के लिए है जिसने दुख झेला है क्योंकि उस पर विश्वास नहीं किया गया। कैरल का हवाला देते हुए ट्रंप ने सोशल मीडिया पर कहा, मुझे बिल्कुल नहीं पता कि यह महिला कौन है। यह फैसला शर्मनाक है। अदालती सुनवाई पर सवाल खड़ा करते हुए ट्रंप ने आरोप लगाया, ट्रंप से नफरत करने वाले, क्लिंटन द्वारा नियुक्त न्यायाधीश से आप और क्या उम्मीद कर सकते हैं। पूर्व राष्ट्रपति के वकील ने अदालत के बाहर कहा कि ट्रंप फैसले के खिलाफ अपील करेंगे।

## टीवी कार्यक्रम में शिरकत करेंगे ट्रंप

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप यौन उत्पीड़न के लगभग 30 साल पुराने मामले में अपने खिलाफ फैसला आने के बाद बुधवार को सीएनएन द्वारा न्यू हैंपशायर में आयोजित किए जाने वाले दो घंटे के टाउनहॉल कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। पिछले हफ्ते घोषित इस कार्यक्रम के बेहद खास होने की संभावना जताई जा रही है, क्योंकि इसमें ऐसे नेताओं का आमना-सामना होगा, जो लंबे अरसे से एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाते आए हैं। मंगलवार को इस कार्यक्रम को लेकर उत्सुकता और बढ़ गई, क्योंकि ज्यूरी ने ट्रंप को पूर्व मीडियाकर्मी ई जीन कैरोल के यौन शोषण का दोषी करार दिया। हालांकि, ज्यूरी ने कैरोल द्वारा ट्रंप पर लगाए गए दुष्कर्म के आरोपों को खारिज कर दिया। बावजूद इसके, सीएनएन ने पूर्व राष्ट्रपति को न्यू हैंपशायर में अपने टाउनहॉल कार्यक्रम के लिए आमंत्रित किया है। ट्रंप की टीम इस आमंत्रण को मतदाताओं के एक बड़े वर्ग से संपर्क स्थापित करने के मौके के रूप में देख रही है। ट्रंप के प्रवक्ता स्टीफन च्यूंग ने कहा, पूर्व राष्ट्रपति कई अग्निपरीक्षा से गुजर चुके हैं और हमेशा विजेता बनकर उभरे हैं। वह किसी भी चीज से मुंह नहीं मोड़ते और उसका डटकर सामना करते हैं।

THE PIONEER CLASSIFIEDS

CHANGE OF NAME

I, Meenaxi W/o Sameer Dhyani R/o 82-A, Mayur Vihar, Phase-2, Pocket-F, Delhi-110091, have changed my name from Kumari Meenaxi to Meenaxi for all future purposes.

PD(028)C

# अमेरिका के चीन के साथ बहुत जटिल और अहम संबंध : ब्लिंकन

**वाशिंगटन।** अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने कहा है कि अमेरिका के चीन के साथ बहुत जटिल और अहम संबंध हैं। ब्लिंकन ने दोनों देशों के बीच संवाद को महत्वपूर्ण बताते हुए मंगलवार को कहा कि संवाद स्थापित करना और उसे मजूबत करना भारत एवं चीन के हित में है तथा बाकी दुनिया हमसे इसकी अपेक्षा करती है। उन्होंने ब्रिटेन के अपने समकक्ष जेम्स क्लेवर्ली के साथ एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, हमने चीन सरकार को संवाद की महत्ता के संबंध में हमारे नजरिए से अवगत कराया है, क्योंकि हमारे बीच अत्यंत जटिल और अहम संबंध हैं, जो अमेरिका एवं चीन के लोगों के लिए बहुत महत्व रखते हैं। ब्लिंकन ने कहा, हम दोनों देशों (अमेरिका और चीन) के राष्ट्रपतियों ने पिछले साल के अंत में बाली में मुलाकात के दौरान इस बात पर सहमति जताई थी कि हमारे बीच संवाद के माध्यमों को स्थापित और मजबूत करना अहम होगा। हमारा मानना है कि यह हमारे हित में है और शेष दुनिया भी हमसे यही अपेक्षा करती है, क्योंकि हमसे यह उम्मीद की जाती है कि हम अपने संबंधों का जिम्मेदारी से प्रबंधन करेंगे। उन्होंने कहा, मेरा मानना है कि हमारे बीच गहरे मतभेद होने के मद्देनजर हमारी जिम्मेदारी है कि हम न केवल इन मतभेदों का प्रबंधन करें, ताकि प्रतिद्वंद्वता संघर्ष में तब्दील न हो, बल्कि उन संभावनाओं का भी प्रबंधन करें, जिनसे दोनों देशों का हित हो, जो दुनिया की जरूरतों को पूरा करें और साथ ही सहयोग के क्षेत्रों को तलाशा जाए।

**PUBLIC NOTICE**

This is to inform public in general that Kotak Mahindra bank Ltd has organized an auction in below mention respect of Vehicles.
VEHICLES FOR SALE

1) VOLVO EICHER 2095 REG.NO.HR55AJ9875-YOM-2020
2) VOLVO EICHER 2095 REG.NO.HR55AJ2722-YOM-2020
3) VOLVO EICHER 2095 REG.NO.HR55AJ9843-YOM-2020
4) VOLVO EICHER 2095 REG.NO.HR55AJ2858-YOM-2020
5) VOLVO EICHER 2095 REG.NO.HR55AJ1279-YOM-2020
6) TATA MOTORS LTD. - CB_LPT _1512_REG NO. DL1GE1481 YOM- 2022
7) VOLVO EICHER - CB_PRO_ 2114_CABIN_CHASSIS REG NO. DL1GE0722- YOM- 2022

UNDER HYPOTHECATION WITH M/S KOTAK MAHINDRA BANK IS UNDER SALE IN ITS "AS IS WHERE IS CONDITION" INTERESTED PARTIES CAN GIVE THEIR QUOTATIONS WITH IN 5 DAYS AT BRANCH ADDRESS: KOTAK MAHINDRA BANK 3RD FLOOR, PLOT NO 7, SECTOR 125, NOIDA-201313 OR CONTACT : ABHINAV LAL KOTAK MAHINDRA BANK LTD. CONTACT NO. 7798988481 EMAIL – abhinav.lal@kotak.com

पायनियर
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 11 मई, 2023



# कट्टरपंथी इस्लामी संगठन से संबंध के आरोप में 16 संदिग्ध गिरफ्तार

**भाषा।** भोपाल



**मध्य** प्रदेश पुलिस के आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) ने मंगलवार को कट्टरपंथी संगठन हिज्ब-उत-तहरीर (एचयूटी) से जुड़े होने के संदेह में राज्य के दो शहरों से 11 लोगों को तथा तेलंगाना पुलिस ने पांच अन्य लोगों को हैदराबाद से गिरफ्तार किया है। मध्य प्रदेश पुलिस के प्रवक्ता ने यह जानकारी दी।

इन गिरफ्तारियों के साथ ही पुलिस अधिकारियों ने कट्टरपंथी संगठन के एक मॉड्यूल का भंडाफोड़ करने का दावा किया है। एक अधिकारी ने कहा कि मप्र एटीएस ने एक जिम ट्रेनर, सॉफ्टवेयर इंजीनियर और शिक्षक सहित 11 लोगों को गिरफ्तार किया और उनके खिलाफ गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) और अन्य प्रासंगिक धाराओं के तहत मामला दर्ज किया।

उन्होंने बताया कि इनमें से 10 को भोपाल के शाहजहानाबाद, ऐशबाग, लालघाटी और पिपलानी इलाके से गिरफ्तार किया गया, जबकि एक को छिंदवाड़ा शहर से पकड़ा गया। उन्होंने कहा कि एटीएस से मिली गुप्त सूचना के आधार पर तेलंगाना पुलिस ने हैदराबाद से पांच लोगों को संगठन से कथित संबंधों के आरोप में गिरफ्तार किया है।

अधिकारी ने कहा कि एचयूटी के गिरफ्तार सदस्यों के पास से राष्ट्र विरोधी दस्तावेज, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और कट्टरपंथी साहित्य बरामद किया गया। इस संगठन का नेटवर्क 50 से अधिक देशों में फैला हुआ है। उन्होंने कहा कि इस संगठन को पहले ही 16 देशों में प्रतिबंधित किया जा चुका है। मप्र पुलिस प्रवक्ता ने दावा किया कि संगठन भारत में लोकतांत्रिक व्यवस्था को गिराने और इसे शरिया (इस्लामिक कानून शासन) से बदलने का लक्ष्य बना रहा था। प्रवक्ता ने कहा कि ए संचार के नियमित माध्यमों से बचते हैं और बातचीत के लिए डार्क वेब का इस्तेमाल करते हैं। पिछले साल, भोपाल से कई लोगों को प्रतिबंधित समूह जमात-उल-मुजाहिदीन बांग्लादेश के साथ कथित संबंधों के लिए गिरफ्तार किया गया था और उनके पास से जिहाद से जुड़े साहित्य और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जब्त किए गए थे।

## एनआईए ने जम्मू कश्मीर में आतंकी गतिविधियों के लिए तीन लोगों की संपत्तियां कुर्क की

**श्रीनगर।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने कश्मीर घाटी में आतंकवाद से जुड़ी गतिविधियों में कथित संलिप्तता को लेकर बुधवार को तीन लोगों की संपत्ति कुर्क की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि केंद्रीय एजेंसी ने कश्मीर में विभिन्न स्थानों पर संदिग्धों और आरोपियों की संपत्तियों पर छापे मारकर आतंकवादी संगठनों, उनके सहयोगियों, एजेंट और ओवरग्राउंड वर्कर्स (ओजीडब्ल्यू) के खिलाफ निगरानी बढ़ा दी है।

एनआईए ने हिजबुल मुजाहिदीन (एचएम) और जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) जैसे प्रतिबंधित आतंकवादी संगठनों के सदस्यों या कैडरों से जुड़ी आतंकवादी गतिविधियों के दो अलग-अलग मामलों में तीन आरोपियों की अचल संपत्तियां कुर्क की। एनआईए ने कहा कि पहले मामले में शोपियां जिले के हरमन में दो आरोपियों दौलत अली मुगल और इस्हाक पाला की अचल संपत्तियों को यूए(पी)ए अधिनियम के तहत कुर्क किया गया है। पाला फिलहाल आगरा के केंद्रीय कारागार में बंद है। वह हिजबुल मुजाहिदीन अल-बद्र संगठन का आतंकवादी था। जबकि अभियुक्त मुगल हिजबुल मुजाहिदीन का एक ओवरग्राउंड वर्कर था और फिलहाल जमानत पर जेल से बाहर है। दूसरे मामले में, एजेंसी ने जैश-ए-मोहम्मद के ओवरग्राउंड वर्कर्स (ओजीडब्ल्यू) आरोपी फयाज अहमद मागरे की अचल संपत्ति कुर्क की, जो फिलहाल हरियाणा की झज्जर जिला जेल में बंद है।

# गोपनीयता के उल्लंघन को लेकर व्हाट्सऐप की जांच करेगी सरकार : चंद्रशेखर

**भाषा।** नई दिल्ली

● भले ही नया डिजिटल व्यक्तिगत सूचना संरक्षण विधेयक तैयार किया जा रहा हो, सरकार निजी सूचना की गोपनीयता के कथित उल्लंघन की जांच करेगी



**इलेक्ट्रॉनिक्स** और सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने बुधवार को कहा कि सरकार स्मार्टफोन के उपयोग में नहीं रहते हुए उसका इस्तेमाल करने वालों के माइक्रोफोन तक सोशल मीडिया मंच व्हाट्सऐप की पहुंच होने के दावे की जांच करेगी। मंत्री ने ट्विटर पर लिखा है कि भले ही नया डिजिटल व्यक्तिगत सूचना संरक्षण विधेयक तैयार किया जा रहा हो, सरकार निजी सूचना की गोपनीयता के कथित उल्लंघन की जांच करेगी।

यह दावा किया गया कि एक उपयोगकर्ता के माइक्रोफोन में ऐसे समय में व्हाट्सऐप की पहुंच हुई जब वह उपयोगकर्ता सो रहा था।

ट्विटर के इंजीनियरिंग विभाग में निदेशक फोड डाबिरी ने शनिवार को कहा था, यह क्या चल रहा है...व्हाट्सऐप बैकग्राउंड में माइक्रोफोन का उपयोग कर रहा था। यह तब हो रहा रहा था, जब मैं सो रहा था और सुबह 6 बजे उठने पर पता चला।

डाबिरी के ट्वीट का जवाब देते हुए चंद्रशेखर ने कहा, इस प्रकार का उल्लंघन कतई स्वीकार्य नहीं है। यह गोपनीयता का उल्लंघन है।

उन्होंने कहा, हम तुरंत इसकी जांच करेंगे और निजी जानकारी की गोपनीयता के किसी भी उल्लंघन पर कार्वाई करेंगे।

डाबिरी का ट्वीट वायरल हो गया है। इसे 6.5 करोड़ से अधिक बार देखा गया।

उधर, व्हाट्सऐप ने कहा है कि वह समस्या के बारे में पोस्ट करने वाले ट्विटर इंजीनियर के साथ पिछले 24 घंटों से संपर्क में है।

व्हाट्सऐप ने एक ट्वीट में कहा, हम मानते हैं कि यह एंड्रॉयड पर एक वायरस है जो उनके गोपनीयता डैशबोर्ड में जानकारी को गलत तरीके से उपलब्ध कराता है। इसको लेकर गूगल से जांच और इससे निपटने के लिए जरूरी सुधार करने के लिए कहा गया है।

कंपनी ने यह भी दावा किया कि उपयोगकर्ता का अपनी माइक की सेटिंग पर पूरा नियंत्रण है। सोशल मीडिया मंच ने कहा, अनुमति मिलने के बाद, व्हाट्सऐप केवल माइक तक उस समय पहुंचता है जब कोई उपयोगकर्ता कॉल कर रहा होता है या वॉयस नोट या वीडियो रिकॉर्ड कर रहा होता है। उस समय भी बातचीत और अन्य जानकारी एंड-टू-एंड एनक्रिप्शन के जरिए सुरक्षित होती हैं। इसीलिए व्हाट्सऐप उन्हें सुन नहीं सकता है। ट्विटर के साथ काम करने वाले इंजीनियर ने अपने फोन के स्क्रीनशॉट साझा किए हैं। इनमें व्हाट्सऐप को कई बार इंजीनियर के हैंडसेट के माइक्रोफोन का उपयोग करते हुए दिखाया गया जबकि उस दौरान वह सो रहा था।

इन स्क्रीनशॉट के बाद ट्विटर, टेस्ला इंक के प्रमुख एलॅन मस्क सहित कई उपयोगकर्ताओं ने चिंता जाहिर की है। मस्क ने कहा कि व्हाट्सऐप पर भरोसा नहीं किया जा सकता। भारत में व्हाट्सऐप विभिन्न मुद्दों को लेकर जांच के दायरे में है। गत अक्टूबर में दो घंटे तक सेवा में व्यवधान के बाद इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने इस सोशल मीडिया मंच से व्यवधान के कारण बताने के लिए कहा था।

# हेमंत सोरेन से मिले नीतीश कुमार

**भाषा।** रांची

**भारतीय** जनता पार्टी के खिलाफ वर्ष 2024 के आम चुनाव के मद्देनजर राष्ट्रीय स्तर पर विपक्षी एकता के प्रयास में जुटे बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने झारखंड के अपने समकक्ष हेमंत सोरेन से मुलाकात के बाद बुधवार को कहा कि दोनों नेताओं की बातचीत एकजुट विपक्ष को लेकर केंद्रित रही। सोरेन से मुलाकात के बाद कुमार ने यहां कहा, हमारी बातचीत एकजुट विपक्ष को लेकर केंद्रित रही।

इसके साथ ही बिहार के मुख्यमंत्री ने जोर देकर कहा, इतिहास में बदलाव के केंद्र के प्रयासों का हम विरोध करेंगे।

इससे पहले शाम करीब पांच बजे कुमार यहां उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के साथ बिरसा मुंडा हवाई अड्डा पहुंचे, जहां से वह सीधे प्रदेश के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के साथ मुलाकात के लिए रवाना हो गए।

कुमार के यहां पहुंचने पर उन्हें गार्ड आफ ऑनर दिया गया। कुमार और तेजस्वी के साथ राजद के प्रवक्ता मनोज झा भी मौजूद थे। रांची पहुंचने पर राष्ट्रीय जनता दल एवं जदयू के कार्यकर्ताओं तथा नेताओं ने बिहार के मुख्यमंत्री एवं उपमुख्यमंत्री का जोरदार स्वागत किया। गौरतलब है कि नीतीश और हेमंत की इस मुलाकात से पहले इसकी भूमिका तैयार करने के लिए कुछ पहले ही जदयू के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष खीरू महतो ने हेमंत सोरेन से मुलाकात की थी।

नीतीश विपक्षी एकजुटता के लिए पूरे देश में विपक्षी दलों के नेताओं से लागातर मुलाकात कर रहे हैं और इस सिलसिले में मंगलवार को उन्होंने भुवनेश्वर में उड़ीसा के मुख्यमंत्री एवं बीजू जनता दल के नेता नवीन पटनायक से मुलाकात की थी। इससे पहले नीतीश दिल्ली में कांग्रेस नेता राहुल गांधी, अरविंद केजरीवाल और ममता बनर्जी से मुलाकात कर चुके हैं।

# न्यायालय ने अतिरिक्त साक्ष्य पेश करने की संजीव भट्ट की अर्जी ठुकराई

**भाषा।** नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के बर्खास्त अधिकारी संजीव भट्ट की उस याचिका को बुधवार को खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने 1990 के हिरासत में मौत मामले में उनकी दोषसिद्धि के खिलाफ गुजरात उच्च न्यायालय में दायर उनकी अपील का समर्थन करने के लिए अतिरिक्त साक्ष्य पेश करने की अनुमति देने का अनुरोध किया था।

इससे पहले, शीर्ष अदालत ने न्यायमूर्ति एमआर शाह को मामले की सुनवाई से अलग करने की भट्ट की अर्जी खारिज कर दी थी। भट्ट के वकील ने मंगलवार को दलील दी थी कि न्यायमूर्ति शाह के मामले में पूर्वाग्रह से ग्रसित होने की आशंका उचित थी, क्योंकि उन्होंने उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में उसी प्राथमिकी से जुड़ी भट्ट की याचिका पर सुनवाई करते हुए याचिकाकर्ता को फटकार लगाई थी।

हालांकि, गुजरात सरकार के वकीलों और शिकायतकर्ता ने भट्ट के वकीलों की इस दलील का विरोध करते हुए इसे फोरम शॉपिंग करा दिया था। फोरम शॉपिंग एक ऐसी प्रथा को कहते हैं, जिसके तहत वादी अपना कानूनी मामला उस अदालत में दाखिल करते हैं, जिसमें उन्हें अपने हक में फैसला आने की उम्मीद होती है। उन्होंने सवाल किया था कि भट्ट के वकीलों ने पहले आपत्ति क्यों नहीं जताई।

न्यायमूर्ति एमआर शाह और न्यायमूर्ति सी.टी. रविकुमार की पीठ ने कहा कि वह उच्च न्यायालय के आदेश में दखल देने की इच्छुक नहीं है। पीठ ने उच्च न्यायालय से निचली अदालत द्वारा विचार किए गए सबूतों की फिर से समीक्षा करने के बाद कानून के अनुसार भट्ट द्वारा दायर अपील का निस्तारण करने को कहा।

भट्ट ने प्रभुदास वैष्णानी की हिरासत में मौत मामले में अपनी दोषसिद्धि को चुनौती देते हुए उच्च न्यायालय में अपील दायर की थी। वैष्णानी उन 133 लोगों में शामिल था, जिन्हें जामनगर पुलिस ने भाजपा नेता लालकृष्ण आडवाणी की रथ यात्रा के मद्देनजर बुलाए गए बंद के बाद शहर में सांप्रदायिक दंगे भड़कने के चलते गिरफ्तार किया था।

इसके बाद, वैष्णानी के भाई ने भट्ट, जो उस समय जामनगर में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के रूप में तैनात थे, और छह अन्य पुलिसकर्मियों पर वैष्णानी को हिरासत में प्रताड़ित करने का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

## क्विक न्यूज

### द केरल स्टोरी 12 मई को 37 देशों में रिलीज होगी



**नई दिल्ली।** द केरल स्टोरी की मुख्य अभिनेत्री अदा शर्मा ने बुधवार को कहा कि यह फिल्म 12 मई को 37 देशो मे रिलीज होगी। धर्मांतरण के विषय पर बनी इस फिल्म द केरल स्टोरी को लेकर देश मे राजनीतिक विमर्श छिड़ गया है, जिसके कारण कुछ राज्यो ने फिल्म को प्रतिबंधित कर दिया है और कुछ राज्यो ने इसे कर मुक्त कर दिया है। द केरल स्टोरी ने शुक्रवार को रिलीज होने के बाद से बॉक्स ऑफिस पर 56 करोड़ रुपए की कमाई की है। शर्मा ने ट्विटर पर फिल्म का समर्थन करने के लिए दर्शकों का शुक्रिया अदा किया। अभिनेत्री ने लिखा, आप सभी करोड़ों लोगो को धन्यवाद जो हमारी फिल्म देखने जा रहे है, इसे ट्रेंड कराने के लिए धन्यवाद, मेरे प्रदर्शन को प्यार देने के लिए धन्यवाद। इस सप्ताह के अंत मे 12 मई को द केरल स्टोरी 37 देशो (या अधिक) मे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रिलीज होगी।

### वित्तीय समस्याओं के चलते 20-25 सीटों पर जद (एस) को झटका लग सकता है : कुमारस्वामी



**बिडदि (कर्नाटक)।** जनता दल (सेक्युलर) के नेता एच. डी. कुमारस्वामी ने बुधवार को कहा कि कर्नाटक मे जारी विधानसभा चुनाव मे जिन 25 क्षेत्रो मे पार्टी की जीत की संभावना थी, वहां वित्तीय संकट के कारण पार्टी को झटका लग सकता है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि वित्तीय समस्याओ के बावजूद उनकी पार्टी सीटे जीतने के मामले मे कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी से आगे रहेगी। उन्होने कहा कि उनकी पार्टी किंग मेकर नही बल्कि किंग बनेगी। कुमारस्वामी ने कहा, मुझे इस बात का दुख है कि मै अपने कुछ उम्मीदवारो का वित्तीय समर्थन नही कर पाया। मुझे उम्मीद थी कि धन के मामले मे मुझे जनता का समर्थन मिल सकता है, लेकिन मुझे एक हद तक झटका लगा है। चिक्कबल्लापुरा और डोड्डाबल्लापुरा जैसे कई निर्वाचन क्षेत्रो मे जीतने योग्य उम्मीदवार है, मै अंतिम चरण मे उम्मीदवारो को आर्थिक रूप से समर्थन करने मे विफल रहा हूं। कुमारस्वामी ने यहां पत्रकारो से बात करते हुए कि धन की कमी के कारण, लगभग 20-25 निर्वाचन क्षेत्रो मे जहां उन्हे जीतने की उम्मीद है, वहां झटका लग सकता है। उन्होने कहा, कुछ निर्वाचन क्षेत्रो ने पार्टी फंड से अच्छी रकम ली है और कुछ जीतने योग्य सीटो के लिए मै पर्याप्त कोष नही दे पाया हूं और इससे नुकसान हुआ है। मै उम्मीद के मुताबिक उनका समर्थन नही कर पाया, क्योंकि पार्टी को उम्मीद के मुताबिक चंदा नही मिला।

### इजराइल के विदेश मंत्री की भारत यात्रा से संबंधों को और गति मिली : विदेश मंत्रालय



**नई दिल्ली।** विदेश मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि इजराइल के विदेश मंत्री एली कोहेन की भारत यात्रा से द्विपक्षीय सहयोग को और गति मिली है जो वर्ष 2017 मे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ऐतिहासिक इजराइल यात्रा के बाद से गुणात्मक रूप से आगे बढ़ रही है। इजराइल के विदेश मंत्री एली कोहेन अपनी भारत यात्रा को बीच मे ही छोड़कर मंगलवार की रात स्वदेश लौट गए। इजराइल मे मौजूदा सुरक्षा स्थिति की सूचना मिलने के बाद कोहेन ने अपनी भारत यात्रा की अवधि मे कटौती करने का फैसला किया था। भारत की एक दिवसीय यात्रा के दौरान कोहेन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भेंट की तथा विदेश मंत्री एस जयशंकर, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और जल शक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत से विविधि विषयों पर चर्चा की। गौरतलब है कि भारत और इजराइल के बीच संबंधो मे पिछले कुछ वर्षो मे काफी मजबूती आई है जिसमे खासतौर पर रक्षा, कृषि, जल प्रबंधन जैसे क्षेत्र शामिल है। विदेश मंत्रालय के अनुसार, भारत का द्विपक्षीय कारोबार वित्त वर्ष 2021-22 मे 7.86 अरब डालर था जो वित्त वर्ष 2022-23 मे बढ़कर 10.12 अरब डालर हो गया। मंत्रालय ने कहा कि जयशंकर और कोहेन ने सम्पर्क, आवाजाही, अकादमिक एवं वैज्ञानिक शोध, कृषि, जल और कारोबार सहित द्विपक्षीय सहयोग के विभिन्न आयामो पर चर्चा की। बयान मे कहा गया है कि दोनो पक्षो ने अपने सहयोग का विविधिकरण करने पर सहमति व्यक्त की। साथ ही उच्च प्रौद्योगिकी, डिजिटल एवं नवाचार क्षेत्र, सम्पर्क, पर्यटन आवागमन, वित्त और स्वास्थ्य जैसे क्षेत्रो मे सहयोग तथा सूडान, पश्चिम एशिया की स्थिति और रूस-यूक्रेन संघर्ष के बारे मे चर्चा करने के साथ आई2यू2 जैसे बहुपक्षीय मंचो पर सहयोग मे प्रगति की समीक्षा की। आई2यू2 चार देशो का समूह है जिसमे आई2 का आशय भारत और इजराइल तथा यू2 का आशय अमेरिका और यूएई से है। विदेश मंत्रालय ने बताया कि दोनो मंत्रियो ने भारत से निर्माण एवं सेवा कर्मियो को इजराइल मे विशिष्ट श्रमिक बाजार क्षेत्र मे अस्थाई रोजगार की सुविधा संबंधी समझौते पर हस्ताक्षर किए। इसमे कहा गया है कि दोनो पक्षो ने आईआईटी रूड़की और आईआईटी मद्रास मे जल प्रौद्योगिकी केंद्र स्थापित करने के लिए आशय पत्र पर हस्ताक्षर किए और साथ ही नई दिल्ली मे पूसा स्थित आईसीएआर मे कृषि क्षेत्र मे उन्नत नवोन्मेष केंद्र स्थापित करने के लिए भी एक अन्य आशय पत्र पर हस्ताक्षर किए। कोहेन ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल से दोनो देशो के बीच रक्षा, सुरक्षा सहयोग पर चर्चा की।

# सेना के डेंटल कोर में भविष्य की सभी भर्तियां लिंगभेद के बिना होंगी : केंद्र ने न्यायालय से कहा

**भाषा।** नई दिल्ली

**केन्द्र** सरकार ने उच्चतम न्यायालय को बताया कि सेना के डेंटल कोर (एडीसी) में भविष्य में होने वाली सभी भर्तियां लिंगभेद के बिना होंगी तथा पुरुषों एवं महिलाओं के लिए अलग-अलग कोटा नहीं होगा।

उच्चतम न्यायालय ने 11 अप्रैल को एडीसी की भर्तियों पर नाराजगी जताई थी जिनमें महज 10 प्रतिशत रिक्तियां महिलाओं के लिए थीं और कहा था कि यह समय को पीछे ले जाने जैसा है। अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल के. एम. नटराज ने न्यायमूर्ति बी. आर. गवई, न्यायमूर्ति विक्रमनाथ और न्यायमूर्ति संजय करोल की पीठ को आठ मई को बताया कि सरकार ने पुरुषों और महिलाओं के लिए तय कोटा को खत्म करने का फैसला लिया है और भविष्य में होने वाली सभी भर्तियां लिंगभेद के बिना होंगी। यह आदेश बुधवार को उच्चतम न्यायालय की वेबसाइट पर अपलोड किया गया।

शीर्ष अदालत ने एएसजी की दलीलों को स्वीकार कर लिया और कोयंबटूर की रहने वाली दांतों की डॉक्टर गोपिका नैय्यर की याचिका का निस्तारण कर दिया।

# चक्रवात मोका के कारण अंडमान में भारी बारिश होने का अनुमान

**भाषा।** पोर्ट ब्लेयरभुवनेश्वर



**बंगाल** की खाड़ी में एक चक्रवाती परिसंचरण अंडमान-निकोबार द्वीप समूह में पोर्ट ब्लेयर के पास एक गहरे दबाव के क्षेत्र में बदल गया है और संभवत: बुधवार शाम तक यह पूर्ण विकसित चक्रवात का रूप ले लेगा। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने यह जानकारी दी।

चक्रवाती तूफान पर करीब से नजर रख रहे आईएमडी ने कहा कि इसके रविवार को बांग्लादेश में कॉक्स बाजार और म्यांमा में क्यॉकप्यू के बीच दस्तक देने का अनुमान है।

आईएमडी ने कहा, 12 मई को, यह मध्य बंगाल की खाड़ी के दक्षिण-पूर्व और आसपास के क्षेत्रों में एक बहुत ही गंभीर चक्रवाती तूफान में बदल जाएगा।

क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र, कोलकाता में निदेशक (मौसम), जी.के. दास ने एक बयान में कहा, गहरे दबाव का क्षेत्र कुछ समय के लिए उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ सकता है और फिर उत्तर-उत्तर पश्चिम की ओर बढ़ते हुए शाम में इसी क्षेत्र में धीरे-धीरे चक्रवाती तूफान का रूप ले सकता है।

बयान के अनुसार, यह गहरे दबाव का क्षेत्र उत्तर-उत्तर पश्चिम की ओर बढ़ता रहेगा। बाद में, धीरे-धीरे 11 मई को यह प्रचंड चक्रवाती तूफान में और 12 मई को दक्षिण पूर्व एवं उससे लगे मध्य बंगाल की खाड़ी के क्षेत्रों में अति प्रचंड चक्रवाती तूफान का रूप ले लेगा। इसके बाद इसके धीरे-धीरे 13 मई तक कमजोर होने की संभावना है।

# अधिवक्ता अरुण कुमार को इलाहाबाद उच्च न्यायालय में न्यायाधीश नियुक्त करने की कॉलेजियम की सिफारिश

**नई दिल्ली।** प्रधान न्यायाधीश डी. वाई.चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाले उच्चतम न्यायालय कॉलेजियम ने 51-वर्षीय वकील अरुण कुमार को इलाहाबाद उच्च न्यायालय का न्यायाधीश नियुक्त करने की सिफारिश की है। कॉलेजियम ने कहा कि इसने कुमार को न्यायाधीश नियुक्त किए जाने के प्रस्ताव पर 17 जनवरी, 2023 को विचार किया था, लेकिन खुफिया ब्यूरो की रिपोर्ट के मद्देनजर सिफारिश को टाल दिया था। हालांकि, न्याय विभाग की ओर से आईबी की एक फरवरी, 2023 की रिपोर्ट उच्चतम न्यायालय को तीन मई 2023 को अग्रसारित की गई, जिसमें कहा गया था कि उसके पास कुमार के खिलाफ कोई और नकारात्मक जानकारी नहीं है। कॉलेजियम ने कहा है कि कुमार की उपयुक्तता के संदर्भ में जानकारी के लिए संपर्क किए गए तीन न्यायाधीशों ने सकारात्मक रिपोर्ट दी है, जबकि एक न्यायाधीश ने कोई टिप्पणी नहीं की है। कॉलेजियम ने कहा है, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री और राज्यपाल ने उपरोक्त सिफारिश से सहमति व्यक्त की है। उम्मीदवार कुमार की आयु लगभग 51 वर्ष है और वह आय मानदंड को पूरा करते हैं।

# समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता से भारत की सांस्कृतिक जड़ों पर आघात होगा

**भाषा।** नई दिल्ली

**राष्ट्रीय** स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से जुड़ी एक संस्था ने उच्चतम न्यायालय को लिखे पत्र में कहा है कि समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता देने से हिन्दू विवाह अधिनियम का उद्देश्य विफल होगा और इससे यह भी प्रदर्शित होता है कि किस प्रकार दूसरे धर्म और पश्चिमी देश भारत पर हावी हो रहे हैं और हिन्दुत्व की प्रकृति को प्रभावित कर रहे हैं।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की महिला शाखा से संबद्ध संवर्धिनी न्याय ने समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता देने की स्थिति में इसके विनाशकारी प्रभावों के प्रति शीर्ष अदालत का ध्यान आकृष्ट कराया। संस्था ने कहा कि ऐसे किसी फैसले से भारत की सांस्कृतिक और भारतीय समाज की जड़ों पर आघात होगा और चारों ओर उथल पुथल की स्थिति पैदा हो जाएगी। राष्ट्र सेविका समिति से संबद्ध संस्था ने पत्र में कई मुद्दों को उठाते हुए कहा है कि समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता देने से ऐसे माता पिता द्वारा पालन पोषण किए जाने वाले बच्चों का विकास एवं व्यक्तित्व प्रभावित होगा, साथ ही काफी हद तक युवा भी प्रभावित होंगे। उच्चतम न्यायालय के पंजीयक को संबोधित पत्र में विधि सलाहकार श्वेता शर्मा ने लिखा कि समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता देने से हिन्दू विवाह अधिनियम का उद्देश्य विफल होगा और इससे यह भी प्रदर्शित होता है कि किस प्रकार से दूसरे धर्म और पश्चिमी देश हमारे देश पर हावी हो रहे हैं और हिन्दुत्व की प्रकृति को प्रभावित कर रहे हैं। प्रधान न्यायाधीश न्यायमूर्ति डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ समलैंगिक विवाहों को कानूनी मंजूरी दिए जाने संबंधी याचिकाओं पर सुनवाई कर रही है। कई एलजीबीटीक्यू अधिकार कार्यकर्ताओं ने समलैंगिक विवाह पर आरएसएस के एक निकाय के सर्वेक्षण को खतरनाक और भ्रामक करार दिया है तथा संगठन पर गलत जानकारी फैलाने का आरोप लगाया है।

## न्यायालय ने कहा, भारतीय कानून अकेले व्यक्ति को बच्चा गोद लेने की अनुमति देता है

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने समलैंगिक विवाह मामले की सुनवाई के दौरान बुधवार को कहा कि भारतीय कानून वैवाहिक स्थिति की परवाह किए बिना अकेले व्यक्ति को भी बच्चा गोद लेने की अनुमति देते हैं। न्यायालय ने यह भी कहा कि कानून मानता है कि आदर्श परिवार के अपने जैविक संतान होने के अलावा भी कुछ विषम स्थितियां हो सकती हैं। राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) ने समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता देने संबंधी याचिकाओं की सुनवाई के दौरान न्यायालय के समक्ष दलील दी कि लिंग की अवधारणा परिवर्तनशील हो सकती है, लेकिन मां और मातृत्व नहीं। आयोग ने विभिन्न कानूनों में बच्चे का कल्याण सर्वोपरि रखे जाने का उल्लेख करते हुए प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच-सदस्ईय संविधान पीठ को बताया कि यह कई फैसलों में कहा गया है कि बच्चे को गोद लेना मौलिक अधिकार नहीं है। एनसीपीसीआर एवं अन्य की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने पीठ से कहा, हमारे कानूनों की संपूर्ण संरचना स्वाभाविक रूप से विषमलैंगिक व्यक्तियों से पैदा हुए बच्चों के हितों की रक्षा और कल्याण से संबंधित है और सरकार विषमलैंगिकों तथा समलैंगिकों के साथ अलग-अलग व्यवहार करने में न्यायसंगत है।

# मॉरीशस के मंत्री ने कहा, हमारे यहां अडाणी की कोई फर्जी कंपनी नहीं, हिंडनबर्ग के आरोप झूठे

**भाषा।** पोर्ट लुइस, नई दिल्ली

**मॉरीशस** में अडाणी समूह की फर्जी कंपनियों के मौजूद होने का आरोप लगाने वाली हिंडनबर्ग रिपोर्ट को मॉरीशस के वित्तीय सेवा मंत्री ने संसद में झूठा और आधारहीन बताते हुए कहा है कि उनका देश ओईसीडी के निर्धारित कर नियमों का पालन करता है।

अमेरिकी निवेश शोध फर्म हिंडनबर्ग रिसर्च ने गत 24 जनवरी को जारी अपनी रिपोर्ट में कहा था कि अरबपति गौतम अडाणी ने अपनी सूचीबद्ध कंपनियों के शेयरों के भाव में हेराफेरी करने के लिए मॉरीशस में बनाई गई फर्जी कंपनियों का इस्तेमाल किया है।

मॉरीशस अपने निम्न कर ढांचे की वजह से विदेशी निवेशकों के बीच एक लोकप्रिय स्थान बना हुआ है। शेल यानी फर्जी कंपनी उस निष्क्रिय फर्म को कहा जाता है जिसका इस्तेमाल कर कई तरह की वित्तीय धांधलियों को अंजाम दिया जाता है। हिंडनबर्ग की रिपोर्ट में लगाए गए इस आरोप के बारे में मॉरीशस के एक संसद सदस्य ने सरकार से सवाल पूछा था। उसके जवाब में वित्तीय सेवा मंत्री महेन कुमार सीरुत्तन ने कहा कि मॉरीशस का कानून फर्जी कंपनियों की मौजूदगी की इजाजत नहीं देता है। सीरुत्तुन ने कहा, मैं सदन को सूचित करना चाहता हूं कि मॉरीशस में शेल कंपनियों की मौजूदगी के आरोप झूठे और निराधार हैं। कानून के अनुसार मॉरीशस में शेल कंपनियों की अनुमति नहीं है।

उन्होंने कहा कि वित्तीय सेवा आयोग (एफएससी) से लाइसेंस लेने वाली सभी वैश्विक व्यापार कंपनियों को सतत आधार पर जरूरी शर्तों पर खरा उतरना होता है और आयोग इसपर कड़ी निगाह रखता है। उन्होंने कहा, अब तक ऐसा कोई भी उल्लंघन नहीं पाया गया है।

मॉरीशस के वित्तीय सेवा मंत्री ने कहा कि एफएससी ने हिंडनबर्ग रिपोर्ट पर गौर किया है लेकिन कानून की गोपनीयता धारा से बंधे होने से इसके विवरण का खुलासा नहीं किया जा सकता है। उन्होंने कहा, वित्तीय सेवा आयोग न तो इनकार और न ही पुष्टि कर सकता है कि जांच की गई है या की जा रही है। वैश्विक व्यापार कंपनियों के बारे में जानकारी देना वित्तीय सेवा अधिनियम की धारा 83 का उल्लंघन होगा और इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। इसके पहले एफएससी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी धनेश्वरनाथ विकास ठाकुर ने कहा था कि मॉरीशस में अडाणी समूह से संबंधित सभी इकाइयों के प्रारंभिक मूल्यांकन में नियमों के अनुपालन में कोई खामी नहीं पाई गई है।

हिंडनबर्ग की रिपोर्ट में लगाए गए आरोप के बाद अडाणी समूह से जुड़ी कथित फर्जी कंपनियों का मामला चर्चा में है। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) अडाणी समूह और मॉरीशस की दो फर्मों- ग्रेट इंटरनेशनल टस्कर फंड एवं आयुष्मान लिमिटेड के बीच संबंधों का आकलन कर रहा है। इन फर्मों ने अडाणी एंटरप्राइजेज की तरफ से जनवरी के अंत में लाए गए एफपीओ में प्रमुख निवेशकों के तौर पर शिरकत की थी।

## उच्चतम न्यायालय अडाणी-हिंडनबर्ग विवाद से जुड़ी याचिकाओं पर कल होगी सुनवाई करेगा

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय अडाणी-हिंडनबर्ग विवाद से जुड़ी याचिकाओं पर 12 मई को सुनवाई करेगा और शेयर मूल्यों में हेरफेर तथा त्रुटिपूर्ण नियामकीय जानकारी देने के आरोपों की जांच पूरी करने के लिए छह महीने की और मोहलत देने की बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति एवं विनियम बोर्ड (सेबी) की अर्जी पर भी उसी दिन विचार किए जाने की संभावना है। अडाणी समूह पर शेयर के मूल्यों में हेरफेर करने और त्रुटिपूर्ण नियामकीय जानकारी देने के आरोप हैं। शीर्ष न्यायालय ने दो मार्च को सेबी को इन आरोपों की जांच दो महीने में पूरी करने का निर्देश दिया था। न्यायालय ने अमेरिकी कंपनी हिंडनबर्ग की एक रिपोर्ट आने पर अडाणी समूह की कंपनियों के बाजार मूल्य (पूंजीकरण) में 140 अरब डॉलर की गिरावट आने के बाद भारतीय निवेशकों को सुरक्षा प्रदान करने के लिए एक समिति भी गठित की थी। शीर्ष अदालत की वेबसाइट पर अपलोड किए गए वाद सूची के अनुसार, प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा तथा न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला की पीठ याचिकाओं पर सुनवाई करेगी। मीडिया में आई इन खबरों के मद्देनजर यह सुनवाई मायने रखती है कि सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश ए एम सप्रे की अध्यक्षता वाली छह-सदस्ईय समिति ने अपनी रिपोर्ट एक सीलबंद लिफाफे में शीर्ष अदालत को सौंप दी है।

# दिल्ली को हराकर चेन्नई आईपीएल प्ले आफ के करीब



भाषा। चेन्नई

**कप्तान** महेंद्र सिंह धोनी की आक्रामक बल्लेबाजी और कुशल कप्तानी की मदद से चेन्नई सुपर किंग्स ने दिल्ली कैपिटल्स को आईपीएल के मैच में बुधवार को 27 रन से हराकर आईपीएल प्लेआफ की दिशा में अगला कदम रख दिया।

चेन्नई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए आठ विकेट पर 167 रन बनाए जिसमें धोनी ने नौ गेंद में 20 रन का योगदान दिया। जवाब में दिल्ली की टीम आठ विकेट पर 140 रन ही बना सकी और उसकी पूरी पारी में दस चौके भी नहीं लगे। उसके बल्लेबाजों ने सात चौके और चार छक्के लगाए। दिल्ली के तीनों प्रमुख बल्लेबाज डेविड वॉर्नर (0), फिल साल्ट (17) और मिशेल मार्श (पांच) चौथे ओवर में पवेलियन में थे।

इस जीत से चेन्नई के 15 अंक हो गए हैं और बाकी दोनों मैचों में से एक भी जीतकर वह अंतिम चार में पहुंच जाएगी। वहीं दिल्ली के 11 मैचों में सिर्फ आठ अंक है और प्लेआफ की उसकी उम्मीदें लगभग खत्म ही है।

चेन्नई के लिए रविंद्र जडेजा ने चार ओवर में सिर्फ 19 रन देकर एक विकेट लिया जबकि मोईन अली ने चार ओवर में सिर्फ 16 रन दिए। मतीषा पथिराना ने चार ओवर में 37 रन देकर तीन विकेट लिए। बीच के ओवरों में दिल्ली के लिए मनीष पांडे और रिली रोसोयू ने 59 रन जोड़े लेकिन उसके लिए 59 गेंदें भी खेली। इससे पहले धोनी ने 19वें ओवर में खलील अहमद को दो छक्के जड़कर चेन्नई को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। इससे पहले दिल्ली के गेंदबाजों ने चेन्नई के बल्लेबाजों को दबाव में रखा। कोई भी बल्लेबाज अच्छी शुरूआत को बड़ी पारी में नहीं बदल सका। शिवम दुबे ने सर्वाधिक 25 रन बनाए। रूतुराज गायकवाड़ ने 24, अंबाती रायुडू ने 23 और अजिंक्य रहाणे ने 21 रन का योगदान दिया। चेन्नई के कप्तान धोनी ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया लेकिन दिल्ली के गेंदबाजों के अनुशासित प्रदर्शन के सामने यह फैसला गलत साबित होता दिखा। बाएं हाथ के स्पिनर अक्षर पटेल ने शुरूआती दोनों बल्लेबाजों को आउट करके चेन्नई को अच्छी शुरूआत से वंचित कर दिया। वहीं मिशेल मार्श ने तीन ओवर में सिर्फ 18 रन देकर तीन विकेट लिए। कुलदीप यादव और ललित यादव को भी एक एक विकेट मिला। दुबे ने चेन्नई की पारी का पहला छक्का 11वें ओवर में अक्षर को जड़ा।

### स्कोर बोर्ड

**चेन्नई सुपर किंग्स पारी :** रूतुराज गायकवाड़ का अमन बो अक्षर 24, डेवोन कोंवे पगबाधा बो अक्षर 10, अजिंक्य रहाणे का और बो ललित यादव 21, मोईन अली का मार्श बो कुलदीप 7, शिवम दुबे का वॉर्नर बो मार्श 25, अंबाती रायुडू का रिपल पटेल बो अहमद 23, रविंद्र जडेजा का अक्षर बो मार्श 21, एम एस धोनी का वॉर्नर बो मार्श 20, दीपक चाहर नाबाद।, तुषार देशपांडे नाबाद 0, **अतिरिक्त :** 15 रन, **कुल योग :** 20 ओवर में आठ विकेट पर 167 रन **विकेट पतन :**1 . 32, 2 . 49, 3 . 64, 4 . 77, 5 . 113, 6 . 126, 7 . 164, 8 . 166 **गेंदबाजी :** अहमद 4 . 0 . 32 .।, ईशांत 2 . 0 . 23 . 0, ललित 3 . 0 . 34 .।, अक्षर 4 . 0 . 27 . 2, कुलदीप 4 . 0 . 28 .।, मार्श 3 . 0 . 18 . 3

**दिल्ली कैपिटल्स पारी :** डेविड वॉर्नर का रहाणे बो चाहर 0, फिल साल्ट का रायुडू बो चाहर 17, मिशेल मार्श रन आउट 5, मनीष पांडे पगबाधा बो पथिराना 27, रिली रोसोयू का पथिराना बो जडेजा 35, रिपल पटेल रन आउट 10, अक्षर पटेल का रहाणे बो पथिराना 21, अमन हकीम खान नाबाद 2, ललित यादव बो पथिराना 12, कुलदीप यादव नाबाद 0, **अतिरिक्त :** 11 रन, **कुल योग :** 20 ओवर में आठ विकेट पर 140 रन, **विकेट पतन :**1 . 0, 2 . 20, 3 . 25, 4 . 84, 5 . 89, 6 . 116, 7 . 125 **गेंदबाजी :** चाहर 3 . 0 . 28 . 2, देशपांडे 3 . 0 . 18 . 0, तीक्षणा 2 . 0 . 16 . 0, जडेजा 4 . 0 . 19 .।, मोईन 4 . 0 . 16 . 0, पथिराना 4 . 0 . 37 . 0

इसके बाद दो और छक्के जड़े लेकिन मिशेल मार्श की गेंद पर दिल्ली के कप्तान डेविड वॉर्नर को कैच दे बैठे। उन्होंने 12 गेंद में 25 रन बनाए।

रूतुराज ने ईशांत शर्मा के डाले दूसरे ओवर में 16 रन निकाले। तीसरे ओवर में डेवोन कोंवे को खलील की गेंद पर जीवनदान मिला जब गेंद बल्ले से टकराई थी लेकिन मैदानी अंपायर का फैसला बल्लेबाज के पक्ष में आने पर दिल्ली ने रिव्यू नहीं लिया।

कोंवे हालांकि इसका फायदा नहीं उठा सके और दस रन बनाकर अक्षर का शिकार हुए। पावरप्ले के अंत में चेन्नई का स्कोर एक विकेट पर 49 रन था। गायकवाड़ के रूप में अक्षर ने दूसरा विकेट लिया। अजिंक्य रहाणे को ललित यादव ने शानदार रिटर्न कैच लेकर लौटाया।

# महिला राष्ट्रीय शिविर भविष्य में लखनऊ की जगह पटियाला में कराने की तैयारी

भाषा। नई दिल्ली

**भारतीय** कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह के गढ़ में ट्रेनिंग को लेकर कई महिला पहलवानों के असहजता जताने के बाद भविष्य में महिला राष्ट्रीय कुश्ती शिविर भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) के पटियाला केंद्र में आयोजित किया जाएगा। तदर्थ समिति के प्रमुख भूपेंद्र सिंह बाजवा ने बयान में कहा, तदर्थ समिति ने यह भी फैसला किया कि भविष्य में राष्ट्रीय शिविर साइ सोनीपत (पुरुष ग्रीको रोमन और फ्रीस्टाइल) और साइ पटियाला (महिला कुश्ती) में आयोजित किए जाएंगे।



पीटीआई ने मंगलवार को खबर दी थी कि सीनियर महिला शिविर के लखनऊ से स्थानांतरित होने की पूरी संभावना है।लखनऊ साइ केंद्र में राष्ट्रीय शिविर में शामिल होने में कई महिला पहलवान असहज हैं और कई माता-पिता नहीं चाहते हैं कि सोनीपत में पुरुषों और महिलाओं के संयुक्त शिविर का आयोजन किया जाए।

एक सूत्र ने पीटीआई से कहा, बैठक में संयुक्त राष्ट्रीय शिविर पर चर्चा की गई। पैनल के सदस्यों के संज्ञान में लाया गया कि महिला पहलवानों के माता-पिता सोनीपत में पुरुष पहलवानों के साथ अपनी बेटियों को प्रशिक्षण देने के पक्ष में नहीं थे। उन्होंने कहा, माता-पिता को डर है कि अगर ऐसा होता है तो प्रेम संबंधों के मामले बढ़ सकते हैं। यही कारण था कि डब्ल्यूएफआई ने 2013 में दोनों शिविर को अलग कर दिया था।

महिला पहलवान दिल्ली के आईजी स्टेडियम में प्रशिक्षण को लेकर सहज हैं लेकिन यहां उनके ठहरने के लिए छात्रावास नहीं है। पटियाला में साइ केंद्र में कुश्ती हॉल नहीं है क्योंकि इसे भारोत्तोलन हॉल में मिला दिया गया था।

सूत्र ने कहा, महिलाओं के लिए राष्ट्रीय शिविर गांधी नगर (गुजरात) में आयोजित कराने का एक विकल्प है लेकिन यह देखना होगा कि क्या खिलाड़ी इतनी दूर जाने के लिए राजी होंगे। उन्होंने कहा, यह भी प्रस्तावित किया गया था कि पुरुष पहलवानों को लखनऊ भेजा जाए और महिलाएं सोनीपत में ट्रेनिंग करें लेकिन कोच और रैफरी इसके लिए तैयार नहीं हुए।

विनेश फोगाट, बजरंग पूनिया और साक्षी मलिक सहित देश के शीर्ष पहलवानों के यहां जंतर-मंतर पर धरने पर बैठने के बाद खेल मंत्रालय के निर्देशों पर 27 अप्रैल को भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने खेल के मामलों को चलाने के लिए तीन सदस्ईय तदर्थ पैनल का गठन किया था।

प्रदर्शनकारी पहलवान एक नाबालिग सहित सात महिला पहलवानों के कथित यौन उत्पीड़न के आरोप में बृजभूषण की गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं। बाजवा के अलावा समिति के अन्य सदस्य राइफल कोच सुमा शिरूर और उच्च न्यायालय के एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश हैं जिन्हें नियुक्त किया जाना बाकी है।

# स्वान ने किया कोहली का बचाव, कहा टकराव के बिना नीरस हो जाएगा खेल

भाषा। कोलकाता





**इंग्लैंड** के पूर्व आफ स्पिनर ग्रीम स्वान का मानना है कि विराट कोहली और गौतम गंभीर के बीच विवादित झड़प एशेज में होने वाले टकरावों की तुलना में कुछ भी नहीं है और उनका कहना है कि इस तरह की घटनाओं के बिना खेल नीरस हो जाएगा।

कोहली और गंभीर एक मई को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर और लखनऊ सुपर जाइंट्स के बीच आईपीएल मैच के दौरान एक दूसरे से उलझ गए थे।

जियो सिनेमा पर क्रिकेट विशेषज्ञ स्वान ने आनलाइन बातचीत में कहा , अगर खेल में टकराव नहीं होंगे तो वह नीरस हो जाएगा। मैने अपने जीवन में कई एशेज श्रृंखलाएं खेली हैं और उनकी तुलना में तो यह कुछ भी नहीं है। कोहली और गंभीर पर मैच फीस का सौ फीसदी जुर्माना लगाया गया था। स्वान का मानना है कि कोहली के अति आक्रामक होने में कोई बुराई नहीं है और वह खेल के प्रति अपने जुनून की वजह से ही जाने जाते हैं।

उन्होंने कहा , आपको खिलाड़ियों को इतना भी नहीं बदलना चाहिए कि वे जुनून के साथ खेल ही नहीं सकें। विराट कोहली इसलिए विराट कोहली है क्योंकि वह काफी जुनून के साथ खेलते हैं। उससे कई खिलाड़ी डर जाते हैं। कुछ कहते हैं कि वह बहुत आक्रामक है। गौतम और विराट साथ में खेलते आए हैं और मैदान पर यह सब होता है।

उन्होंने कहा , मैच के बाद एक दूसरे से हाथ मिलाने तक सब सही है। इससे स्क्रीन पर खराब छवि नहीं जानी चाहिए। मुझे उनके जुनून से कोई दिक्कत नहीं है। महेंद्र सिंह धोनी के संन्यास की अटकलों पर उन्होंने कहा , वह जब भी बल्लेबाजी के लिए जा रहा है तो छक्के लगा रहा है। यह उसका आखिरी सत्र क्यों होना चाहिए। अगर वह खेलना चाहता है तो खेल सकता है। विकेट के पीछे उसका कोई सानी नहीं , बल्लेबाजी में वह शानदार है और अभी भी आईपीएल में सर्वश्रेष्ठ कप्तान है।

# मैं अच्छी तरह से जानता हूं कि मेरा खेल कैसा है और रन कैसे बनाने हैं : सूर्यकुमार यादव

भाषा। मुंबई



**मुंबई** इंडियंस के आक्रामक बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) के खिलाफ अपनी टीम को जीत दिलाने के बाद कहा कि वह अपने खेल को अच्छी तरह से समझते हैं और उनके लिए मैच की परिस्थितियां अभ्यास सत्र का ही विस्तार भर हैं।

सूर्यकुमार की 35 गेंदों पर 83 रन की पारी तथा नेहल बढ़ेरा के नाबाद 52 रन की मदद से मुंबई ने आरसीबी के खिलाफ छह विकेट से आसान जीत दर्ज की।

सूर्यकुमार ने मैच के बाद कहा, मैंने नेहल से कहा कि करारे शॉट जमाओ और खाली स्थानों पर शॉट खेलो। आप मैच में जैसा खेल खेलने का इरादा रखते हैं, आपका अभ्यास भी उसी पर आधारित होता है।

उन्होंने कहा, मैं जानता हूं कि मुझे किस क्षेत्र में रन बनाने हैं। हम खुले में अभ्यास करते हैं। मैं अपने खेल को अच्छी तरह से जानता हूं। मैं कुछ हटकर नहीं करता हूं।

इस 32 वर्षीय बल्लेबाज ने कहा कि आरसीबी के गेंदबाजों ने उन क्षेत्रों में गेंदबाजी करने का सर्वश्रेष्ठ प्रयास किया जहां से उनके लिए बाउंड्री लगाना मुश्किल होता।

सूर्य कुमार ने कहा, टीम की दृष्टि से यह जीत हमारे लिए बेहद जरूरी थी। मुझे खुशी है कि हमने अपना घरेलू मैच शानदार अंदाज में जीता। मेरे कहने का मतलब है कि आरसीबी के गेंदबाज भी रणनीति के साथ मैदान पर उतरे थे। उन्होंने उस क्षेत्र में गेंद डालने का प्रयास किया जहां से मैदान के उस हिस्से में शॉट लगाना पड़ता जहां बाउंड्री सबसे दूर है।

## ऐसा लग रहा था मानो गली क्रिकेट खेल रहा हो सूर्यकुमारः गावस्कर

**मुंबई।** अपने जमाने के दिग्गज बल्लेबाज सुनील गावस्कर का मानना है कि सूर्यकुमार यादव इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में जब रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) के गेंदबाजों की धुनाई कर रहा था तो ऐसा लग रहा था मानो वह गली क्रिकेट खेल रहा हो।

सूर्यकुमार ने आरसीबी के खिलाफ इस मैच में 35 गेंदों पर 83 रन बनाए और इस दौरान मैदान के चारों तरफ शॉट खेलने के अपने कौशल का खुलकर प्रदर्शन किया। उन्होंने अपनी पारी में सात चौके और छह छक्के लगाए जिससे मुंबई में 21 गेंद शेष रहते ही 200 रन का लक्ष्य हासिल कर दिया। गावस्कर ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा, वह गेंदबाजों को अपने इशारों पर नचा रहा था। जब वह इस तरह से बल्लेबाजी करता है तो आपको गली क्रिकेट की याद दिलाता है। लगातार अभ्यास और कड़ी मेहनत से उसके खेल में काफी निखार आ गया है। बल्ले की ग्रिप पर उसका नीचे रहने वाला हाथ बहुत मजबूत है और वह इसका बड़े अच्छे तरीके से उपयोग करता है।

# केएल राहुल का सफल ऑपरेशन, कहा, वापसी के लिए प्रतिबद्ध हूं

भाषा। नई दिल्ली



**भारत** के सीनियर बल्लेबाज केएल राहुल का दाहिनी जांघ का ऑपरेशन सफल रहा है और उन्होंने कहा कि वह जल्द से जल्द राष्ट्रीय टीम में वापसी करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

यह 31 वर्षीय बल्लेबाज इंडियन प्रीमियर लीग में लखनऊसुपरजाइंट्स के रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के खिलाफ खेले गए मैच के दौरान चोटिल हो गया था। इस चोट के कारण वह आईपीएल के बाकी बचे मैचों और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ इंग्लैंड में जून में होने वाले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के फाइनल से बाहर हो गए थे।

राहुल ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर ऑपरेशन की जानकारी देते हुए लिखा, मेरा अभी-अभी ऑपरेशन हुआ है जो सफल रहा। चिकित्सकों और मेडिकल स्टाफ का बहुत-बहुत आभार जिन्होंने यह सुनिश्चित किया कि मैं सहज रहा रहूं और सब कुछ सुचारू रूप से संपन्न हो। लंदन के ओवल में सात से 12 जून तक होने वाले डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए राहुल की जगह ईशान किशन को भारतीय टीम में चुना गया है। राहुल ने हालांकि कहा कि वह जल्द से जल्द भारतीय टीम में वापसी करना चाहते हैं।

उन्होंने कहा, अब मैं आधिकारिक रूप से चोट से उबरने की प्रक्रिया से गुजर रहा हूं। मैं पूरी तरह फिट होने और मैदान पर वापसी करने के लिए प्रतिबद्ध हूं।

भारत की तरफ से खेल के तीनों प्रारूपों में खेलने वाले राहुल ने साल के आखिर में होने वाले एशिया कप और वनडे विश्वकप में वापसी करने को अपना लक्ष्य बनाया है।

# भारत ने महिला जूनियर एशिया कप के लिए टीम घोषित की

भाषा। नई दिल्ली

**भारत** ने दो जून से जापान के काकामिगाहारा में शुरू होने वाले प्रतिष्ठित महिला जूनियर एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट के लिए बुधवार को 18 सदस्यीय टीम की घोषणा की।

भारत को कोरिया, मलेशिया, चीनी ताइपे और उज्बेकिस्तान के साथ पूल ए में रखा गया है, जबकि पूल बी में मेजबान जापान, चीन, कजाकिस्तान, हांगकांग और इंडोनेशिया शामिल हैं।

जूनियर एशिया का भारत के लिए महत्वपूर्ण टूर्नामेंट है क्योंकि इसमें शीर्ष पर रहने वाली तीन टीम इस साल होने वाले एफआईएच जूनियर महिला हॉकी विश्व कप के लिए क्वालीफाई करेंगी। प्रीति भारतीय टीम की कमान संभालेंगी जबकि दीपिका को उपकप्तान बनाया गया है।

हॉकी इंडिया की यहां जारी विज्ञप्ति में भारत की मुख्य कोच यानिक शोपमैन ने कहा, जूनियर एशिया कप के लिए 18 खिलाड़ियों का चयन करना आसान नहीं था, लेकिन मेरा मानना है कि हमने सर्वश्रेष्ठ टीम का चयन किया। भारत में प्रतिभा की कमी नहीं है और यह इन युवा खिलाड़ियों के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपना कौशल दिखाने का शानदार मौका है।

भारत तीन जून को उज्बेकिस्तान के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगा और इसके बाद मलेशिया, कोरिया और चीनी ताइपे के खिलाफ मैच खेलेगा। सेमीफाइनल 10 जून को और फाइनल 11 जून को होगा।

# दीपक, हुसामुद्दीन और निशांत ने विश्व चैंपियनशिप में सुनिश्चित किए पदक


भाषा। ताशकंद

**भारतीय** मुक्केबाजों दीपक भोरिया (51 किग्रा), मोहम्मद हुसामुद्दीन (57 किग्रा) और निशांत देव (71 किग्रा) ने बुधवार को यहां पुरुष विश्व चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में पहुंचकर इतिहास रचते हुए तीन पदक पक्के किए। पदकों के लिहाज से यह भारत का टूर्नामेंट में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। क्वार्टर फाइनल में जीत का मतलब है कि ए तीनों मुक्केबाज कम से कम कांस्य पदक के साथ लौटेंगे। इससे पहले भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2019 में था जब अमित पंघाल के रजत और मनीष कौशिक के कांस्य पदक से भारत ने दो पदक जीते थे।

बुधवार को सबसे पहले रिंग में उतरे दीपक ने किर्गिस्तान के नूरझींगित दुशेबाएव को 5-0 के सर्वसम्मत फैसले से हराकर फ्लाईवेट वर्ग में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा। यह वजन वर्ग पेरिस ओलंपिक का भी हिस्सा है। दीपक ने मुकाबले में इस तरह से दबदबा बना कर रखा था कि रेफरी को दुशेबाएव के लिए दो बार गिनती करनी पड़ी थी। भारतीय मुक्केबाज ने शुरू से ही आक्रामक रवैया अपनाकर सटीक मुक्के जड़े। दुशेबाएव ने 0-5 से पिछड़ने के बाद दूसरे राउंड में आक्रामक रवैया अपनाया लेकिन दीपक ने शानदार रक्षण और जवाबी हमले से उन्हें पस्त कर दिया। दीपक ने पहले दो राउंड अपने नाम करने के बाद तीसरे और अंतिम राउंड में रक्षात्मक रवैया अपनाया और अपने प्रतिद्वंदी को किसी तरह का मौका नहीं दिया। दीपक ने कहा, हमारी योजना थी कि बाईं ओर से खेलना है और विरोधी से दूरी बनाकर रखनी है। मेरा मनोबल बढ़ा हुआ है क्योंकि मैं सेमीफाइनल में पहुंच गया हूं। दीपक अब सेमीफाइनल में शुक्रवार को फ्रांस के बी बेनामा से भिड़ेंगे। दो बार के राष्ट्रमंडल खेलों के कांस्य पदक विजेता हुसामुद्दीन को इसके बाद बुल्गारिया के जे डियाज इबानेज के खिलाफ काफी पसीना बहाना पड़ा।

# बांगड़ को उम्मीद, डब्ल्यूटीसी फाइनल से पहले फॉर्म में लौट आएंगे रोहित

भाषा। मुंबई



**रॉयल** चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) के बल्लेबाजी कोच संजय बांगड़ को उम्मीद है कि भारत और मुंबई इंडियंस के कप्तान रोहित शर्मा अगले महीने होने वाले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल से पहले फॉर्म में वापसी करने में सफल रहेंगे।

रोहित आरसीबी के खिलाफ केवल सात रन बना पाए। यह आईपीएल में लगातार पांचवा अवसर था जबकि वह दहाई के अंक तक नहीं पहुंचे। उन्होंने आईपीएल के वर्तमान सत्र में अभी तक 11 मैचों में 17.36 की औसत से केवल 191 रन बनाए हैं। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच डब्ल्यूटीसी फाइनल लंदन के ओवल में सात जून से खेला जाएगा।

बांगड़ ने आरसीबी की मुंबई के हाथों हार के बाद संवाददाता सम्मेलन में रोहित की खराब फॉर्म के बारे में पूछे जाने पर कहा, वह (रोहित) लंबे समय से खेल रहा है तथा भारत की सभी प्रारूपों के अलावा फ्रेंचाइजी की तरफ से भी कप्तानी कर रहा है। इसका भावनात्मक प्रभाव पड़ता है। यह मानसिक रूप से थकाने वाला भी होता है।

उन्होंने कहा, लेकिन वह इस बात को जानता है क्योंकि वह लंबे समय से ऐसी भूमिका निभा रहा है। मुंबई इंडियंस और भारतीय क्रिकेट की खातिर हम सभी उम्मीद करते हैं कि वह जल्द से जल्द हमेशा की तरह रन बनाने लगें। बांगड़ ने कहा, यह भारत के लिए बेहद महत्वपूर्ण है कि वह पहले की तरह रन बनाएं और विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में वास्तव में अच्छा प्रदर्शन करें।

बांगड़ ने कहा कि वह रोहित की फॉर्म के बारे में ज्यादा नहीं बता सकते क्योंकि आईपीएल में उन्होंने उन्हें केवल एक मैच में खेलते हुए देखा है। उन्होंने कहा, आईपीएल जैसे कड़ी प्रतिस्पर्धा वाले टूर्नामेंट में एक कप्तान को टीम के लिए रणनीति बनाने के लिए जो ऊर्जा खर्च करनी पड़ती है, हो सकता है कि उसका असर भी रोहित की बल्लेबाजी फॉर्म पर पड़ा हो।

# दक्षिण अफ्रीका ने विश्वकप में जगह बनाई

एपी। चेम्सफोर्ड

## बांग्लादेश-आयरलैंड मैच बारिश से धुला

**बांग्लादेश** और आयरलैंड के बीच तीन एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैचों की श्रृंखला का पहला मैच बारिश की भेंट चढ़ जाने से दक्षिण अफ्रीका ने इस साल के आखिर में भारत में होने वाले वनडे विश्वकप में अपनी जगह सुरक्षित कर दी।

आयरलैंड को आईसीसी वनडे सुपर लीग के जरिए विश्व कप में स्वत: प्रवेश करने के लिए श्रृंखला के तीनों मैच में जीत दर्ज करने की जरूरत थी। ऐसे में दक्षिण अफ्रीका स्वत: क्वालीफाई नहीं कर पाता लेकिन इसके बजाय आयरलैंड को अब जून और जुलाई में होने वाले अंतिम क्वालीफाइंग दौर से गुजरना पड़ेगा। मंगलवार को खेले गए मैच में बांग्लादेश ने पहले बल्लेबाजी करते हुए नौ विकेट पर 246 रन बनाए। इसके जवाब में आयरलैंड ने जब 16.3 ओवर में तीन विकेट पर 65 रन बनाए थे तभी बारिश आ गई और इसके बाद आगे का खेल नहीं हो पाया। बांग्लादेश की तरफ से अनुभवी बल्लेबाज मुश्फिकर रहीम ने सर्वाधिक 61 रन बनाए जो उनका वनडे में 44 वां अर्धशतक है।

नजमुल हुसैन शंटो ने 44 और तौहीद ह्रदय ने 31 गेंदों में 27 रन बनाए। बांग्लादेश ने नियमित अंतराल में विकेट गवाएं। आयरलैंड की तरफ से जोश लिटिल सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने 61 रन देकर तीन विकेट लिए। इसके जवाब में आयरलैंड की शुरुआत खराब रही और उसने पांचवें ओवर की समाप्ति तक 10 गेंदों के भीतर पॉल स्टर्लिंग (15) और कप्तान एंडी बालबर्नी (5) के विकेट गंवा दिए। हैरी टेक्टर 21 रन बनाकर नाबाद रहे। मैच के परिणाम के लिए आयरलैंड का कम से कम 20 ओवर खेलना जरूरी था। बांग्लादेश इस साल अक्टूबर-नवंबर में भारत में होने वाले विश्वकप में पहले ही अपनी जगह सुरक्षित कर चुका है।